हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**हरमनप्रीत और पीआर श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित**

Page 10



देश


**फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे अनशन पर बैठने**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 19 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 279 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 68,500 | ₹91,000 |

## आज का इतिहास

- 1965 : अंतरिक्ष में जाने वाले भारतीय मूल की दूसरी महिला सुनीता विलियम्स का जन्म हुआ
- 2011 : 2011 के सिक्किम भूकंप के पीड़ितों के लिए बचाव प्रयास जारी है। इस भूकंप ने भारत, नेपाल और तिब्बत में अब तक कम से कम 67 निर्दोष लोगों की जान लेने का दावा किया है।

## न्यूज बाइट्स

### सिंधु जल समझौते पर भारत का पाक को नोटिस

**नई दिल्ली (ए.)।** नई दिल्ली। दशकों पुराने सिंधु जल संधि को लेकर भारत ने पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। भारत ने इस समझौते में बदलाव की मांग उठाई है। भारत ने पाकिस्तान से दो टूक कहा है कि सिंधु जल समझौते की समीक्षा किया जाना जरूरी है। समाचार एजेंसी को सरकारी सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि बीते महीने 30 तारीख को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया है। समझौते की जो वजह बताई गई हैं, उनमें- जनसंख्या में बदलाव, पर्यावरण संबंधी मुद्दे और भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता शामिल है। भारत ने कहा कि समझौते के बाद से परिस्थितियां काफी बदल चुकी हैं।

### जम्मू-कश्मीर में 5 बजे तक 58.19% मतदान

**श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) (ए.)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले फेज के लिए बुधवार शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हुई। आज 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान किया गया। शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत 58.19% रहा। फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। शाम 5 बजे तक आए आंकड़ों के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23% और पुलवामा में सबसे कम 43.87% वोटिंग हुई। आज 23.27 लाख वोटर्स को मतदान करना था। बिजबिहाड़ा विधानसभा सीट से पीडीपी की प्रत्याशी इल्तिजा मुफ्ती ने वोट डाला, वे पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी हैं। किश्तवाड़ से बीजेपी की कैंडिडेट शगुन परिहार ने भी वोट डाला। शगुन ने आरोप लगाया था कि किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ले में बिना पहचान पत्र के वोट डलवाए गए। इसके बाद माहौल गर्म हो गया, जिसके चलते कुछ देर वोटिंग रुकी रही। पहले फेज की वोटिंग को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने भी वोट डाले। उनके लिए कुल 24 स्पेशल बूथ बनाए गए थे। दिल्ली 4, जम्मू 19 और उधमपुर में 1 बूथ था।

### पीएम-आशा की योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार ने 35 हजार करोड़ रुपये के आवंटन से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) को जारी रखने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य देने तथा उपभोक्ताओं के लिये आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिये प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी गयी है।

**एक साथ हो सकते हैं विधानसभा-लोकसभा चुनाव, वन नेशन, वन इलेक्शन कमिटी के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 18626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी, नवंबर-दिसंबर में आएगा बिल**

# एक राष्ट्र, एक चुनाव को मंजूरी

- मोदी कैबिनेट ने 'एक देश एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'एक देश एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट सौंपी।
- सर्वसम्मति से मंजूरी मिलने के बाद, इसे संविधान संशोधन की आवश्यकता है।




एजेंसी | नयी दिल्ली

एक देश, एक चुनाव' पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को केन्द्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। कहा जा रहा है कि केन्द्र सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में इसे सदन में पेश कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा। अब विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे के हिस्सा के रूप में कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश की, जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इस मसले पर चुनाव आयोग ने पहले कहा है कि वह एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनावों को करा सकता है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्रिमंडल ने आज एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है और एक राष्ट्र, एक चुनाव के संबंध में उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार इस व्यवस्था को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रही है। पहले चरण में लोकसभाओं और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है जबकि दूसरे चरण में इनके साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव भी कराये जायेंगे। न्होंने कहा कि एक राष्ट्र,एक चुनाव के प्रस्ताव को देशभर में व्यापक समर्थन मिला है। इससे पहले संसद की कुछ समितियों तथा सामाजिक संगठनों ने भी इस प्रस्ताव की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि कोविंद समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि बार बार चुनाव के कारण आदर्श आचार चुनाव संहिता लागू होने से सरकारों के योजना संबंधी फैसले प्रभावित होते हैं और विकास के कार्यों की गति बाधित होती है। उल्लेखनीय है कि कोविंद समिति को दिये गये ज्ञापन में भारतीय जनता पार्टी और उसके तमाम सहयोगी दलों ने इस अवधारणा का स्पष्ट समर्थन किया था जबकि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी तथा तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों ने इस पर अपनी अलग अलग आपत्तियां दर्ज करायी थी। जानकारों का कहना है कि सरकार को एक राष्ट्र एक चुनाव की व्यवस्था लागू करने के लिए संविधान में संशोधन का विधेयक लाना होगा।

### 100 दिनों के अंदर हो सकते हैं निकाय चुनाव

वन नेशन, वन इलेक्शन लागू होने पर हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा। कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### लोकसभा-विधानसभा चुनावों का खर्च 'एकसमान'

विधि आयोग आयोग के मुताबिक 2014 लोकसभा चुनावों में कुल 35 अरब 86 करोड़ 27 लाख रुपए खर्च हुए थे। अकेले हरियाणा में इस पर 29 करोड़ खर्च हुए। राज्य में जब छह महीने बाद विधानसभा चुनाव हुए तो इन पर 33 करोड़ 72 लाख खर्च आया। इसी तरह झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान कुल 89 करोड़ 47 लाख रुपए का खर्च आया। चंद महीने बाद राज्य में हुए विधानसभा चुनावों में 86 करोड़ खर्च हुए। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव से चंद महीने पहले हुए विधानसभा चुनावों में एक अरब 31 करोड़ का खर्च आया था। तीन महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश मे कुल एक अरब 99 करोड़ का खर्च हुए।

### वन नेशन वन इलेक्शन क्या है और कैसे लागू होगा?

सरल शब्दों में कहें, तो इसका मतलब है कि एक ही समय या एक ही वर्ष में केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सभी भारतीय लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करेंगे। यही नहीं वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होते ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी साथ होंगे। वर्तमान में, केंद्र सरकार का चयन करने के साथ-साथ एक नई राज्य सरकार के लिए भी लोगा मतदान करते हैं। एक देश एक चुनाव लागू होते ही संसाधनों की भी बचत होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने में अभी बाधाएं भी कई हैं। कैबिनेट से पास होने के बाद सरकार इसपर बिल लाएगी। संविधान में संशोधन और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के साथ-साथ संभवतः प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा उस संशोधन का अनुमोदन किए बिना नहीं इसे लागू नहीं किया जा सकेगा। सदनों के विघटन, राष्ट्रपति शासन या यहां तक कि एक लटके विधानसभा या संसद के कारण होने वाले ब्रेक से कैसे निपटा जाए, इस पर अभी भी कोई वास्तविक स्पष्टता नहीं है।

### कोविंद पैनल के 5 सुझाव...


- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### भारतीय इमर्सिव क्रियेटर्स संस्थान की स्थापना को मंजूरी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एंड एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भारतीय इमर्सिव क्रियेटर्स संस्थान (आईआईआईसी) की स्थापना को आज मंजूरी प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन धारा 8 कंपनी के रूप में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एंड एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की।विस्तृत समाचार

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के जैविक विनिर्माण एवं जैविक फाउंड्री कार्यक्रम के लिए 9 हजार 197 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की दो प्रमुख योजनाओं का एक नई योजना 'जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान नवाचार और उद्यमिता विकास (बायो-आरआईडीई) के साथ विलय कर दिया गया है।

# चंद्रयान-4 मिशन को केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-4 मिशन को भी मंजूरी दी गई है। इस मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की योजना है। चंद्रयान-4 अभियान के तहत चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को भी पृथ्वी पर लाया जाएगा, ताकि उसका अध्ययन किया जा सके। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने शुक्र ग्रह की कक्षा संबंधी अभियान, गगनयान और चंद्रयान-4 अभियान के विस्तार को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने भारी वजन ले जाने में सक्षम अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को भी मंजूरी दी है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30 टन का पेलोड स्थापित करेगा।

एक बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन प्रस्तावित वर्ष 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और उन्हें सुरक्षित धरती पर वापस लाने के लिए मूलभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा। इसमें कहा गया है कि इस मिशन के तहत डॉकिंग/अनडॉकिंग, लैंडिंग, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी और चंद्रमा पर से नमूना संग्रह और उसके विश्लेषण को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रमुख प्रौद्योगिकियों का विकास किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन पर कुल 2,104.06 करोड़ रुपये फंड की जरूरत होगी। बयान में कहा गया है कि चंद्रयान-4 मिशन में इसरो अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार होगा। उम्मीद जताई गई है कि उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी से यह मिशन 36 महीने के भीतर पूरा होगा। इस मिशन के तहत सभी अहम तकनीकों और प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित किए जाने की बात कही गई है।

### उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी स्वीकृति

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,475.53 करोड़ रुपये के आवंटन रबी फसल सत्र 2024- 2025 तक के लिये फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी है।

# एनपीएस वात्सल्य योजना का हुआ शुभारंभ

- बिहार के चार प्रमुख जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर भी ऑनलाइन जुडा
- राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार द्वारा पटना में एनपीएस वात्सल्य के 14 प्राण संख्या का वितरण बच्चों के बीच किया गया

निज संवाददाता | पटना

एनपीएस वात्सल्य योजना का विधिवत शुभारंभ निर्मला सीतारामन, केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित समारोह में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य मंत्री, वित्त पंकज चौधरी,वित्त विभाग केंद्र सरकार के सचीव, पीएफ़ आरडीए के अध्यक्ष एवं अन्य अतिथिगण मौजूद थे। बिहार राज्य भी एनपीएस वात्सल्य योजना के शुभारंम कार्यक्रम से ऑनलाइन जुडा। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के द्वारा भी वृहत कार्यक्रम बिहार के चार प्रमुख जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर में किया गया। पटना में यह कार्यक्रम एसएलबीसी के तत्वावधान में संयोजक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक( दक्षिण बिहार ) की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें बिहार के 40 से अधिक बच्चे अपने अभिवावक व शिक्षक के साथ कार्यक्रम में वेबेक्स के माध्यम से विज्ञान भवन दिल्ली से जुड़े, जहाँ पर एनपीएस वात्सल्य योजना का विधिवत शुभारंभ श्रीमती निर्मला सीतारामन, माननीय केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमे भारतीय स्टेट बैंक के पटना मंडल के मुख्य महा प्रबंधक के.वि. बंगारराजु उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिल्ली से हुआ एवं राज्य स्तर पर भी सभी प्रतिभागी वेबेक्स के माध्यम से जुड़कर इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बने। शुभारंभ के पूर्व पटना में रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक सह संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं पीएफआरडीए के तत्वाधान में हो रहे इस कार्यक्रम की रूप रेखा से सबको अवगत कराया। उन्होंने नए स्कीम एन.पी.एस. वात्सल्य के बारे में वृहत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले बच्चे अपने अभिवावक के साथ यह खाता बैंको में खोल सकेंगे तथा इससे जुड़ी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना के फलस्वरूप बच्चों में शुरुआत से ही बचत की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा, पेंशन आधारित समाज का निर्माण हो सकेगा और बच्चों के रिटायरमेंट के समय (60 वर्ष ) तक काफी अच्छे फंड का व्यवस्था भी हो सकेगी । रबीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने इसके अलावा एनपीएस वात्सल्य के योग्यता, लाभ तथा विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों से सभा को अवगत कराया तथा सभी को ज्यादा से ज्यादा इस योजना से खुद जुड़ने तथा अपने परिचित को जोड़ने के लिए प्रेरित किया ।

आयोजन के अंत में राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार द्वारा एनपीएस वात्सल्य के 14 प्राण संख्या का वितरण बच्चों के बीच किया गया । इस कार्यक्रम में एस एल बी सी, बिहार के सहायक महाप्रबंधक कुमार रणजीत व अन्य अधिकारियों के साथ बिहार राज्य के विभिन्न बैंक के प्रतिनिधि, नाबार्ड के प्रतिनिधि, प्रयास से आए कलाकार तथा मीडियाकर्मी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। मौके पर बच्चों तथा अन्य सम्मानीय अतिथियों ने नाबार्ड तथा प्रयास टीम के द्वारा वित्तीय साक्षरता के विषय पर मंचित नुक्कड़ नाटक का भी आनंद लिया।

# लैंड फॉर जॉब मामले में लालू-तेजस्वी को समन



**पटना (नि.सं.)।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को कोर्ट ने समन भेजा है। कोर्ट ने कहा कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी तलब किया गया है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी कर दिया है। कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह के साथ-साथ उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी तलब किया गया है। उन्हें कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है। जानकारी है कि तेजप्रताप यादव का नाम पहली बार केस में इस तरह से आया है। कोर्ट ने 7 अक्टूबर को एपियर होने को कहा है।

**निफ्ट और राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के बीच समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर**

# केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने निफ्ट विस्तार केंद्र का किया उद्घाटन

निज संवाददाता | बेगूसराय

केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने बहुप्रतीक्षित निफ्ट, बेगूसराय विस्तार केंद्र का मंगलवार (17 सितंबर, 2024) को उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही तीन दिवसीय कार्यशाला का भी शुभारंभ हुआ जो प्रतिभागियों को बुनियादी सिलाई और परिधान-निर्माण कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ पैटर्न-मेकिंग सेक्शन, गारमेंट कंस्ट्रक्शन लैब एवं कक्षाओं सहित प्रमुख सुविधाओं का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उन्हें केंद्र पर उपलब्ध सीखने के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम के दौरान, भारत सरकार के केंदीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह की उपस्थिति में निफ्ट और एनएसडीसी (राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अपने संबोधन में श्री गिरिराज सिंह ने निफ्ट, बेगूसराय केंद्र की स्थापना का उल्लेख किया कहा कि यह हाशिए पर पड़े समाज के समावेशी विकास में सहायक होगा। उन्होंने निफ्ट की भूमिका पर जोर दिया, जो एक मजबूत शिल्प-आधारित कुशल कार्यबल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और फैशन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने वस्त्र क्षेत्र के विकास के लिए अपनी योजनाओं को साझा किया कि कैसे यह भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



उद्घाटन समारोह में निफ्ट, पटना के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा ने अनेक विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया। निफ्ट के पंजीयक कर्नल विक्रांत लखनपाल ने अपने स्वागत भाषण में नए विस्तार केंद्र के महत्त्व को उजागर किया, जो स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने और बिहार में वस्त्र उद्योग को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों की रोजगार क्षमता में सुधार करने और क्षेत्र में कुशल जनशक्ति के विकास में योगदान देने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई, जिनमें सुरेंद्र मेहता, खेल मंत्री, बिहार सरकार, कुंदन कुमार, विधायक, बेगूसराय, राज कुमार सिंह, विधायक, मठिहानी, सर्वेश कुमार सिंह, एमएलसी, सुरेंद्र पासवान, अध्यक्ष, जिला परिषद पिंकी देवी, महापौर, नगर निगम, बेगूसराय, सत्येन्द्र कुमार सिंह, आईएएस व नगर आयुक्त, बेगूसराय नगर निगम, तुषार सिंगला, जिलाधिकारी, बेगूसराय, मनीष, एसपी, बेगूसराय. सोमेश बहादुर माथुर, डीडीसी, बेगूसराय शामिल थे। इन सभी के सामूहिक समर्थन ने स्थानीय कौशल को बढ़ावा देने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के केंद्र के महत्व को रेखांकित किया।

# आतिशी 21 सितंबर को ले सकती हैं मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी | नई दिल्ली।



केजरीवाल ने 17 सितंबर को एलज को इस्तीफा दिया था और आतिशी ने सरकार बनाने का समय मांगा था। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंजूरी के लिए भेज दिया। साथ ही उन्होंने नई मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख का प्रस्ताव भी राष्ट्रपति को भेजा है। इधर, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने सुरक्षा को लेकर उनसे कहा कि सरकारी आवास ना छोड़ें, लेकिन वे नहीं माने। एक दिन पहले 17 सितंबर को एप विधायक दल की मीटिंग में आतिशी को मुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद केजरीवाल ने शाम को एलजी विनय सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

# पीआईबी-सीबीसी पटना के कर्मियों ने ली स्वच्छता शपथ एवं राजभाषा प्रतिज्ञा

निज संवाददाता | पटना



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो, पीआईबी, एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सीबीसी, पटना के द्वारा मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा (17 सितंबर से 02 अक्टूबर) तक चलने वाले अभियान के मद्देनजर स्वच्छता शपथ और हिन्दी पखवाड़ा के तहत को राजभाषा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित की गई। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रमुख-सह-उपनिदेशक संजय कुमार ने पीआईबी-सीबीसी के अधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छता और राजभाषा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ लिया कि स्वच्छता की शुरुआत खुद से करेंगे और अपने गली–मोहल्ले, कार्यालय को स्वच्छ रखेंगे। इस अवसर पर संजय कुमार ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, जिसमें पेंटिंग और लेखन प्रतियोगिता के साथ-साथ पौधारोपण किया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय इकाई भी अपने स्तर पर कार्यक्रम चलायेंगे। वहीं, सभी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाय रखने– प्रेरित और प्रोतसाहित करने का संकल्प लिया।

# सक्षमता पास करने वाले शिक्षकों की इसी महीने होगी पोस्टिंग

निज संवददाता | पटना

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को बताया कि राज्य में लगभग पौने 6 लाख नियोजित शिक्षक हैं। इनमें 1.80 लाख शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास किए हैं। बाकी शिक्षकों को 5 बार परीक्षा पास करने का मौका दिया जाएगा। ऐसे नियोजित शिक्षक जो सक्षमता परीक्षा पास कर गए हैं उनकी इसी महीने पोस्टिंग कर दी जाएगी। इसके साथ ही उनके लिए अलग से ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की गई है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को बताया कि राज्य में लगभग पौने 6 लाख नियोजित शिक्षक हैं। इनमें 1.80 लाख शिक्षक सक्षमता परीक्षा पास किए हैं। बाकी शिक्षकों को 5 बार परीक्षा पास करने का मौका दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की तरफ से सभी के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है, जो सक्षमता परीक्षा पास किए हैं उन्हें भी ट्रेनिंग दिया जा रहा हैं। इस महीने के अंत तक उनकी पोस्टिंग हो जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षिकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की नई पालिसी भी इसी महीने लागू होगी। टीयर-3 की रिजल्ट की देरी पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा आयोग और बोर्ड को परीक्षा के परिणाम जारी करने के लिए कहा गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षिकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की नई पालिसी भी इसी महीने लागू होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### जैन धर्मावलम्बियों का ग्यारह दिवसीय पर्यूषण महापर्व सम्पन्न



**नवादा (नि.सं.)।** जैन धर्मावलम्बियों के आत्मशुद्धि का ग्यारह दिवसीय महापर्व 'पर्यूषण' बुधवार को विगत में हुये भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमायाचना के साथ सोल्लास सम्पन्न हो गया। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि गोणावां दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर गत आठ सितम्बर से शुरू इस महापर्व के अंतिम दिन जैन धर्मावलम्बियों ने मंदिर में क्षमावाणी धर्म की विशेष पूजा-अर्चना कर सर्वप्रथम भगवान से क्षमायाचना की। तत्पश्चात विगत में हुये सभी प्रत्यक्ष-परोक्ष भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमायाचना की। इसके पूर्व जैन धर्मावलम्बियों ने दसलक्षण धर्म के दस स्वरूपों में शामिल क्रमवार उत्तम क्षमा धर्म, उत्तम मार्दव धर्म, उत्तम आर्जव धर्म, उत्तम शौच धर्म, उत्तम सत्य धर्म, उत्तम संयम धर्म, उत्तम तप धर्म, उत्तम त्याग धर्म, उत्तम आकिंचन्य धर्म एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष पूजा अर्चना की।मंगलवार को जैनियों ने अनंत चतुर्दशी पर्व के आलोक में जैन धर्म के चौदहवें तीर्थंकर अनंतनाथ की भी विशेष पूजा-अर्चना कर उपवास रखा, जबकि बारहवें तीर्थंकर वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक के आलोक में आज उनकी विशेष आराधना कर श्रद्धालुओं ने उनके चरणों में निर्वाण लड्डू समर्पित किया। जैन समाज के वरीय प्रतिनिधि दीपक जैन ने पर्यूषण महापर्व के महत्व एवं महिमा पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यूषण महापर्व आत्मशोधन का महापर्व है। इस दस दिवसीय महापर्व के दौरान जैन धर्मावलम्बी दसलक्षण धर्म के सभी दस स्वरूपों की विशेष आराधना कर अपनी आत्मशुद्धि करते हुये प्राणीमात्र के कल्याण की कामना करते हैं। ग्यारह दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के उप प्रबंधक अभिषेक जैन, स्थानीय जैन समाज की श्रुति जैन, श्रेया जैन, अशोक कुमार जैन, शीला जैन, सुलोचना जैन, अरूणेश जैन व खुशबू जैन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। नगर जैन मंदिर में भी ग्यारह दिवसीय पर्वराज पर्यूषण सोल्लास सम्पन्न हो गया। नवादा : क्षमावाणी महापर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुये समाजसेवी दीपक जैन ने बताया कि क्षमा सर्वोत्तम धर्म है। बशर्ते क्षमा अंतरात्मा से मांगी जाये एवं की जाये। हृदय में कलुषता रख सिर्फ पर्व के नाम पर एक दूसरे से क्षमा मांगने अथवा क्षमा करने की महज रस्म अदायगी कर पुनः उन गलतियों को दुहराने की प्रेरणा क्षमावाणी महापर्व नहीं देता। जिन प्रत्यक्ष-परोक्ष गलतियों अथवा भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमायाचना की जाये, उन गलतियों को पुनः नहीं दुहराना ही क्षमावाणी महापर्व की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि क्षमा कायरता का नहीं, बल्कि वीरता का परिचायक है। दीपक जैन ने अंतःकरण से क्षमा रूपी आभूषण को अपने व्यवहारिक जीवन में अंगीकार कर विश्व बंधुत्व की परिकल्पना को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का सर्वजनों का आह्वान किया।

# डकैती की योजना बना रहे 4 अंतर्जिला अपराधियों को धर दबोचा, शस्त्र व कारतूस बरामद

» पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर छापेमारी की और मौके से 4 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

निज संवाददाता | नवादा




जिले के उग्रवाद प्रभावित रुपौ पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 4 अंतर्जिला अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी अपराधी एक अर्द्धनिर्मित मकान में बैठकर डकैती की योजना बना रहे थे। रूपौ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मौके से 4 अंतर्जिला अपराधियों को दो देशी कट्टा व जिंदा कारतूसके साथ दबोचा। पकरीबरावां के डीएसपी महेश चौधरी ने बताया कि रूपौ थाना क्षेत्र के फुलडीह मोड़ के पास रात गश्त के दौरान सड़क किनारे बने एक अर्द्धनिर्मित भवन में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। इसके बाद पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर छापेमारी की और मौके से 4 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि इससे पूर्व में भी उनके द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। सभी शातिर से गहन पूछताछ जारी है। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी शातिर अपराधी शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के अंदौली गांव के अशोक सिंह का पुत्र दिलखुश कुमार, नवीन सिंह उर्फ गुहन सिंह का पुत्र छोटू कुमार और पटना जिले के मोकामा थाना क्षेत्र के औटा गांव के कृष्णा महतो का पुत्र तुलसी कुमार और रणजीत सिंह का पुत्र सूरज सिंह शामिल है। रूपौ पुलिस ने आपराधिक घटना को अंजाम देने से पूर्व अंतर्जिला 4 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# ऑफ लाइन काम बंद होने से बढ़ी परेशानी

**नि.सं.** | रोहतास (सासाराम)

सुधार या म्युटेशन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था से आवेदन डालना आसान हो गया। लेकिन, ऑफलाइन बंद होने से भूस्वामियों की परेशानी खत्म नहीं हुई। रिकार्ड में भारी गड़बड़ी के चलते रैयतों व किसानों को भू-राजस्व जमा करने में बहुत परेशानी आ रही है। हद तो यह कि कई रैयतों का सब कुछ ठीक होने के बावजूद पोर्टल पर उनका राजस्व नहीं कट रहा। संझौली निवासी उमाशंकर पटेल ने बताया कि दाखिला खारिज के लिए ऑनलाइन आवेदन किए तीन से चार महीने हो गया। अंचल के कर्मचारियों द्वारा दोनों पार्टी को नोटिस के माध्यम से अंचल कार्यलय बुलाया गया।


## पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : GEM/2024/B/5354790 दिनांक : 13.09.2024. वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा (e-tender) Two Packet System में आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल के ओबरा, पतरातू, पाथरडीह और बरवाडीह कैरिज और वैगन डिपो में किलोमीटर के आधार पर सामग्री के परिवहन के लिए ओपन बॉडी एलसीवी 17 एफटी (यानी वहन क्षमता 5.5 एमटी) के रूप में 04 नंबर ट्रकों को 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए किराए पर लेना। 2. जीईएम मद श्रेणी : माल परिवहन सेवा – प्रति किमी आधारित सेवा – रेलवे सामग्री और उपकरण; ओपन बॉडी एलसीवी ट्रक; 17 एफटी एलसीवी। 3. कार्य– स्थान : ट्रक का बेस डिपो चौपन क्षेत्र में ओबरा डिपो, बरकाकाना क्षेत्र में पतरातू डिपो एवं बरवाडीह डिपो और धनबाद क्षेत्र में पाथरडीह डिपो। 4. संविदा कि अवधि : 3 वर्ष/36 महीने। 5. अनुमानित बोली मूल्य : ₹1,94,20,412.00/– (एक करोड़ चौरानवे लाख बीस हजार चार सौ बारह रूपये) मात्र। 6. बयाना राशि : ₹2,47,100.00 रूपये (दो लाख सैंतालीस हजार एक सौ रूपये) मात्र। 7. ई–निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : 14.09.2024 से 04.10.2024 तक 17:00 बजे तक। 8. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 04.10.2024 को 17:30 बजे। 9. वेबसाईट विवरण : https://www.gem.gov.in (ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता
(कैरिज और वैगन)/पूमरे/धनबाद
पीआर/01141/डीएचएन/यां./टी/24–25/44



## पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस एण्ड टी/सिंग/2024/16 दानापुर, दिनांक 16.09.2024. भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :–
1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल के विभिन्न खंडों के दोषणूर्ण सिग्नलिंग केबल (50 किमी) के प्रतिस्थापन सहित सीटीआर, टीटीआर (टीडब्ल्यूएस +डब्ल्यूसीएमएससी), टीएसआर (पी), टीबीआर/टीओ कार्यों से संबंधित सिग्नलिंग कार्य। 2. अनुमानित लागत : ₹1,50,05,540.72, 3. बयाना राशि : ₹2,25,000.00, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2024 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.10.2024 को 15.30 बजे। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/
पूमरे/दानापुर
पीआर/01144/डीएनआर/सि./टी/24–25/36



## पूर्व मध्य रेल
### खुली ई–निविदा सूचना
**खुली ई–निविदा सूचना सं० – सोनपुर 2024–25 (97–105)**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 08.10.2024 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता हैं।

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 97. समइ/दक्षिण/मुजफ्फरपुर के अधीन 60 किग्रा/52 किग्रा (90/72 यूटीएस)/90 आर (एसएच) रेल/रेल पैनल के फ्लैश बट वेल्डिंग जिसमें ट्रैक के रखरखाव के खिलाफ यूएसएफडी परीक्षण या वेल्डेड जोड़ शामिल है। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,72,94,630.68, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,36,500.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 98. समस्तीपुर – मुजफ्फरपुर – हाजीपुर (अप/डाउन) – सेस रिपेयर कार्य – 57.750 ट्रैक किमी। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 13,41,76,304.97, **बयाने की राशि (रू. में) :** 8,20,900.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 99. (क) समस्तीपुर (छोड़) – मुजफ्फरपुर – हाजीपुर (छोड़) अनुभाग :– थ्रू फिटिंग्स नवीकरण – 16.399 किमी। (ख) समस्तीपुर (छोड़) – मुजफ्फरपुर (अप) अनुभाग – टीआरआर पी – 0.90 ट्रैक किमी। (ग) बरौनी – बछवारा – समस्तीपुर (छोड़)–मुजफ्फरपुर अनुभाग – 60 किग्रा0 के साथ ग्लूड ज्वाइंट नवीकरण – 79 अदद (घ) हाजीपुर (छोड़) – मुजफ्फरपुर (अप व डाउन) अनुभाग – वमइ/3/सोनपुर के अधीन 300 मिमी बैलास्ट के बीसीएम के साथ डीप स्क्रीनिंग के साथ टीबीआर का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,04,04,402.44, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,02,000.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 100. बछवारा – समस्तीपुर (छोड़) अप अनुभाग :– वमइ/3/सोनपुर के अधीन 209 अदद गर्डर ब्रिज पर मौजूदा स्टील चैनल स्लीपरों के नए एच बीम चैनल स्लीपरों के साथ टीबीएसआर का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 55,89,532.11, **बयाने की राशि (रू. में) :** 1,11,800.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 102. बरौनी – कटिहार –सेस मरम्मती कार्य – 16.400 ट्रैक किमी0 एवं मुंगेर – सबदलपुर जं0 (एसएल) :– सेस मरम्मती कार्य – 1.000 ट्रैक किमी0। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 5,49,91,274.42, **बयाने की राशि (रू. में) :** 4,25,000.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 103. 1. कटिहार – मानसी (अप) – सीटीआर पी – 19.670 ट्रैक किमी0 एवं 2. खगड़िया – बरौनी (अप व डाउन) :– सीटीआर पी – 12.200 ट्रैक किमी0। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 3,84,60,768.45, **बयाने की राशि (रू. में) :** 3,42,300.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 104. बरौनी – कटिहार (अप) – वमइ/2/सोनपुर के अधीन टीबीएसआर (एच बीम) – 2103 अदद। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 5,55,45,503.71, **बयाने की राशि (रू. में) :** 4,27,700.00

**कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** 105. 1. साहिबपुर कमाल – बरौनी (अप) – टीआरआर पी –13.700 ट्रैक किमी0 2. नरायणपुर – साहिबपुर कमाल (अप) :– टीआरआर पी –6.500 ट्रैक किमी0 एवं 3. कटिहार – नरायणपुर (अप व डाउन)–टीआरआर पी–15.300 ट्रैक किमी0, **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,86,75,088.18, **बयाने की राशि (रू. में) :** 2,43,400.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार– किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नही होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**
**पीआर/01136/एसईई/इंजी०/टी/24–25/88**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा
E-mail ID- eebatanewrd@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25**
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि रू0 (ऑनलाईन अथवा फिजिकल/मेनुअल मोड में भुगतान) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में) (रू0 में) | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय इसरौर के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 40.50 | 81000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 02 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सिलार के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.97 | 98000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 03 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय चतरा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 39.71 | 79500/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 04 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय कुण्डा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एव अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 23.03 | 46100/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 05 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय पी0 बिगहा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.97 | 98000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 06 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य उच्च विद्यालय खडीहा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 36.00 | 72000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 07 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय धमौल के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 31.50 | 63000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 08 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय पवई के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.47 | 89000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 09 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय भैरोपुर के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 31.50 | 63000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 10 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य वि द्यालय धनाड़ी के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.67 | 93400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 11 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय भरकुर के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 36.00 | 72000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 12 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय एच0 करमा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.47 | 89000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 13 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय हसौली के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 26.74 | 53500/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 14 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत मध्य विद्यालय करमा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 36.00 | 72000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 15 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेढ़नी के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 40.46 | 81000/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 16 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय दोसमा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 41.91 | 83900/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 17 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बेलसारा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 18.53 | 37100/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 18 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जूड़ा बिगहा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 33.70 | 67400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 19 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बरारी बिगहा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 33.70 | 67400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 20 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, दुलारे के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.18 | 98400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 21 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय आर0 बिगहा के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.67 | 93400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |
| 22 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय पड़रिया के शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, विद्युतीकरण, वृहत मरम्मति एवं अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.67 | 93400/- | 5000/- | As per e-proc 2 | 21.02.2025 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :–दिनांक 09.09.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि :–दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 के समय 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक 03.10.2024 के समय 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.10.2024 के समय 3:30 बजे अपराहन में। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :–सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट :– www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा
PR- 008153 ( WRD ) 2024-25 मो0 नं0–7463889726

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

## जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर
पत्रांक–1467/दाउदनगर, E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25**
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
मद–**G.O.B. (State) Fund.**

1. कार्य का विवरण :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में) | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में राष्ट्रीय मध्य विघालय, दाउदनगर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.00 | 92000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 2 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में कादरी मध्य विघालय, दाउदनगर एवं मध्य विघालय, अंगराही का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 25.89 | 51800.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 3 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में कादरी इन्टर स्कूल, दाउदनगर शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 45.22 | 90500.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 4 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में बालिका मध्य विघालय दाउदनगर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 36.42 | 72900.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 5 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में प्राथमिक विघालय, मेवा बिगहा, मध्य विघालय, शमशेरनगर, मध्य विघालय, नौनेर एवं प्राथमिक विघालय, राजकुमार बिगहा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.47 | 99000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 6 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, कटरिया का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.97 | 98000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 7 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में उत्क्रमित उच्च मध्यमिक विघालय, महावर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 35.96 | 72000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 8 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में प्राथमिक विघालय, सिपहां कला का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.97 | 98000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 9 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, गॉवसकर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.23 | 88500.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 10 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, महम्मदपुर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 48.97 | 98000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 11 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, बेलाढ़ी, मध्य विघालय, जिनोरिया एवं उत्क्रमित मध्यमिक उच्च विघालय, तरार का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 31.80 | 63600.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 12 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में प्राथमिक विघालय, बुद्धु बिगहा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 41.92 | 83900.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 13 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, चौरम का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.00 | 92000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 14 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, धनावाँ, बिसम्हर बिगहा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.00 | 92000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 15 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, पटना का फाटक का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.05 | 98100.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 16 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, भवानीपुर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.65 | 99300.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 17 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, संसा एवं कन्या मध्य विघालय, रघुबिगहा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 47.24 | 94500.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 18 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में सरदार वल्लभ भाई पटेल हाई स्कूल का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.69 | 99400.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 19 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय, सोनी का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 44.47 | 89000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 20 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में उत्क्रमित हाई स्कूल मनार का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 40.72 | 81500.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 21 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखण्ड में मध्य विघालय भखरूँआ का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 30.47 | 61000.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 22 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में हाई स्कूल रतवार का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93600.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 23 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में राजकीय मध्य विघालय, अमिलौना का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.18 | 98400.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 24 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में उच्च माध्यमिक विद्यालय, कारा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.18 | 98400.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 25 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोराईपुर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.18 | 98400.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 26 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में उच्च माध्यमिक विघालय, मलवाँ का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.80 | 93600.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 27 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में राजकीय उत्क्रमित मध्य विघालय, खराँटी एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ललारो का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 49.85 | 99700.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 28 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में राजकीय मध्य विघालय, मनौरा शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 42.09 | 84200.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 29 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में राजकीय प्राथमिक विघालय, विष्णपुरा–2 का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 46.67 | 93400.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 30 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में राजकीय मध्य विघालय, अकोड़ का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 36.08 | 72200.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 31 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में राजकीय मध्य विघालय, परसा एवं मध्य विद्यालय, उसरम्भा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 38.38 | 76800.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 32 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में मध्य विद्यालय, तारा का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 40.32 | 80700.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 33 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में प्राथमिक विघालय, चपरी का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 35.74 | 71500.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 34 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में प्राथमिक विघालय, चपरा का सैनिक संरचना का निमार्ण, मरम्मति एवं विद्युतिकरण इत्यादि कार्य। | 35.74 | 71500.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |
| 35 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखण्ड में मध्य विघालय, मोखतारपुर का शौचालय मरम्मति, शौचालय निर्माण, किचेन शेड मरम्मति, किचेन शेड निर्माण, अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य। | 42.70 | 85400.00 | 5000.00 | As per E-proc 2 | पाँच माह |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 10.09.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि :– दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 07.10.2024 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 03.10.2024 के 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 07.10.2024 के 3:00 बजे अपराहन। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.10.2024 के 3:30 बजे अपराहन। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।

**विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।**
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर
PR- 008149 ( WRD ) 2024-25 मो0 नं0–9122868616

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## न्यूज बाइट्स

### शराब समेत अन्य मामलों में 6 लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के हीरोडीह,भूपतपुर,महसई,बैजदा एवं चितरकोली से पुलिस ने शराब समेत अन्य मामलों में कुल छः लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब पीकर हंगामा करने वाले हीरोडीह गांव निवासी लक्ष्मण यादव के पुत्र पवन कुमार व बिहारी यादव के पुत्र नायडू कुमार एवं भूपतपुर गांव निवासी अनिल प्रसाद के पुत्र सचिन कुमार को शराब पीकर हंगामा करने को लेकर गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावे अन्य थाना कांडों के नामजद अभियुक्त महसई मोहल्ला निवासी राजेन्द्र रविदास के पुत्र पप्पू रविदास एवं बैजदा गांव निवासी मरगुन साव के पुत्र कृष्णा साव को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस दौरान पीएसआई रौशन कुमार के अलावे सशस्त्र बल मौजूद रहे।

### सरकारी विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के प्राथमिक, मध्य व बुनियादी विद्यालयों में बुधवार से अर्द्ध वार्षिक परीक्षा शुरू हुई है। यह परीक्षा आगामी 26 सितम्बर तक होगी। आयोजित परीक्षा में तीसरा से आठवीं कक्षा तक छात्र व छात्राओं की परीक्षा हो रही है। आयोजित परीक्षा में दूसरे विद्यालय के शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति की गई है। उनके देखरेख में परीक्षा हो रही है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। विद्यालय के प्रधान शिक्षकों ने कहा आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचारमुक्त हो रही है। परीक्षा दो पाली में ली गई है। जिसमे सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय की परीक्षा हुई है।

### नाट्य कला परिषद के पूर्व सचिव के निधन पर शोक

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड के श्री लक्ष्मी मंदिर ओड़ो के परिसर में मंगलवार की रांत शोक सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार ने की। इस शोक सभा में श्री लक्ष्मी कला परिषद ओड़ो के पूर्व सचिव सह ओड़ो निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक नवल किशोर प्रसाद सिंह उर्फ जय गुरु के निधन पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर संवेदना व्यक्त किया। तदोपरान्त वर्ष 2024 में होने वाले श्री लक्ष्मी जी की पूजा पर चर्चा हुई। कहा गया इस गांव के मंदिर में इस वर्ष लक्ष्मी पूजा का 90 साल होने वाले हैं। इस दौरान कहा गया लक्ष्मी पूजा में चार दिन नाट्य मंचन होगा, मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, उसे भी पूरा करना है। मौके पर सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### टीबीटी अवार्ड समारोह में सम्मानित हुए सैकड़ो शिक्षक




**पटना (नि.सं.)**। लॉ कॉलेज (पटना विश्वविद्यालय,पटना) के शताब्दी भवन के सभागार में बिहार के 38 जिलों से लगभग ढाई सौ सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया, यह शिक्षक स्वत:प्रेरित होकर, निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्टता के आधार पर चयनित होते हैं। बिहार के सभी 38 जिलों के शिक्षक का चयन टीबीटी अवार्ड 2024 के लिए किया गया था। यह शिक्षक सालों भर ऑनलाइन शिक्षक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में जुड़कर, सृजनात्मक तरीके से बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य कर रहे हैं। टीबीटी-द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर के द्वारा पटना लॉ कॉलेज पटना के सभागार में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह प्लेटफार्म सोशल मीडिया नवाचार शिक्षा का बहुत बड़ा प्लेटफार्म है, जो सदैव सरकारी शिक्षकों के माध्यम से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यों को संपादित करता रहा है और करता रहेगा। उन्ही शिक्षकों को जिन्होंने इस कार्य में एक पहचान बनाई है, को बिहार के विभिन्न ख्याति प्राप्त विभूतियों के द्वारा उनके कर कमल के द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा सभी ढाई सौ चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता अवधेश नारायण सिंह सभापति बिहार विधान परिषद तथा अन्य विशिष्ट अतिथि महान गणितज्ञ प्रोफेसर के .सी. सिन्हा (पूर्व कुलपति नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी पटना), डॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (पूर्व डीन, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय), बी.के. चौधरी जी (निदेशक, सीआईडी पटना, बिहार), एससीईआरटी के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र सिन्हा तथा अन्य उपस्थित थे।कार्यक्रम की सफलता को लेकर स्टेट ऐडमिन अरविन्द कुमार ने बताया कि सभी स्टेट ऐडमिन द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा एंकरिंग टीम की अध्यक्षता कर रहे स्टेट कुमार मदन मोहन झा, लोकगीत टीम की अध्यक्षता कर रहे धर्मेंद्र कुमार, लोकनृत्य टीम की अध्यक्षता कर रहे रश्मिबाला वर्णवाल, कव्वाली टीम की अध्यक्षता कर रहे रीता कुमारी, नाटक टीम की अध्यक्षता कर रहे डॉ शिव कुमार प्रसाद तथा फुडींग टीम की अध्यक्षता कर रहे राजन कुमार का भरपूर सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम की सफलता के लिए अतिथियों के आमंत्रण हेतु आमंत्रण टीम की अध्यक्षता करने का दायित्व TBT मंच से जुड़े 38 हज़ार शिक्षकों में प्रफुल्लित शिक्षक सुरेश कुमार को दिया गया जिसे उनके द्वारा सहर्ष स्वीकार भी किया गया। विभिन्न टीमों की अध्यक्षता कर रहे स्टेट ऐडमिन व शिक्षक साथी को निरंतर मार्गदर्शन दे रहे स्टेट एडमिन अरविन्द कुमार द्वारा बताया गया कि स्टेट एडमिन रजनीश कुमार और टीबीटी की सोच के संस्थापक डॉक्टर कुमार गौरव के स्नेहिल परामर्श से ही कार्यक्रम सफलता की चरम पराकाष्ठा को पार कर पाया। उनके द्वारा आगे बताया गया कि इस सम्मान कार्यक्रम के बहाने शिक्षकों का उत्साहववर्धन करते हुए उनके नवाचार को एक-दूसरे के मध्य साझा करना और आईसीटी फ्रेंडली बनाना है जो कि वर्तमान समय की मांग भी है।

### लगातार हो रही बारिश से नदियां में आया उफान

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र में बीते चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से धनार्जय नदी एवं खुरी नदी उफान पर है। ग्रामीणों की मानें तो कई वर्षों बाद बरसाती नदियों में इतना बहाव देखने को मिला है। वहीं धमनी, फरकाबुजुर्ग व चितरकोली के अलावे अन्य पंचायतों के विभिन्न गांवों में पुल एवं पुलिया की कमी लोगों को काफी महसूस हो रही है। इसके पीछे मुख्य कारण है कि जो नदियां अधिकांशतः पूरे साल सुखी रहा करती थी, अभी उन नदियों में पानी का बहाव तेज हो गया है। ऐसी स्थिति में छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में, व्यस्कों को मजदूरी करने में एवं आपातकालीन कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिन धमनी पंचायत के चपहेल गांव निवासी सुनील राजवंशी की पत्नी सुखरी देवी की मौत नालन्दा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मौत के बाद परिजनों ने मृत महिला के अंतिम संस्कार हेतु पैतृक गांव चपहेल ले जाने को लेकर एक छोटी एम्बुलेंस किराया पर किया। जब वे महिला के शव को लेकर कुम्हरुआ गांव पहुंचे तब पाया कि कुम्हरुआ-चपहेल को जोड़ने वाली खुरी नदी में पानी का बहाव तेज है। इस स्थिति में एम्बुलेंस चालक ने नदी को पार करने से मना कर दिया। इस कारण परिजनों को मजबूर होकर महिला के शव को खटिया पर लादकर नदी पार करते हुए घर तक लाया गया। इस कृत्य का वीडियो गांव के एक ग्रामीण द्वारा बनाकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर शेयर भी किया गया। उस वीडियो में ग्रामीण युवक कहा रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कौआकोल में कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)।**




प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन कर विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा किया गया। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार एवं जिला स्वच्छता समन्वयक अविनाश कुमार की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद प्रखण्ड उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव ने आमजनों को स्वच्छता के फायदे बताते इसे नियमित रूप से अमल में लाने के लिए अनुरोध किया। अधिकारियों ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत खुले में शौच से मुक्ति के पश्चात स्थायित्व सुनिश्चित करने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा वर्ष 2024–25 तक प्रखंड के सभी गांव को साफ एवं ओडीएफ प्लस बनाये जाने का लक्ष्य है। इसके तहत स्वच्छता ही सेवा 2024 का आयोजन दो अक्टूबर तक किया जाएगा। जिसका थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार एवं बीपीआरओ शमा बानो ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की स्थापना के 10 वर्ष पूरा होने पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में आए बदलाव एवं उपलब्धियों को उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रभातफेरी निकालकर एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। मौके पर स्थानीय जिला पार्षद अजित यादव, प्रखण्ड स्वच्छ्ता समन्वयक उपेन्द्र कुमार, कार्यपालक सहायक अजित कुमार समेत कृषि विज्ञान केंद्र के कई वैज्ञानिक एवं ग्राम निर्माण मण्डल के भारत भूषण शर्मा, दिनेश मण्डल आदि मौजूद रहे।

## अनंत चतुर्दशी पर लोगों ने की पूजा अर्चना

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को भगवान विष्णु को समर्पित पर्व अनंत चतुर्दशी को धूमधाम से मनाया गया। युवक और युवतियों ने उपवास रखकर कलश पर अष्टदल कमल की तरह बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना कर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना किया। पूजा के बाद अनंत सूत्र को बाजू में बाधा गया। वहीं आचार्य प्रदुमन कुमार मिश्रा ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल से अनंत चतुर्दशी व्रत की शुरुआत हुई। यह भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है।

## खूबसूरती के लिए स्वच्छता जरूरी, एसडीपीओ

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

नगर पंचायत में मंगलवार के दिन स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाने को लेकर एसडीपीओ गुलशन कुमार एवं एलआरडीसी प्रमोद कुमार नगर पंचायत के लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू कुमार एवं अन्य वार्ड पार्षदों के साथ सड़कों पर झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया। इस दौरान बजरंगबली चौक पर आम लोगों के साथ रजौली क्षेत्र को स्वच्छ रखने की कसमें भी खाई। नगर पंचायत के लोक स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छता दिवस मनाए जाने को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन नगर पंचायत रजौली के द्वारा किया जा रहा है। यह स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को श्रमदान एवं स्वच्छता पदयात्रा के रूप मे की गई। स्वच्छता पखवाड़ा मूल रूप से आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए है। इसके तहत पूरे नगर पंचायत में जनजागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्यशाला, सफाईमित्र सुरक्षा शिविर, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, विशेष साफ-सफाई इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। वहीं एसडीपीओ ने लोगों से अपील किया कि घर के कचरों का फैलाव इधर-उधर न करके डस्टबिन में रखें। नगर पंचायत द्वारा सड़कों पर रखे बड़े डस्टबिन में डालें। सड़क पर रखे डस्टबिन में नहीं डालकर अगल-बगल में फेंक देते हैं।

## राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दवीणा' के जिला पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

**निज संवाददाता | नवादा**

विश्व कल्याण की भावना से प्रेरित राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दवीणा' ने जिला इकाई की घोषणा की। राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था 'शब्दवीणा' के प्रदेश प्रचार मंत्री डॉ. गोपाल प्रसाद 'निर्दोश' ने जिला इकाई के पदाधिकारियों की अनुशंसा की, जिसमें कवि एवं चित्रकार डॉ. ब्रह्मानंद विश्वकर्मा को जिला अध्यक्ष, साहित्यकार, शिक्षक एवं चित्रकार अरुण कुमार वर्मा को जिला सचिव, कवि उदय भारती को जिला संगठन मंत्री, शिक्षक एवं भाषाविद् सुबोध कुमार को जिला कोषाध्यक्ष, शिक्षक एवं लेखिका डॉ. विनीता प्रिया को जिला साहित्य मंत्री एवं कवि शफीक जानी नादां को जिला प्रचार मंत्री के रूप में मनोनीत किया गया। मंत्री डॉ. गोपाल प्रसाद 'निर्दोश' को जिला का अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया।

## बेकरी उत्पादों को लेकर दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण




**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**

प्रखण्ड के जेपी आश्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सोखोदेवरा, नवादा के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 दिवसीय कार्य योजना के तत्वाधान में ग्रामीण युवक व युवतियों को बेकरी उत्पाद विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका समापन मंगलवार को प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण करने के साथ किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि बेकरी प्रशिक्षण के तहत ग्रामीण युवतियों को वैज्ञानिक सह कोर्स संचालक डॉ. अनुज्ञा भारती के द्वारा बिस्कुट, केक व इससे जुड़े अन्य उत्पादों के बारे में बनाने की विधि बताई गई। उन्होंने कहा कि बेकरी प्रशिक्षण प्राप्त कर युवतियां जीवन में नवीनतम तकनीकों को अपनाकर लघु उद्योग के रूप में अपना जीवन बेहतर बना सकते हैं।


## अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ स्वास्थ्यकर्मी करते हैं दुर्व्यवहार

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल अपनी लचर-पचर व्यवस्था के कारण हमेशा सुर्खियों में रहा है। बुद्धिजीवियों की मानें तो यह अस्पताल सिर्फ कागजों पर संचालित हो रहा है। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ स्वास्थ्यकर्मी द्वारा दुर्व्यवहार किया जाना आम बात हो गई है। अस्पताल के कमियों को दूर करने के लिए एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक टीम गठित कर रोगी कल्याण समिति बनाई गई। जबकि इस समिति के लोग अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधा के बारे में कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिसके कारण अस्पताल में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा रात्रि को आनेवाले मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इन स्वास्थ्यकर्मियों को प्रभारी डीएस एवं सिविल सर्जन नवादा के अलावे रोगी कल्याण समिति से कोई डर और भय नहीं है। ताजा मामला बीती रात्रि मंगलवार का है। फरका बुजुर्ग पंचायत के अम्बातरी गांव से डायरिया से पीड़ित तीन मरीज सिंकु कुमारी, करिश्मा कुमारी एवं मुन्नी यादव रात्रि के 10 बजे अस्पताल पहुंचते हैं। अस्पताल में गंदगी से पटे वार्ड में तीनों को लिटाया जाता है। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सतीश चन्द्र सिन्हा द्वारा स्लाइन आदि देकर उपचार शुरू किया गया। इसी बीच दस्त से परेशान मरीज अस्पताल के बाथरुम में जाती है, जहां नल से एक बूंद पानी नहीं मिल पाया।बाद में परिजनों द्वारा बन्द बोतल में बाहर से पानी लाकर दिया गया। इसकी शिकायत परिजन मनोज कुमार द्वारा चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी से किया गया। शिकायत पाकर चिकित्सक द्वारा दोटूक जवाब दिया गया कि हमारी जिम्मेदारी सिर्फ इलाज करने की है। यदि दिक्कत है तो हम मरीजों को नवादा रेफर कर देते हैं। बाथरूम में पानी नहीं है और अस्पताल गंदा है,इसके लिए अस्पताल के प्रभारी डीएस जिम्मेदार हैं। परिजनों ने जब प्रभारी डीएस को कॉल किया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। अब ऐसी स्थिति में मरीजों और परिजनों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। बताते चलें कि इन परेशानियों के बावजूद सभी मरीजों का इलाज अस्पताल में जारी है। मरीजों का हाल पहले के अपेक्षा सुधार हुआ है। बताते चलें कि अनुमंडलीय अस्पताल को कागजों में ट्रामा सेंटर बताया जा रहा है। साथ ही दावा किया जाता है कि यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन सुविधाएं बढ़ने के जगह पर कम होती दिखाई दे रही है। अस्पताल की दुर्दशा को देखकर भी रोगी कल्याण समिति का मौन होना अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की गवाही दे रहा है।

## बजरंगबली मंदिर में मनाया गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74वां जन्मदिन



**निज संवाददाता | (रजौली) नवादा**

प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी का 74वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि हम सभी असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, जन-जन के नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन बजरंगबली के चरणों में प्रधानमंत्री का चित्र रख कर 74वें साल पर 74 घी के दीपक प्रज्वलित कर रजौली भाजपा परिवार साथ मनाया गया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी भाजपा परिवार ईश्वर से प्रार्थना किया कि नरेन्द्र मोदी यूंही सदैव, स्वस्थ्य, प्रसन्न, दीघार्यु रहे। सदैव ऐसे ही मां भारती की सेवा करते रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूंही इसी तरह देश को परम वैभव एवं विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतरता के साथ कार्य करते रहे। गगन ने बताया कि आज के दिन से 17 सितंबर से 2 अक्टबूर तक हमारी पार्टी पूरे देश में कई वर्षों से सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मदद करती है। बूथ पर सेवा पखवाड़ा के माध्यम से विभिन्न तरह का कार्यक्रम चलाया जाता है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता संजय कुमार अधिवक्ता, रंजन कुमार बब्लू, प्रमोद कुमार, मनोज बरहपूरिया, ऋषि कपूर, विमल राजवंशी, वीरेन्द्र प्रसाद ने विस्तृत रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवनी एवं उनके द्वारा देशवासियों, गरीब कल्याण के लिये किये गये कार्यों के संबंध में अवगत कराया। विकसित भारत का संकल्प भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया। इस मौके पर अमावां मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय कुमार अधिवक्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, अतिपिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, नवीन कंधवे, संजय कुमार बंटी, मंडल उपाध्यक्ष मनोज बरहपूरिया, धनंजय कुमार धन्नु, वीरेन्द्र प्रसाद, दिलीप कुमार द्वीप, ऋषि कपूर, हरिनंदन राजवंशी, मिथिलेश राजवंशी, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, दीपक कुमार दीपू,शंकर कुमार, पप्पू साव, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष बब्लू पंडित, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामभजन प्रसाद, मानदेव तूरिया, रामरतन यादव, गप्पू सिंह, कारू साव, मुन्ना चंद्रवंशी, राजेश सिंह, नीरज कुमार मंटू, कुंदन सिंह, रंजेश कुमार, लल्लू कुमार रजौली भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

» 74वें साल पर 74 घी के दीपक प्रज्जवलित कर रजौली भाजपा परिवार साथ मनाया गया। गगन ने बताया कि हम सभी भाजपा परिवार ईश्वर से प्रार्थना किया कि नरेन्द्र मोदी यूंही सदैव, स्वस्थ्य, प्रसन्न, दीघार्यु रहे। सदैव ऐसे ही मां भारती की सेवा करते रहे। प्रधानमंत्री यूंही इसी तरह देश को परम वैभव एवं विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतरता के साथ कार्य करते रहे।


बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता –सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद।**

(मद्यनिषेध कोर्ट–5)

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **26.09.2024** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र. सं. | थाना कांड सं०/उत्पाद सं० | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | पक्षकार का नाम एवं पता | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या | वाहन मालिक/मकान मालिक का नाम एवं पता | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बारूण थाना कांड सं०–133/2024 | 25/24 | सरकार बनाम रमेश राम | मोटरसाईकिल निबंधन सं०–JH-03J-9814 | रमेश राम, पिता–राजू राम, सा०–बंशी बिगहा, पो०–जपला, थाना–हुसैनाबाद, जिला–पलामू, झारखंड | **26.09.2024** |
| 2 | जम्होर थाना कांड सं०–53/2024 | 33/2024 | सरकार बनाम अंकित कुमार | छः चक्का कंटेनर गाड़ी निबंधन सं०– HR-39D-6756 | अंकित कुमार, पिता–रमेश चन्द्र, सा०–कलनौर घसौली, थाना–सोनीपत, जिला–यमुनानगर, हरियाणा, पिन–135001 | **26.09.2024** |
| 3 | जम्होर थाना कांड सं०–08/2024 | 34/24 | सरकार बनाम सोनु कुमार | पैशन प्रो० मोटसाईकिल निबंधन सं०– BR-01DY-5738 | सोनु कुमार, पिता–भोला साव, सा०–विशुनपुर पकरी, पटना, पिन–800002 | **26.09.2024** |
| 4 | मुफसिल थाना कांड सं०–97/2024 | 29/24 | सरकार बनाम चन्द्रमणी देवी | मोटसाईकिल निबंधन सं०–BR-22A-0171 | चन्द्रमणी देवी, सा०–मेन रोड सरायकेला, थाना+जिला–सरायकेला, वर्तमान पता–हाउस नं०–39, सिहुरी ओबरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | **26.09.2024** |
| 5 | बारूण थाना कांड सं०–191/2024 | 31/24 | सरकार बनाम रामकुमारी देवी | टेम्पु निबंधन सं०– BR-26G-1683 | रामकुमारी देवी, पति–महेन्द्र यादव, सा०–केशोपुर, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद | **26.09.2024** |
| 6 | बारूण थाना कांड सं०–87/2024 | 28/24 | सरकार बनाम शकुन्तला देवी | मौजा–खेमदा, खाता नं०–71, थाना नं०–154, खेसरा नं०–440, रकवॉ–10X10 वर्गफीट | शकुन्तला देवी, पति–अनिल रजक, सा०–केशव मोड़, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद | **26.09.2024** |
| 7 | बारूण थाना कांड सं०–511/2023 | 36/24 | सरकार बनाम मुकेश ठाकुर वगैरह | मौजा–मौआर खैरा, खाता नं०–45, खेसरा नं०–563, रकवॉ–4 डी० | मुकेश ठाकुर, पिता–बिरजु ठाकुर, सा०–मौआर खैरा, थाना–बारूण, जिला–औरंगाबाद | **26.09.2024** |
| 8 | बारूण थाना कांड सं०–90/2023 | 37/24 | सरकार बनाम संतोष पासवान वगैरह | एक बड़ा तसला एवं एक छोटा तसला | 1. संतोष पासवान, पिता–स्व० जगदीश पासवान, 2. संदीप पासवान, पिता–राम नन्दन पासवान, दोनों सा०–जानपुर, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | **26.09.2024** |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

**विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**वरीय उप समाहर्त्ता–सह–**
**पीठासीन पदाधिकारी,**
**उत्पाद न्यायालय नं0– 5,औरंगाबाद।**

PR- 008159 ( Excise ) 2024-25

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व उप मुखिया पर गोलीबारी मामले में केस दर्ज, घर से बाहर बुलाकर बाइक सवारों ने किया था हमला

**आरा।** संदेश थाना क्षेत्र अन्तर्गत नासरीगंज-सकड्डी हाईवे पर फुलाड़ी मोड़ के समीप पूर्व उप मुखिया को गोली मारी गई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घायल पूर्व उप मुखिया दीपक कुमार केसरी के बयान पर हुई प्राथमिकी में एक महिला समेत अज्ञात बाइक सवार बदमाशों को आरोपित किया गया है। फोन पर घर से बुलाकर गोली मारे जाने का आरोप है। पुलिस तकनीकी रूप से जांच कर रही है। कुछ क्लू भी मिला है। घायल खंडोल पंचायत के पूर्व उप मुखिया थे। वर्तमान में वे फुलाड़ी के वार्ड नंबर-14 के वार्ड पार्षद हैं। घायल पूर्व उप मुखिया को गोली दाएं साइड पेट के पिछले हिस्से में लगी थी ,जो आर-पार हो गई है । इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर एक बाइक पर तीन की संख्या में थे। घटनास्थल से एक कारतूस मिला है। इधर, सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि पुलिस तकनीकी सूत्र के जरिए जांच कर रही है। जल्द ही उद्भेदन कर लिया जाएगा। मालूम हो कि रविवार को पूर्व उप मुखिया बाइक से सामान लाने के लिए संदेश बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे अपने घर से सौ मीटर आगे फुलाड़ी मोड़ के समीप पहुंचे थे, तभी एक अपाची बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी पीछे से आए और उन्हें गोली मार कर भाग निकले थे। गोली लगने के कारण उनका आंत क्षतिग्रस्त हो गया है।

### सम्राट अशोक की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की उठी मांग

**आरा।** आरा सम्राट अशोक जन्मोत्सव भोजपुर समिति के तत्वावधान में बुढ़िया लॉज अनाईठ में सम्मान समारोह हुआ। इसमें नवनिर्वाचित सांसद सुदामा प्रसाद का गर्मजोशी से अभिनंदन व स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुरेन्द्र सिंह ने की और संचालन कैप्टन सत्येन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त) ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज को संगठित होकर रहना जरूरी है। सम्राट अशोक समिति भोजपुर द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर सांसद का ध्यानाकृष्ट कराया गया। इसमें महान सम्राट अशोक की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने, आरा डीएम कैम्पस के अन्दर सुनिश्चित जगह पर एक अशोक स्तम्भ का निर्माण कराने, 1942 के आंदोलन के अमर शहीद महाराज कोईरी के सम्मान मे उनकी पैतृक गांव बरगही के मुख्य मार्ग पर स्मृति द्वार बनाने और सर शिवसागर रामगुलाम जो मॉरीशस के राष्ट्रपिता से सम्मानित है उनके सम्मान मे स्मृति चिन्ह स्थापित करने की मांग शामिल है। सांसद ने भरोसा दिया कि जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष ज्ञानचंद प्रसाद कुशवाहा, महासचिव दुर्गावती मौर्या, जगदीश कुशवाहा, डा. मंजुल सिंह, डा. रामाशीष सिंह ,विरेन्द्र शाक्य, कयामुद्दीन अंसारी, भीम यादव, रामनाथ सिंह, प्रो. विजय सिंह, भोला महतो, अनुप मौर्य, सुशील कुशवाहा, अयोध्या चौधरी, राधाकृष्ण बौद्ध, उमेश सिंह फुलारी, अजीत कुशवाहा, विजय सिंह रायपुर, अखिलेश कुशवाहा, दिलराज प्रीतम, रौशन कुशवाहा, प्रो. फुलेश्वर सिंह, पंकज कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, सुधीर मेहता, राजू मेहता, अजीत मेहता, संतोष मेहता, पुतुल महतो, मंटू सिंह व ओम प्रकाश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**आरा।** टाउन थाना कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर टाउन थाना क्षेत्र के आनंदनगर मुहल्ला से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहिया गांव के निवासी अशोक कुमार सिंह पिता रामबाबू सिंह और टाउन थाना क्षेत्र के मोती टोला के निवासी बिकी पासवान पिता नरेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से 90 लीटर देशी शराब और एक बाइक को जब्त कर लिया। वही पुलिस ने बीएनएस के केस के नामजद आरोपी गोलू कुमार उर्फ अभिषेक कुमार पिता स्व० विजेंद्र राय को धर्मन चौक से, वारंटी अभय कुमार सिंह पिता उमाशंकर सिंह को आनंदनगर गली नंबर 4 आरोपी के घर से , शराब कांड के आरोपी धरहरा के निवासी मो हैदर पिता मो सरवर को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### सोन नदी में डूबने से युवक की मौतःभोजपुर में भैंस चराने गया था छात्र, नदी पार करने के दौरान हादसा

**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर पचरुखिया गांव स्थित भैंस चराने गए एक छात्र की सोन नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर पचरुखिया गांव निवासी घुरखेली राय का 21 वर्षीय पुत्र राजकिशोर कुमार राय के रूप में हुई है। वो इंटर का छात्र था। घटना की जानकारी मृतक के पड़ोसी मनोज कुमार राय ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह भैंस चराने के लिए सोन नदी के किनारे गया था। जाने के क्रम में हुआ जब भैंस को लेकर सोन नदी पार कर रहा था। तभी उसका हाथ फिसल गया और वह सोन नदी में गिर कर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने आगे बताया कि वहां मौजूद लड़कों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय मलाह के सहयोग से जाल लगाकर उसके शव को सोन नदी से बाहर निकल गया। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। घटना की सूचना मिलते ही बड़हरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रघुपति यादव आरा सदर अस्पताल पहुंचे व मृत छात्र के परिजन से मिल घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में कौशल्या देवी,तीन बहन मीना देवी,रेखा देवी,सरिता कुमारी व दो भाई राजकुमार राय एवं जय किशोर कुमार है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है।

### हत्याकांड में आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, संपत्ति को लेकर पीट-पीटकर युवक को मार डाला था



**आरा।** भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के बगही गांव में पीट-पीटकर एक शख्स की हत्या की गई थी। मामले में एफआईआर हुई है। मृतक की बहन मीना देवी के बयान पर केस दर्ज हुआ है। प्राथमिकी में पट्टीदार से जुड़े आठ लोगों को नामजद किया गया है। घटना के बाद संदिग्ध आरोपी फरार है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक 30 वर्षीय सोनू नट मूल रूप से कारनामेपुर थाना क्षेत्र के कारनामेपुर गांव निवासी स्व.बालेश्वर नट का बेटा था। वे वर्तमान में बिहिया थाना क्षेत्र के बगही नट टोली में रहता था। वे पेशे से मवेशी की खरीद बिक्री करता था। इधर मृतक के बड़े भाई संजय नट ने बताया कि वह पटना में रहता था। जबकि अन्य भाई कारनामेपुर गांव में है। उसकी पट्टीदार में लगती बहन से ही संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया कि शनिवार दोपहर अपने गांव कारनामेपर से बगही नट टोला अपने घर आया था। जहां बहन व उसके बेटे ने अपने अन्य लोगों के साथ मिलकर ईट-पत्थर से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद सभी लोग वहां से फरार हो गए। वहां के स्थानीय ग्रामीण ने फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई संजय नट ने उसकी पट्टीदार में लग रही बहन बड़ाको देवी,उसके बेटे जोगिंदर नट एवं उसके साथ रहे अन्य पर संपत्ति हड़पने के कारण उसकी ईट-पत्थर से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी आशा देवी,दो पुत्री रागिनी नंदनी व दो पुत्र गोलू उर्फ साहिल एवं पवन है।

# बक्सर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

**22 लाभुकों को दिया गया प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, पदाधिकारियों-कर्मियों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ**

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में संबंधित लाभुकों को प्रतीकात्मक चाबी दिया गया। 11 लाभुको को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में डीएम ने अपने संबोधन में बताया कि महात्मा गांधी के मूल्यों एवं आदर्शों को आत्मसात करने एवं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से ही स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा का थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। इसका आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से स्वच्छता की भागीदारी से जन-जागरूकता, स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव, संपूर्ण स्वच्छता अंतर्गत व्यापक स्तर पर कचरा मुक्ति अभियान का संचालन, स्वच्छता लक्षित इकाइयों को चिहिन्त कर स्वच्छ बनाने, सफाई मित्र, सुरक्षा शिविर इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगे बताया गया कि जीविका के समुदाय आधारित संगठनों में जीविका आधारित स्वच्छता संवाद का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्वच्छता श्रमदान, हस्ताक्षर अभियान, जीविका दीदियों एवं स्थानीय स्वच्छता चैंपियन द्वारा स्वच्छता संबंधी कार्यों का अनुभव साझा करना, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ का आयोजन इत्यादि कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाया गया।

# बाढ़ के पानी में डूबकर किसान की मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के पश्चिमी बखौरापुर ब्रह्मा बाबा स्थान के समीप बाढ़ के पानी में मंगलवार को डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। वे शौच के लिए गए थे। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच रही। जानकारी के अनुसार मृतक बुजुर्ग बड़हरा थाना क्षेत्र के पश्चिमी बखोरापुर गांव निवासी स्व.लाल दास राय के 68 वर्षीय पुत्र मोहन यादव हैं और वह पेशे से किसान थे।

**उपलाती हुई मिली लाशः** मृतक के बेटे कमेंद्र यादव ने बताया कि वे शौच के लिए ब्रह्म बाबा स्थान के समीप गए हुए थे। जहां बाढ़ के पानी में वे डूब गए। काफी देर तक जब वे नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू की। इसी दौरान बगीचे के पास पानी में उपलाती हुई उनकी लाश मिली। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला गया। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार में दो बेटे वीरेंद्र यादव व कर्मेंद्र यादव है। मृतक की पत्नी रामकालो देवी की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी।

## डूबे छात्र का दूसरे दिन मिला शव, घर से घूमने निकला था

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के जैसीडीह गांव में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव जैसीडीह गांव स्थित पुल के समीप आहर से मंगलवार को बरामद किया गया है। मृत छात्र पीरो थाना क्षेत्र के जैसीडीह गांव निवासी संतोष पासवान का 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार उर्फ गंगा है एवं आठवीं कक्षा का छात्र था। मृत छात्र के दादा परशुराम पासवान ने बताया कि सोमवार की शाम करीब चार बजे वह घर से निकला था। इसी बीच वह गांव में स्थित पुल के समीप आहर में गिरकर डूब गया। देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जब परिजन दूसरे दिन मंगलवार को खोजबीन करने के लिए गांव में ही स्थित आहर के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उसका शर्ट पुल पर है और पुल में

♦ खोजबीन के दौरान परिजनों को किशोर के मिले कपड़े

निकले सरिया में उसका शव फंसा हुआ है। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने चार बहन व एक भाई में छोटा था। अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। उसके परिवार में मां दीपाकाली देवी एवं चार बहनें हैं।

## ससुराल से 100 मीटर दूर कुएं में मिली विवाहिता की लाश, मायके वालों ने कहा- बाइक और सोने की चेन के लिए हुई हत्या

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में तीन दिन से लापता विवाहिता का शव ससुराल से 100 मीटर की दूरी पर कुएं में मिली। मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मायके वालों का कहना है कि दहेज में बाइक और सोने की चेन मांगी जा रही थी। मृतका कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव निवासी चंदन ओझा की 19 वर्षीय पत्नी सोनी देवी है। पांच माह पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वालों ने मायके वालों को फोन पर बताया कि सोनी कहीं भाग गई है। मायके वालों को शक हुआ तो वे लोग ससुराल पहुंचे। तब मामले का खुलासा हुआ। मामला ओझवलिया गांव का है।

चचचच चचच चचच चच चच



**पति दिल्ली में गाड़ी चलाता हैः** शाहपुर थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी और मृतका के भाई अमरकांत दुबे ने बताया कि अपनी बहन सोनी देवी की शादी इसी वर्ष 24 अप्रैल को कारनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव निवासी स्व. गजाधर ओझा के पुत्र चंदन ओझा से की थी। उसका पति दिल्ली में रहकर गाड़ी चलाता है। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसकी सास और ससुराल के अन्य सदस्य बाइक और सोने की चैन की मांग करने लगे। उसे प्रताड़ित किया जाता था। फोन पर बात नहीं करने दिया जाता था। रक्षाबंधन के दिन उससे फोन पर बात की थी तो उसने कहा कि मुझे घर नहीं ले चलोगे। तब उसके पति ने कहा कि था नहीं जाएगी। बीते

♦ पांच माह पहले हुई थी शादी

शुक्रवार को बहन से अंतिम बार बात हुई। ससुराल वालों ने कहा था कि वो भाग गई है।

मुझे संदेह हुआ कि उसकी हत्या कर दी गई है। रांची से आरा पहुंचा और कारनामेपुर थाना में शिकायत की। ससुराल पहुंचे तो खोजबीन शुरू की। इस दौरान ससुराल से सौ मीटर दूर कुएं में लाश मिली। झांक कर देखा तो बहन का शव था। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से लाश बाहर निकाला। मृतका के भाई अमरकांत दुबे ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## NHAI टीम और भोजपुर थानाध्यक्ष एक साथ किया पौधारोपण, आरा-बक्सर फोरलेन पर लगाए दर्जनों पेड़

**कहा- पौधे लगाकर देखभाल करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी**

निज संवाददाता। बक्सर

जलवायु परिवर्तन को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत बुधवार को आरा बक्सर फोरलेन पर नया भोजपुर के समीप एनएचएआई टीम व नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने एक साथ पौधरोपण किया। इस दौरान दर्जनों पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि जो भी पौधे लगाए जा रहे हैं, उन सभी पौधों का रख रखाव जरूरी है। आमजनों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए जो कोई व्यक्ति पौधरोपण करना चाहता है। उसे वन विभाग की ओर से मुफ्त में पौधे दिए जाएंगे। वन विभाग



कार्यालय पहुंचकर नजदीकी नर्सरी से पौधे प्राप्त कर सकता है।

**प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर देखभाल करना व्यक्ति की जिम्मेदारीः** थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर उसकी देखभाल कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारे वातावरण को स्वच्छ और शुद्ध रखना है।

प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर लोगों को जागरूक किया जाना है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण अशुद्ध होते वातावरण से आने वाली पीढ़ी के लिए अनुकूल बनाया जा सके। पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ाने के लिए पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम शुरू की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी राजमार्गों पर पौधे लगाए जा रहे हैं।

## सड़क किनारे खड़े बच्चे को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के समीप मंगलवार देर शाम गाड़ी की पूजा देख रहे है एक तीन वर्षीय मासूम को बुलेट सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान मौत हो गई। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के यांचा गांव निवासी मुकेश कुमार यादव का 3 वर्षीय पुत्र लव कुश कुमार है। मृत बालक के पिता मुकेश कुमार ने बताया कि दरियापुर गांव की सड़क किनारे खड़े होकर गाड़ियों की पूजा को देख रहा था। तभी सामने से आ रहे बुलेट सवार ने उसे टक्कर मार दी। बुरी तरह जख्मी हो गया। नजदीकी अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां से डॉक्टरों ने आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया। अभी कायमनगर पहुंच ही रहे थे की लवकुश की मौत हो गई। चिकित्सा नवनीत चौधरी ने बताया कि बच्चे के सिर में काफी गंभीर चोट लगी थी। हम लोगों ने फर्स्ट ऐड कर गंभीर हालत में उसे पटना रेफर कर दिया था। बच्चे के कान से काफी खून बह चुका था, जिससे उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। बताया जाता है कि मृत बालक अपनी दो बहन निशा और निशु और एक भाई अंकुश से छोटा था।

## खंभे को छूने से लगा करंट, बुजुर्ग की मौत, खेत की ओर जाते समय फिसल गए थे, अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले कृष्णागढ़ गांव में मंगलवार को शौच करने गए एक किसान की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई है। करंट लगने के बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान ही दम तोड़ दिया। मृतक कृष्णागढ़ गांव वार्ड नंबर 11 निवासी स्व.राम नगीना सिंह के 74 वर्षीय पुत्र रमेश सिंह है। घटना की जानकारी पंचायत मुखिया अनिल सिंह द्वारा दी गई।

**पैर फिसलने की वजह से करंट के चपेट में वृद्धः** मामले को लेकर मुखिया अनिल सिंह ने बताया कि वह शौच करने के लिए खेत की ओर जा रहे थे। जाने क्रम में उनका पैर फिसल गया और वहां बिजली के गड़े खंभे में उनका हाथ स्पर्श कर गया। जिसके कारण से वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लड़कों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व तीन बहन में छोटे थे। उनके परिवार में तीन पुत्री सोनी देवी,पिंकी देवी,संतोषी देवी व दो पुत्र मुकेश कुमार एवं कन्हैया कुमार है। मृतक की पत्नी शिव कुमारी देवी की मौत 5 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित कुंभ के मेले में स्नान करने के दौरान नदी में डूबने से हो गई थी।

## भोजपुरी सिंगर के कार्यक्रम में 13 राउंड फायरिंग श्रद्धांजलि सभा में गायक को बोलना पड़ा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में 13 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ था। जिसमें भोजपुरी गायक टुनटुन यादव को प्रोग्राम के लिए बुलाया गया था। स्टेज पर नर्तकियां भी थीं। इसी दौरान दो युवक राइफल लिए ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे थे। दोनों ने 13 राउंड फायरिंग की। आवाज से सभी कान सुन्न हो गए। गायक टुनटुन यादव ने तो अपने कान भी बंद कर लिए। अंत में उन्हें बोलना पड़ा अब रहने दो, गाने में डिस्टर्ब हो रहा। फायरिंग का वीडियो भी सामने आया है। जिसके वायरल होने के बाद एसपी ने कार्रवाई का निर्देश दिया है। बिहिया थाना में 17 सितंबर को मामला दर्ज हो गया है। मामला भीमपट्टी गांव का है।



**थोड़ी सी चूक पर किसी की जा सकती थी जानः** गांव में कुछ दिनों पहले जगबली यादव का निधन हुआ था। श्रद्धांजलि सभा में कार्यक्रम रखा गया था। फायरिंग के दौरान थोड़ी सी चूक होती तो किसी की जान भी जा सकती थी। इससे पहले कई बार हर्ष फायरिंग में अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं। एसपी मिस्टर राज ने कहा कि अवैध तरीके से फायरिंग से जान-माल को गंभीर नुकसान होने की संभावना थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार्यक्रम के आयोजनकर्ता और फायरिंग में शामिल अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम, लाउडस्पीकर अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत बिहिया थाने में कांड दर्ज किया है। साथ ही आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# भागलपुर में पूजा पंडाल का निर्माण शुरू, बंगाल के कारीगर कर रहे कार्य

## 24 से अधिक पंडालों में इस बार मां दुर्गा विराजेंगी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में दुर्गा पूजा शुरू होने में महज कुछ दिन ही शेष है। इसको लेकर भागलपुर में पूजा पंडाल का निर्माण भी शुरू हो चुका है। भागलपुर जिले में लगभग 2 दर्जन पूजा पंडालों में इस बार मां दुर्गा विराजेगी। इस बीच भागलपुर से पूजा पंडाल बनाने कुछ खास तस्वीर सामने आई है। यहां विशेष समुदाय के लोग दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। कारीगर मुरादाबाद, बंगाल से आकर मुस्लिम कारीगर पंडाल का निर्माण कर रहे हैं।

**दुर्गा पूजा पंडाल बनाने में खुशी मिलती:** पंडाल निर्माण कर रहे मुरादाबाद से आए कारीगर मुन्ना शेख ने कहा कि हम मुस्लिम है, लेकिन जब भी हमें भागलपुर से दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए बुलाया जाता है तो हम अपनी टीम के साथ भागलपुर में आकर पूजा पंडाल का निर्माण करते हैं। जिस तरह से निर्माण का ऑर्डर मिलता है। उसी तरह हम लोग पंडाल का निर्माण करते हैं। दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करने में हमें भी बहुत खुशी मिलती है।

**समिति की तरफ से सामान उपलब्ध कराया जाता:** मंटू शेख ने कहा कि पिछले 13 साल से हम लोग भागलपुर में दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। निर्माण कर रहे कारीगर आजम रहमान ने बताया कि इस तरह का पंडाल निर्माण करने में लगभग हम लोगों को 15 दिन का समय लगता है। हम लोगों को पंडाल निर्माण करने में बांस, कपड़ा, थर्मोकोल का जरूरत पड़ता है जो कि यहां पर हमें समिति के द्वारा उपलब्ध करा दिया जाता है।



# विभागों में 121 करोड़ बिजली बिल बकाया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में बकाया बिजली बिल को लेकर जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि विभिन्न विभागों में लगभग 121 करोड़ रुपए बिजली बिल का बकाया है। जिनमें भागलपुर नगर निगम के यहां 42 करोड़ रुपए, ग्रामीण विकास विभाग के यहां 21 करोड़ रुपए। टीएनबी कॉलेज में 12 करोड़। सुल्तानगंज नगर परिषद का 10 करोड रुपए बकाया है। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर सभी विभागों को बकाया बिजली बिल का भुगतान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर आवंटन उपलब्ध नहीं है तो अपने विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजे।

कनेक्शन कटा तो जिम्मेदार पदाधिकारी होंगेः यदि बकाया बिजली बिल के कारण बिजली का कनेक्शन काटता है और कार्य में व्यवधान होता है तो इसके लिए संबंधित पदाधिकारी ही जिम्मेदार समझे जाएंगे। उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को उन्होंने कहा कि भवनों को चिह्नित कर संबंधित विभाग को बताएं कि किस-किस बिल्डिंग का बिजली मीटर किस पदाधिकारी के नाम से है और कब से कितनी राशि बकाया है। इसका स्पष्ट उल्लेख करें। उन्होंने फील्ड में अपने कनीय अभियंता को भेजकर इसका आकलन करने, सूची बनवाने और संबंधित विभाग के पदाधिकारी को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या – 01/2024-25 दिनांक– 10.09.2024 जिसे PR No. 335506 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, में अपरिहार्य कारणवश आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 18.09.2024 के स्थान पर 23.09.2024 पढ़ा जाय।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि 19.09.2024 के स्थान पर 24.09.2024 पढ़ा जाय।
3. निविदा खोलने की तिथि 20.09.2024 के स्थान पर 25.09.2024 पढ़ा जाय।
4. प्रखण्ड धुरकी के सीन पर भवनाथपुर पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
रा0ग्रा0नि0 कार्यक्रम, गढ़वा

PR 335956 NREP (24-25)_D



## कार्यालय :– जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू (जिला योजना शाखा)
e-mail:dpopalamau@gmail.com
office:-06562-230859
dpo-palamu@jharkhandmail.gov.in

**A. DETAILED NOTICE INVITING VERY SHORT TENDER**
Tender is invited in Single stage two cover system i.e. Request for Technical & Financial Bid

| Sr. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Description of the tender | Invitation for Bids for Supply, Installation and Training of Dal Milling & Cold Pressed Oil Unit in Palamu District. |
| 2 | Duration of the contract | **18 Months (Installation and training period – 03 months & operation and Maintenance period – 18 Months)** |
| 3 | EMD in favour of District Planning Officer, Palamu | ₹ **2 Lacs** |
| 4 | Bid publishing date | 19.09.2024 |
| 5 | Last date of pre-bid query submission on mail id : dpopalamau@gmail.com | dpopalamau@gmail.com |
| 6 | Address | District Planning office , palamu ,1st Floor new collectorate Building, Pin :- 822101 |
| 7 | Start Date of Bid Preparation and Submission | 19th September 2024 |
| 8 | Last date and time for bid submission | 28th September 2024(12:00 PM) |
| 9 | Bid Opening | Will informed |

Note:- The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal https://Palamu.nic.in

Sd/
District Palnning officer
Palamu, Jharkhand

PR 335970 (District)24-25*D


## संक्षिप्त समाचार

### 19 सितंबर को निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर

**भागलपुर।** लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल एवं मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 19 सितंबर को देवी बाबू धर्मशाला में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर लगाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष गौरव बंसल ने बताया कि कोलकाता के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. निकेत अरोड़ा एवं शहर के हृदय रोग विशेषज्ञडॉ. प्रणव कुमार अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में आये लोगों का हृदय रोग जांच करेंगे। बताया कि संस्था ने जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क ईसीजी, रक्तचाप एवं मधुमेह जांच की भी व्यवस्था की है। चिकित्सीय परामर्श के साथ-साथ चिकित्सक हृदय रोगों के लक्षण एवं बचाव के बारे में परिचर्चा भी करेंगे। संयोजक नरेश खेमका ने बताया कि रोगियों के पंजीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। और 19 सितंबर को सुबह 10 बजे तक पंजीकरण होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व जिलापाल अनुपम सिंहानिया, प्रशांत गुप्ता, अभिषेक बाजोरिया, राजेश जैन, आलोक सिंहानिया, बिनीत अग्रवाल समेत कई अन्य सदस्य लगे है। बताया गया कि शिविर को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक मरीजों की शिविर में जांच हो सके।

### स्वच्छता के लिए एनएसएस और कॉलेजों को मिला फंड

**भागलपुर।** टीएमबीयू में मंगलवार से एक अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलेगा। 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए एनएसएस मुख्यालय ने टीएमबीयू की एनएसएस इकाई, एसएम कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, एसएसवी कॉलेज और पीबीएस कॉलेज बांका को फंड दिया है। लेकिन एनएसएस के खाते का कॉरपस खाते में विलय कर देने से टीएनबी कॉलेज, बीएन कॉलेज, मुरारका कॉलेज, जेपी कॉलेज, जीबी कॉलेज, टीएनबी लॉ कॉलेज और मदन अहिल्या महिला कॉलेज को फंड नहीं मिला। एफिलिएटेड कॉलेजों में पूरनमल बाजोरिया टीटीसी, डीएनएस कॉलेज रजौन, एलएनबीजे कॉलेज भ्रमरपुर, ताड़र कॉलेज और महादेव सिंह कॉलेज को भी फंड जारी किया गया है। टीएमबीयू के वीसी ने कहा है कि एनएसएस के खाते को अलग रखना है।

### कांवरियों की टेंपू पलटी तीन गंभीर रूप से घायल

**संग्रामपुर।** एसएच 74 पर पकड़ी गांव के समीप टेंपू बिजली के पोल से टकरा गया। जिससे टेंपू में सवार सभी लोग चोटिल हो गए। चालक को झपकी आने से घटना हुई।तीन लोग को अधिक चोट आई है। आसपास के लोगों की सूचना पर एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉ रविशंकर कुमार ने सबका प्राथमिक इलाज किया। एक की स्थिति गंभीर थी जिसे मोतिहारी रेफर कर दिया गया। जानकारी देते हुए चोटिल कांवरिया हरिनारायण राम, उदय कुमार ने कहा कि वे सभी शिवहर जिला के भटहां गांव के निवासी हैं। रविवार को डूबा घाट से जलबोझी कर टेंपू से 13 लोग अरेराज के लिए चले। शाम में सभी अरेराज पहुंचे। महादेव मंदिर में पर जल चढ़ाने के लिए लंबी कतार में लग गए। जल चढ़ाने के बाद थोड़ा आराम कर सोमवार को अरेराज से अपने घर टेंपू से चल दिए। चालक को अचानक झपकी आ गई। इससे संतुलन बिगड़ा और दुर्घटना हो गई। घटना में चालक गिरिंद्र राम का माथा फट गया और एक पैर फ्रेक्चर हो गया। उसकी पत्नी इंदु देवी का माथा फट गया। एक वृद्ध महिला 75 वर्षीय समुंद्री देवी का माथा फट गया। अन्य सभी महिला,पुरुष और बच्चों को चोट आई। सभी खतरे से बाहर हैं। केवल चालक गिरिंद्र की हालत खराब है। इसलिए उसे रेफर कर दिया गया। घटना में टेंपू बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### भूतपूर्व प्रिंसिपल की माता का हो गया निधन

**जमालपुर।** दी हनीमैन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मुंगेर के भूतपूर्व प्रिंसिपल डॉक्टर अरुण कुमार की माता राधा देवी का 95 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। स्थानीय केशवपुर स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचकर अनेक गणमान्य लोगों ने उनकी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। पार्थिव शरीर का दाह संस्कार मुंगेर स्थित गंगा घाट पर सोमवार को किया गया।

### नक्सली सप्ताह से पूर्व जंगली क्षेत्रों में कांबिंग

**धरहरा।** नक्सली के स्थापना दिवस से पूर्व एएसपी अभियान कुणाल कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा बलों द्वारा धरहरा प्रखंड के पहाड़ी व जंगली क्षेत्रों मे कांबिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सर्च ऑपरेशन में सीआरपीएफ, एसटीएफ, एसएसबी, कोबरा बटालियन एवं जिला बल शामिल है। बता दें कि नक्सलियों के स्थापना दिवस सप्ताह को लेकर धरहरा थाना एवं लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस अलर्ट मोड पर है। इस दौरान सुरक्षाबलों के द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बताया जाता है कि बैकफुट पर आ चुके नक्सलियों की हर एक गतिविधि पर पुलिस नजर बनाए हुए है। सुरक्षाबलों के द्वारा नक्सल प्रभावित सखौल, गंगटा, राजासराय, सतघरवा, बरमसिया, अमरासनी आदि के पहाड़ों एवं जंगलों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर से 27 सितंबर तक नक्सलियों द्वारा स्थापना दिवस सप्ताह मनाया जाता है। जिसको लेकर पुलिस पहले से ही नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई कर रही है। वहीं एएसपी अभियान कुणाल कुमार ने बताया कि नक्सलियों की हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है। नक्सलियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी है।

# भागलपुर में गंगा का कटाव जारी, पलायन कर रहे लोग

## जमीन बहने के बाद जरूरत के सामानों को बचाने की जद्दोजदह, ऊंचे स्थान पर जा रहे लोग

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सबौर प्रखंड का मसाढ़ गांव गंगा का कटाव जारी है। गंगा किनारें कई परिवार घर खाली कर पलायन करने को मजबूर हैं। लोग घर के सामान से लेकर ईंट तक ले जा रहे हैं। जिन लोगों की जमीन पानी में समा गई है वो अब अपने सामान को बचाने में लगे हैं। सभी ऊंचे स्थान की ओर जा रहे हैं। पीड़ित रिकेश कुमार ने कहा कि हम लोगों ने सड़क को जाम किया तो प्रशासन ने उल्टा हम पर केस कर दिया, अब हम करें भी तो क्या करें। आज गंगा नदी की धारा समुद्र जैसी है, मौसम बदलने के बाद स्थिति और भयावह हो गई है। लाचार शासन प्रशासन का रवैया ग्रामीणों को और भी डरा रहा है।

**मेरा सब कुछ खत्म हो गया:** रिणा देवी ने कहा कि घर तास की पत्ते जैसा बह गया। आंख में आंसू लिए महिला ने कहा कि मेरा सब कुछ चला गया। अब कैसे रहूंगी, कहां जाऊंगी और क्या खाऊंगी। बच्चों को किस प्रकार से रखूंगी। ग्रामीण आर्यन कुमार बताते हैं कि हम लोगों को देखने के लिए न तो प्रशासन आता है न ही नेता, जल संसाधन विभाग के अधिकारी को कॉल करने पर जवाब आता है, हम क्या करें हमारे पास सामग्री ही नहीं है। कटावरोधी कार्य के नाम पर केवल दिखावटी काम हो रहा है। 40 से अधिक पक्के के मकान गंगा में विलीन हो गए। अब खतरा और बढ़ गया है।


## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Notice**

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work: -

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 198 /PR/JUSNL/ 2024-25 | **Procurement of Auxiliary relays for control & relay panels at 132/33kV GSS Latehar.** | **Rs. 590.00 (Rs.500.00+ SGST @ 9% +CGST@9%)** | **Rs. 3,500/-** |

1. Start date for sale of tender documents :- **20.09.2024 from 02:00 PM**
2. Last date for sale of tender documents :- **14.10.2024 upto 05:00 PM**
3. Last date & time of submission of tender document :- **15.10.2024 upto 03:00 PM**
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- **15.10.2024 at 04:30 PM**
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 335945 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)



## झारखण्ड सरकार जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा
अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– **ZP/GARHWA/**05/2024–25
15वें वित्त आयोग मद

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रमना | ग्राम–परसवान में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/05/2024-25/GR-01 |

1 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–21.09.2024
2 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 21.09.2024 से दिनांक–27.09.2024
3 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–29.09.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 335949 District(24-25)D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

**e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No- 4/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 889 Dated:- 13.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | **Strengthening-Widening / Reconstruction of Bishrampur – Mahugai - Itko More road (Total Length = 17.94.km) for the year 2024-25.** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 51,20,13,110.00 (Rupees Fifty One Crore Twenty Lacs Thirteen Thousand One Hundred Ten) Only.** |
| 3. | Bid Security (Amount) | **Rs. 51,20,200.00 (Rupees Fifty One Lac Twenty Thousand Two Hundred) Only.** |
| 4. | Time of Completion | **18 Months** |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | **25.09.2024, 10:30 AM** |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | **16.10.2024, 12:00 Noon** |
| 7. | Date and Time of Bid opening | **18.10.2024, 12:30 PM** |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | **01.10.2024, 15:00 PM** |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | **Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in** |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | **Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.**06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | **eercdmedini-jhr@nic.in** |
| 12. | Helpline number of e Procurement cell | **0651-2401010** |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Daltonganj.**

PR.NO.335928 Road(24-25):D



## Govt. of Jharkhand
### URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT GARHWA NAGAR PARISHAD

**E-Procurement Notice**
**Short E-Tender Reference No. : GNP-03/2024-25, Date- 13.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Construction Of Gateway At Entrance/Exit Side And Providing/Fixing Of Main Signage - External Of Bus Stand Under Ward No. -06 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 52,97,600.00 (Fifty Two Lakh Ninty Seven Thousand Six Hundred Sixty Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 10000.00 (Ten Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | 105952.00 (One Lakh Five Thousand Nine Hundred Fifty Two Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 3 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 18.09.2024 up to 11:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 28.09.2024 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 30.09.2024, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa - 822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurement officer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in 4.
4. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्ति जमानत की राशि देनी होगी
(i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
(iii) पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के सभी प्रावधान लागू रहेंगे।

**Sd/- Executive Officer**
**Nagar Parishad Garhwa**

PR 335888 Urban Development (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से सिधवलिया के युवक की लुधियाना में मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।** सिधवलिया थाना क्षेत्र के एक युवक की विगत शनिवार को लुधियाना में सर्पदंश से मौत हो गई। मृत युवक बुचिया कली टोला के रामप्रवेश राम का पुत्र 17 वर्षीय कन्हैया कुमार था। उसका शव रविवार की रात को घर पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि कन्हैया लुधियाना में एक कंपनी में मजदूरी करता था। शुक्रवार की रात कमरे में उसे सांप ने डस लिया। उसे लगा कि शायद चूहा ने काट लिया है। शनिवार की सुबह स्थिति गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की खबर पर मां सुशीला देवी का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के सूचना मिलने के बाद राजद विधायक प्रेम शंकर यादव, प्रेम यादव, टुन्ना पाल, मुखिया पति प्रदीप कुमार, रजनीश कुमार आदि ने उसके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। पत्थर तोड़ने के दौरान थावे के युवक की बेंगलुरु में मौत थावे। स्थानीय थाने के लछवार गांव के एक युवक की बेंगलुरु में पत्थर तोड़ने के दौरान शनिवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसी ठेकेदार का पत्थर तोड़ने का कार्य चल रहा था। ब्लास्ट कर तोड़ने के दौरान पत्थर का एक टुकड़ा उसके शरीर पर लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। मृत युवक लछवार गांव के अमर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र अतुल सिंह था। परिजनों ने बताया कि घर से कमाने के लिए एक सप्ताह पहले ही बेंगलुरु गया था। लगभग चार वर्षों से पत्थर तोड़ने का कार्य करता था। बीच-बीच में घर भी आ जाता था। उसका शव बुधवार की सुबह तक पहुंचेगा। शव को एंबुलेंस से लाया जा रहा है।

### गलत तरीके से सेवानिवृत्त करने का आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर निगम के सफाई कर्मचारी सनातन हरि ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर गलत तरीके से सेवानिवृत्त कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। नगर आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि उनकी नियुक्ति 22 नवंबर 1995 को हुई। चिकित्सा प्रमाणपत्र के अनुसार 30 जून 2001 में उनकी उम्र 33 वर्ष दर्ज है। प्रमाणपत्र में उनकी जन्मतिथि 30 जून 1968 दर्ज है। इस अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति 30 जून 2028 को होना चाहिए, लेकिन तत्कालीन स्थापना शाखा प्रभारी द्वारा उन्हें गलत तरीके से तिथि निर्धारित करते हुए छह साल पहले ही सेवानिवृत्त कर दिया गया है। इस संबंध में कई बार आवेदन दिया गया है, लेकिन नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई। गलत व्यवहार करने के साथ धमकी भी दी गई। ऐसे में मामले की जांच कराते हुए उसे नगर निगम के साथ संयोजित करते हुए गलत कार्रवाई की जांच कराकर जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पूर्णिया, एजेंसी।** चम्पानगर पुलिस ने शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी चम्पानगर थाना क्षेत्र के पोठिया रामपुर पंचायत के इटहवा गांव निवासी मुंशी यादव का 48 वर्षीय पुत्र अनमोल यादव है। आवश्यक कार्रवाई करने के बाद सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बिहार में सरकारी दफ्तर से मिलीं शराब की 135 बोतलें, मुखिया के पति समेत 7 गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शराबबंदी वाले बिहार में एक सरकारी दफ्तर से ही दारू की खेप बरामद हुई है। राज्य सरकार के मद्य निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों ने मुजफ्फरपुर जिले के पारू इलाके में एक सरकारी कार्यालय के परिसर से शराब की 135 बोतलें बरामद कीं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मामले में चिंतामनपुर पंचायत की महिला मुखिया के पति मोती राम समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मद्य, निषेध एवं उत्पाद शुल्क विभाग के निरीक्षक शिवेंद्र कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने मुजफ्फरपुर के पारू क्षेत्र के फंदा गांव में एक सरकारी भवन के परिसर में बीती रात छापेमारी कर विदेशी शराब की 135 कार्टून बोतलें बरामद कीं। कार्टूनों को बोरियों में बंद करके परिसर के एक कोने में रखा गया था। सभी 135 कार्टून जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह परिसर पंचायत विभाग से संबंधित गतिविधियों के लिए था और महिला मुखिया भवन की प्रभारी हैं।

# पश्चिमी चंपारण में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 85 कार्टन शराब के साथ चालक गिरफ्तार



**योगापट्टी, एजेंसी।** पश्चिमी चंपारण के योगापट्टी की पुलिस ने लक्ष्मीपुर चौक से एक पिकअप वैन पर लदी 85 कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। वह यूपी से शराब की खेप लेकर आ रहा था। पूर्वी चंपारण में डिलीवरी देना था। गिरफ्तार चालक पूर्वी चंपारण जिला के बंजरिया थाना क्षेत्र के नयका टोला गांव निवासी राजेश साह के पुत्र गुड्डू कुमार है। उसके पास से एक मोबाइल जब्त किया गया है।

जिसके काल डिटेल के आधार पर अन्य धंधेबाजों की पहचान की जा रही है। वैन चालक भी शराब धंधेबाज है। डीएसपी रजनीश कांत प्रियदर्शी ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शराब की एक बड़ी खेप नवलपुर के रास्ते योगापट्टी थाना क्षेत्र में आने वाली है।

वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष कंचन भास्कर के नेतृत्व में पुलिस विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन जांच करने लगी। इसी दौरान लक्ष्मीपुर चौक पर पिकअप वैन को पुलिस ने रोका तो चालक तेज गति से बेतिया की तरफ भागने लगा। जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान अलग - अलग ब्रांड की 85 कार्टन शराब के साथ पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया है। मामले में कांड दर्ज कर चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शिवहर में हथियार के साथ सप्लायर सहित तीन बदमाश गिरफ्तार, फोन और बाइक भी जब्त

**शिवहर, एजेंसी।** जिले की तरियानी थाने की पुलिस ने मुशहरी चौक पर चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान हथियार और लूट की बाइक के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस, एक हौंडा बाइक और तीन मोबाइल जब्त की है।

पकड़े गए बदमाशों में तरियानी थाना क्षेत्र के मुशहरी गांव निवासी अजीत कुमार व आदित्य कुमार तथा मठ मसौली निवासी राजा कुमार शामिल है। पुलिस के अनुसार राजा कुमार हथियार सप्लायर है। पुलिसिया पूछताछ में तीनों बदमाशों ने पिस्टल राजा कुमार से खरीदने व इसके बल पर लूट व छिनतई की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। जानकारी के अनुसार, तरियानी थानाध्यक्ष विनय प्रसाद के निर्देश पर अवर निरीक्षक दीपक पटेल सहित पुलिस टीम गश्ती पर निकली थी। इस दौरान तरियानी थाना क्षेत्र के मुशहरी चौक पर एक बाइक पर सवार दो युवकों को पुलिस ने जांच के लिए रोका। पुलिस को देखते ही दोनों बाइक लेकर वापस भागने लगे। मौजूद पुलिस टीम ने खदेड़ कर बाइक सहित दोनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा बाइक व युवकों की जांच की गई। बाइक का कागजात मांगे जाने पर युवकों ने न तो कोई कागजात दिखाए और नहीं कोई जवाब नहीं दिया।

पकड़े गए आदित्य कुमार की मोबाइल की जांच में पिस्टल की तस्वीर दिखी। वहीं, वाट्सएप पर राजा कुमार के साथ उसकी चैटिंग मिली। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो अजीत व आदित्य ने बताया कि उसने पांच हजार में राजा कुमार से पिस्टल खरीदी है।

इसके बाद पुलिस ने बाइक व दोनों की मोबाइल जब्त करते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं अजीत कुमार की निशानदेही पर मुशहरी गांव स्थित अजीत के घर के पास स्थित एक झोपड़ी से जमीन में छिपाकर रखे गए पिस्टल को बरामद किया।

इसके बाद आदित्य व अजीत की निशानदेही पर मठ मसौली गांव में छापेमारी कर राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनय प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## नालंदा में डेकोरेशन संचालक की बेरहमी से हत्या

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** बिहार के नालंदा जिले में डेकोरेशन सह डीजे संचालक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वारदात हिलसा थाना इलाके के इंदौत गांव की है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना इलाके के दामोदरपुर गांव निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संतोष की ईंट और पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई, फिर शव को शौचालय की टंकी में फेंक दिया गया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ जारी है। हत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। लोगों में तरह-तरह की चर्चा है। कुछ लोग इसे लूटपाट की घटना से जोड़ रहे हैं, तो वहीं कुछ अवैध संबंध में हत्या की बात बता रहे हैं। परिजन ने बताया कि संतोष कुमार वह डेकोरेशन और डीजे का काम करता है। 15 सितंबर को मरांची गांव निवासी विक्कू कुमार चौधरी ने शादी और बर्थडे पार्टी के नाम से डेकोरेशन बुक कराया था। इसके बाद संतोष अपने बेटे रोहित कुमार के साथ विक्कू की एक महिला रिश्तेदार के यहां पहुंचा। विक्कू ने उन्हें वहीं पर रात रुक जाने को कहा। रात में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर संतोष और उसके बेटे की लाठी-डंडे से खूब पिटाई की। मारपीट के दौरान रोहित बेहोश होकर गिर गया। फिर आरोपी संतोष को घर लाए और उसकी हत्या कर शव को शौचालय की टंकी में फेंक दिया। दो दिन बीत जाने के बाद भी जब पति और बेटा घर नहीं आया तो पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और डेकोरेशन बुक करने वाले युवक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद शव को टंकी में फेंक दिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गंडक नदी का कटाव जारी, 50 बीघा जमीन समाई

**छपरा, एजेंसी।** रतजगा करने को विवश हैं ग्रामीण घर से महज दस से बारह मीटर दूरी पर नदी की धारा 6 - मकेर के लगुनियां हैजलपुर में कटाव स्थल के निरीक्षण के उपरांत किसानों से बात करते गंडक विभाग के एसडीओ विजय कुमार 7 - मकेर के हैजलपुर गांव में कटाव रोधी कार्य करते मजदूर व काम करवाते एसडीओ विजय कुमार व मुखिया अनिल सिंह मकेर, एक संवाददाता। प्रखंड के हैजलपुर व लगुनियां गांव में गंडक नदी में दूसरे दिन भी कटाव जारी है। अब तक पचासों बीघे जमीन नदी में समा चुकी हैं। आधा दर्जन लोगों के घर से महज दस से पन्द्रह मीटर की दूरी पर पानी बह रहा है। ये सभी रात को रतजगा करने को विवश हैं। हैजलपुर गांव की रीता देवी व संगीता देवी ने बताया कि पहले गांव से गंडक नदी एक किलोमीटर दूर थी पर अब तो घर से महज दस से बारह मीटर दूरी पर नदी की धारा है। वैसे में हम सभी परिवार के साथ रतजगा करने को विवश हैं। लगुनियां गांव के किसान अजय राय ,फतींगा राम , कृष्णा महतो व ओम प्रकाश महतो ने बताया कि उन लोगों की अधिकांशतः जमीन गंडक नदी में कट कर चली गई है। वैसे में अब तो खाने के भी लाले पड़ेंगे। यह कहानी? ओम प्रकाश महतो की ही नहीं ऐसे दर्जनों किसानों की है। पिछले आठ दिनों से हो रही कटाव में अब तक पचासों बीघे जमीन नदी में चली गई है। प्रतिदिन किसान जगने पर बिछावन छोड़ने से पहले ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि कटाव बंद हों। किसान शशि सिंह व सुमित सिंह ने बताया कि बांस व पेड़ों के डाल काटकर रखे जा रहे हैं,यह नाकाफी हैं। इससे कटाव रोकने की गुंजाइश नहीं है, जब तक कि पत्थर को बोरी में भरकर न रखा जाए। मालूम हो कि पिछले वर्ष भी उक्त? स्थान पर कटाव हुआ था लेकिन पानी बढ़ने के साथ धारा का प्रवाह दुसरे तरफ़ होने से रूक गया था। मकेर में दूसरा कटाव हसनपुरा बांध के पास हुआ था जिसे पत्थर व बोरी से पायलिंग करने पर कटाव रूक गया था। उक्त स्थल का मुआयना बीडीओ रीतिका सिन्हा,सी ओ निर्मला कुमारी ने किया। गंडक विभाग के एसडीओ विजय कुमार ने स्थल निरीक्षण के उपरांत बताया कि कटाव हो रहा है। कटाव रोधी काम किये जा रहें हैं। इसकी? सूचना वरिय पदाधिकारियों को दे दी गई है। दिशा निर्देश मिलने पर आगे की कारवाई की जायेगी। सारण में फिलहाल बाढ़ का खतरा नहीं,कटाव को ले अलर्ट बाढ़ से निपटने के लिए तैयारी पूरी होने का प्रशासन का दावा सारण में 14 प्रखंड वार्ड प्रभावित माने जाते हैं छपरा, नगर प्रतिनिधि। सारण में फिलहाल बाढ़ की स्थिति नहीं है। मकेर सहित कुछ अन्य प्रखंडों के नदी तट पर हो रहे कटाव पर जिला प्रशासन अलर्ट है। प्रशासनिक स्तर पर बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। चिकित्सा से लेकर आश्रय स्थल के बारे में भी निर्णय लिए गए हैं ।एनडीआरएफ की टीम भी तैनात की गई है। जलस्तर पर नजर रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कर्मियों की प्रति नियुक्ति की गई है।

जिला प्रशासन का कहना है कि बाढ़ आने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए भी योजना बनाई गई है ।सारण में 14 प्रखंड वार्ड प्रभावित माने जाते हैं। जिले के मकेर, पानापुर, तरैया, दरियापुर में नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। शुद्ध पेयजल की हो आपूर्ति बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में सभी पेयजल स्त्रोतों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से समन्वय स्थापित कर सहायता प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। पेयजल स्त्रोत बाढ़ के पानी जलजमाव से प्रभावित होता है। इसके कारण उस क्षेत्र के पीने के पानी के शुद्धिकरण छोटे स्त्रोतों के लिए क्लोरीन टिकिया ( हैलोजन टिकिया ) एवं बड़े स्त्रोतों के लिए ब्लीचिंग पाउडर के माध्यम से करने पर जोर दिया गया है। बाढ़ आने पर भी उपलब्ध होगी चिकित्सीय सुविधा स्वास्थ्य विभाग बाढ़ के समय होने वाली बीमारियों की रोकथाम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहता है।

## बिहार में टला रेल हादसा, चलती ट्रेन से निकलने लगीं आग की लपटें, यात्रियों में मची भगदड़






**छपरा, एजेंसी।** बिहार में एक ट्रेन हादसा टल गया। जब छपरा के सोनपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले अवतार नगर और बड़ा गोपाल रेलवे स्टेशन के बीच चलती ट्रेन में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन (ट्रेन नंबर 15079) की बोगी नंबर 113491 के नीचे से धुआं और आग की लपटें दिखाई देने लगीं। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री घबरा गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। जिसके बाद यात्रियों ने तत्काल ट्रेन के गार्ड और ड्राइवर को इसकी जानकारी दी गई, जिन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत ट्रेन रोक दी। ट्रेन को बड़ा गोपाल रेलवे स्टेशन पर रोका गया, जहां रेलवे कर्मियों ने बोगी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि बोगी के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में आग लगी हुई थी, जिससे धुआं निकल रहा था। इस स्थिति को संभालने के लिए रेलवे कर्मियों ने तुरंत बैटरी बॉक्स का कनेक्शन काट दिया और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। गनीमत रही कि समय पर समस्या का समाधान कर लिया गया और किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि आग बुझा दी गई थी, फिर भी सुरक्षा और कानूनी प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रेन को बड़ा गोपाल स्टेशन पर एक घंटे 13 मिनट तक रोके रखा गया। घटना की जानकारी मिलने पर उच्चाधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और ट्रेन को दोबारा चलाने की अनुमति दी गई। घटना के दौरान किसी भी यात्री को कोई शारीरिक नुकसान नहीं हुआ और न ही ट्रेन के अन्य डिब्बों में आग फैली। हालांकि, यात्रियों में इस घटना के बाद भय का माहौल बन गया और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना ने यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे के प्रबंधन पर एक बार फिर से सवालिया निशान खड़ा किया है, लेकिन रेलवे कर्मियों की तत्परता और त्वरित निर्णय ने बड़ी दुर्घटना को टालने में मदद की।

## लालू यादव के करीबी अमित कात्याल को बड़ी राहत, लैंड फॉर जॉब केस में मिली जमानत

**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी अमित कात्याल को लैंड फॉर जॉब मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कारोबारी कात्याल को रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कात्याल को लंबी सुनवाई के बाद जमानत का आदेश दिया।




कात्याल को 11 नवंबर 2023 को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि अमित कात्यालय ने आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की ओर से रेलवे में नौकरी के बदले कई लोगों से जमीन हासिल की थी। ईडी ने दावा किया कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए कई लोगों को रेलवे में नियमों की अनदेखी कर नौकरी दी गई थी। इसके बदले में लालू परिवार के सदस्यों और अन्य करीबियों के नाम पर जमीन लिखवाई गई थीं। एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के नाम पर भी रेलवे में नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों से जमीन हासिल की गई थी। इस कंपनी के निदेशक अमित कात्याल ही थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी पर भी सवाल उठाए। अदालत ने माना कि इस केस में किसी अन्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। वहीं, अमित कात्यालय जांच में शुरुआत से सहयोग कर रहे थे, इसके बावजूद उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट से रांची जाते समय गिरफ्तार कर लिया गया था। ईडी की ओर से कात्याल की गिरफ्तारी की आवश्यकता को स्पष्ट नहीं किया गया। साथ ही अन्य आरोपियों के मुकाबले इस केस में उनकी भूमिका कम है।

## छपरा में चाकू गोद कर अधेड़ का मर्डर, एक घायल

### शराब तस्करी के विवाद में हमले का आरोप, गांव में तनाव का माहौल




**छपरा, एजेंसी।** छपरा में आपसी विवाद में मंगलवार देर रात अधेड़ की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के रौजा तेलपा की है। बताया जाता है कि शराब तस्करी के विवाद में नशे की हालत में आरोपी ने हमला कर दिया। इसमें भजन महतो (55) पिता देव कुमार महतो की मौत हो गई है। जबकि, मृतक के बड़े भाई घायल है। भजन महतो की चाकू घोंपने के बाद घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद गांव में तनाव की स्थिति है, जिसको लेकर पुलिस की तैनाती की गई है। आपसी मारपीट और चाकूबाजी में एक जख्मी है। जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। भजन महतो को अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया।

### पड़ोसी से 2 दिन पहले हुआ था विवाद

घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक के भाई जवाहर महतो ने बताया कि पड़ोस के एक व्यक्ति से दो दिन पहले विवाद हुआ था। आरोपी ने बार बार हत्या करने की धमकी दी थी। मंगलवार देर शाम वो मेरे घर के बाहर आकर बैठा हुआ था। मेरे बड़े भाई जब गए तो उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। उनके चिल्लाने के बाद सभी लोग बाहर निकले, तो आरोपी ने शराब के नशे में चाकू घोंप दिया। वो जमीन पर गिर कर अचेत हो गए। अस्पताल में आने के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शराब के कारोबार को रोकने को लेकर विवाद हुआ था।

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

घटना में बारे में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के रौजा तेलपा में चाकू घोंप कर एक व्यक्ति की हत्या हुई है। फिलहाल, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल में भेज दिया है। परिजनों के दिए गए आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री 26 को आएंगे गया

### पितृपक्ष में अपने भक्तों के पूर्वजों का कराएंगे पिंडदान, सुनाएंगे भागवत कथा



**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री 26 सितंबर को गयाजी धाम पहुंचेंगे। वे यहां अपने भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराएंगे। साथ ही उन्हें भागवत कथा भी सुनाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। वे बोधगया के सम्बोधि रिसोर्ट में ठहरेंगे और वहीं विधि-विधान से भक्तों के पूर्वजों का पिंडदान कराया जाएगा। साथ ही उसी रिसोर्ट परिसर में वे भागवत कथा भी सुनाएंगे। इस बात की पुष्टि डीएम डॉ. त्यागराजन ने की है। डीएम ने कहा कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के गया आने की औपचारिक सूचना मिली है। इसके अलावा शेष जानकारी उनके पंडा को ही है। इधर, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के तीर्थ पुरोहित गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री और उनके भक्त बड़ी संख्या में गया जी धाम में पिंडदान के लिए पधार रहे हैं। वे हमसे गुरु आज्ञा लेकर भक्तों का पिंडदान कराएंगे।

**विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पिंडदान किया जाएगा :** गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने बताया कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के भक्तों के पूर्वजों का अर्पण, तर्पण, पूजा-पाठ, पिंडदान की क्रिया को देव घाट स्थित ओडिशा भवन परिसर में एक साथ कराया जाएगा। इसके बाद वे भगवान श्री हरि विष्णुचरण का दर्शन मंदिर के गर्भ गृह में करेंगे और वहां पिंड अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके द्वारा विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पिंडदान किया जाएगा। यह सब पूरा करने के बाद वे बोध गया रिसोर्ट चले जाएंगे।

### भक्तों ने कथा के लिए कराई बुकिंग

गजाधर लाल कटरियार धेड़ी ने यह भी बताया कि पिंडदान और भागवत कथा के लिए पूर्व से पंडित धीरेंद्र शास्त्री के भक्तों ने अपनी-अपनी बुकिंग करा रखी है। पिंडदान के निमित आने वाले तीर्थ यात्री दान करते हैं, वह भी स्वेच्छा से। इसकी कोई सीमा नहीं होती।

**अभी यह तय नहीं पंडित धीरेंद्र शास्त्री विष्णुपद मंदिर कब आएंगे: डीएम :** वहीं, डीएम त्यागराजन ने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने भक्तों के साथ आ रहे हैं। वे किस दिन विष्णुपद मंदिर में दर्शन करेंगे, इसकी सूचना उनकी ओर से अब तक विधिवत रूप से नहीं दी गई है।

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री को देखने के लिए सम्बोधि रिसोर्ट पहुंचे थे लोग

बीते वर्ष भी पितृपक्ष मेला के अवसर पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री और उनके भक्त गया जी धाम में आए थे और पिंडदान की प्रक्रिया को पूरी की थी। बीते वर्ष भी उन्होंने दरबार नहीं लगाया था। हालांकि बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए सम्बोधि रिसोर्ट पहुंचे थे। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने होटल परिसर के अंदर से ही भक्तों से मिले थे। उनके साथ सांसद मनोज तिवारी भी थे। उस वक्त पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था कि वे तीन महीने बाद गया जी धाम आएंगे और दरबार लगाएंगे। लेकिन ऐसा अब तक नहीं हुआ है।

## औरंगाबाद में बाइक समेत परिवार के 5 लोग डूबे, मां-बेटे हुए लापता

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में मंगलवार रात करीब 8 बजे एक बाइक सवार परिवार के 5 लोग बटाने नदी में बह गए। सभी देव की ओर से कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम की ओर जा रहे थे। नदी के पुल के पास वैकल्पिक रास्ता है। वहां से गुजरने के दौरान सभी नदीं में डूब गए। पांच लोगों में तीन को स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की सहायता से निकाल लिया गया। तीनों की स्थिति गंभीर है। मां-बेटे लापता हैं। गंभीर लोगों का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घटना अंबा देव पथ की है। ग्रामीणों ने कासमा थाना क्षेत्र के पखनोउर निवासी शीला देवी (45), गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव निवासी संतोष पाल और सत्यम कुमार (2) को बचा लिया। वहीं, संतोष पाल की पत्नी प्रियंका देवी और एक साल का बेटा अभ्यम कुमार लापता है। सभी एक ही परिवार के हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अंबा अंचलाधिकारी चंद्रप्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई पंकज झा, एसआई सत्येंद्र झा, एसआई औरंगजेब खां सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन में लग गए।

## संक्षिप्त समाचार

### लगातार बारिश में मिट्टी का घर छतिग्रस्त, प्रशासन से लगाई गुहार

**चाईबासा/गुवा , एजेंसी।** लगातार तीन दिनों तक हुई मुसलाधार वर्षा की वजह से गुवा के कल्याण नगर निवासी अत्यंत गरीब धनुर्जय कुमार दास का मिट्टी का घर क्षतिग्रस्त होकर गिरने की स्थिति में पहुंच गया है। धनुर्जय ने प्रशासन से गुहार लगाया है कि उसकी माँ लंबे समय से बीमार हालत में राउरकेला के एक अस्पताल में बेड पर पड़ी है। क्षतिग्रस्त घर बनाने हेतु उसके पास पैसा नहीं है। प्रशासन इसके लिये यथासंभव आर्थिक मदद करे या फिर पीएम अथवा अबुआ आवास योजना से घर बनवा दे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मनाया जन्मदिन

**चाईबासा/गुवा , एजेंसी।** 17 सितम्बर को भाजपा सारंडा मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन केक काट हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनकी स्वस्थ जीवन और लम्बी आयु की कामना की। सभी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत निरंतर नयी ऊंचाई की ओर अग्रसर हो रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मधुसुदन तुबिड, श्याम गुप्ता, अरविन्द लाल, संजीव राय, राजकुमार गुप्ता, आशना बिरुवा, सोमा नाग, आरती देवी, अमर दास, सुशान मुंडा, चतुर्भुज बेहरा,बादल भूमिज, अपराजीता थापा, अफताब आलाम आदि शामिल थे।

### सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों में की गई मां विश्वकर्मा की पूजा अर्चना

**चाईबासा, एजेंसी।** किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, गुवा, बड़ाजामदा आदि क्षेत्रों में भारी वर्षा के बावजूद हर्षोउल्लास के साथ विश्वकर्मा पूजा सम्पन्न हुआ। मेघाहातुबुरु स्थित ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन पूजा कमिटी द्वारा क्षेत्र का सबसे आकर्षक पूजा पंडाल बनाया गया था। यहाँ भक्तों के लिये खिचड़ी भोग का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावे मेघाहातुबुरु खदान गेट, किरीबुरु खदान व सिविल विभाग परिसर, गुवा व बड़ाजामदा में दर्जनों स्थानों पर विश्वकर्मा पूजा व खिचड़ी भोग का आयोजन हुआ। वर्षा के दौरान भी भक्त घरों से निकर पंडालों में भगवान विश्वकर्मा का दर्शन हेतु पहुंचे।

### चौपारण में तीन दिन की बारिश में गिरे आठ घर

**हजारीबाग, एजेंसी।** तीन दिन से लगातार मूसलाधार बारिश से चौपारण प्रखंड में लगभग आठ गरीब परिवार का कच्चा घर गिर गया. इस दौरान एक मिट्टी का घर गिरने से चार बच्चे दब गए. शुक्र है कि कोई हताहत नहीं हुआ. सिर्फ घर में रखे कुछ सामान मलबे में दब कर बर्बाद हो गये. सभी भुक्तभोगी अपने परिवार के साथ रहता था. घर गिर जाने के कारण सभी परिवार बेघर हो गए और सभी सदस्य दूसरे के घर में शरण लिए हुए हैं. सभी भुक्तभोगी काफ़ी गरीब है. अब देखना ये है कि प्रशासन इनकी कितनी मदद करता है.वहीं सोहरा में गिरे घर के संबंध में दैहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतीक्षा सूची में नाम नीचे रहने के कारण दोनों को अभी तक अबुआ आवास नहीं मिला है, जबकि सरकार एवं संबंधित अधिकारियों का कहना था कि प्राथमिकता के आधार पर परिवार को अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा. वहीं गोबिंदपुर पंचायत के लराही में जीतन यादव, चोरदाहा पंचायत के ग्राम नावाडीह में सुकर गंझू, भगहर के मालती देवी पति स्व. लखन दांगी, लोहरा के नारायण भुइयां, पिता बालेश्वर भुइयां, भंडार में नगिया देवी पति स्व. राधे साव, नगीना देवी पति मुकेश दांगी का घर बारिश से गिर गया है.

### भारी बारिश के बाद पतरातू डैम के खोले गए आठों फाटक, घरों और दुकानों में घुसा पानी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के कई इलाकों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद लोगों के आम जनजीवन प्रभावित हुआ है. वहीं पतरातु डैम क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश के बाद लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. पतरातू डैम के कैचमेंट एरिया में पहाड़ी नदियों से लगातार पानी आ रहा है. जिसके कारण डैम के जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है.बीते दिनों हुई लगातार बारिश का पानी कोई घरों वह दुकानों में घुस गया. वहीं पतरातू डैम के लेक रिजॉर्ट में कई नावे समेत टिकट काउंटर डूब गए हैं. मगंलवार अहले सुबह से बारिश बंद होने के बाद यहां का मौसम सुहाना हो गया है. दूर-दूर से सैलानी डैम से छोड़े गए पानी को देखने पहुंच रहे हैं. पतरातू डैम का नजारा भी बदल चुका है.

# झारखंड में रेलवे ट्रेक पर गिरी बड़ी चट्टान, वंदे भारत सहित कई ट्रेनों का रूट बदला

**बरकाकाना, एजेंसी।** झारखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण मंगलवार को सिधवार-सांकी रेलखंड के बीच टनल नंबर दो के पास ऊपर से एक बड़ी चट्टान रेलवे ट्रैक पर अचानक आ गिरी।

इस दौरान सांकी से बरकाकाना लौट रहा इंजन इसकी चपेट में आ गया। चट्टान इंजन के आगे वाले हिस्से के नीचे फंसकर काफी दूर घसीटती हुई टनल के अंदर चली गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि कई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार सिधवार-सांकी रेलखंड में टनल नंबर 2 के पास सांकी स्टेशन से बरकाकाना आ रहा इंजन जैसे ही टनल के पास पहुंचा इसी दौरान पहाड़ से एक चट्टान ऊपर से ट्रैक पर आ गिरी और इंजन के नीचे दोनों पहियों के बीच फंस गया। इस दौरान करीब 100 मीटर तक फंसी हुई चट्टान घसीटती हुई टनल के अंदर तक पहुंच गया।रेलवे ट्रैक का करीब 100 स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही जगह-जगह से ट्रैक भी टेढ़ा हो गया है। हालांकि रेलवे द्वारा पहाड़ न गिरे इसके लिए रेलवे ट्रैक पर जाली लगाने का काम चल रहा है।



इसके बावजूद बड़े चट्टान को जाल रोक नहीं पाया।

रेस्क्यू टीम पहुंची घटनास्थल वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे प्रबंधन की पूरी टीम रेस्क्यू ट्रेन के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई है। टीम इंजन के नीचे बड़े चट्टान को निकालने का प्रयास कर रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही धनबाद रेल मंडल ने बरकाकाना-रांची वाया सांकी बीआईटी मेसरा रूट पर एक बार फिर वंदे भारत और एक एक्सप्रेस ट्रेन के रूट को डायवर्ट कर दिया गया है। पटना- रांची- पटना वंदे भारत एक्सप्रेस और आसनसोल- हटिया- आसनसोल एक्सप्रेस बरकाकाना, सिधवार, हेहल, सांकी, बीआईटी मेसरा, टाटीसिलवे, रांची तक जाती थी, लेकिन अब यह ट्रेनें मुरी के रास्ते बरकाकाना तक आएगी।

धनबाद के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक और वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि सिधवार-सांकी रेलखंड में भारी बारिश के कारण अगली अधिसूचना तक ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है।

जिसमें 18 सितंबर को खुलने वाली गाड़ी संख्या 22349- 22350 पटना- रांची- पटना वंदे भारत एक्सप्रेस बरकाकाना- मुरी- रांची के रास्ते जाएगी। वहीं 18 सितंबर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13513-13514 आसनसोल- हटिया- आसनसोल एक्सप्रेस बरकाकाना- मुरी- रांची के रास्ते चलायी जाएगी।

रांची-पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री एक बार फिर कुछ दिनों के लिए दुसरे रुट से आना जाना पड़ेगा। वंदे भारत समेत कई एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट को अगले आदेश तक डायवर्ट कर दिया गया है। अब यात्रियों को बरकाकाना से रांची पहुंचने के लिए एक घंटे से अधिक समय लगेगा। मुरी से रांची जाने में अब ज्यादा समय लगेगा।

## 5 माह पहले बनी थी पुलिया, पहली बारिश में ही हो गई ध्वस्त; आवागमन पूरी तरह से ठप



**विश्रामपुर (पलामू), एजेंसी।** 5 माह पूर्व जिला योजना से विश्रामपुर प्रखंड के मल्लाह टोली गांव में धनकाई नदी पर बना पुलिया पहली बरसात में ही ध्वस्त हो गया। नदी की तेज बहाव से लोगों का आना-जाना खतरों से भरा पड़ा है। जिसके कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

गांव के लोग इसके लिए जिम्मेवार विभागीय पदाधिकारी को ठहरा रहे हैं। निर्माण कार्य के क्रम में किसी के द्वारा इसकी गुणवत्ता की जांच भी नहीं किया गया और नहीं किसी के द्वारा स्थलीय निरीक्षण।

अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता बचनदेव चौधरी ने कहामल्लाहटोली गांव निवासी आजादी के 78 वर्ष के इम्मीद भी हुआ और पांच माह में ही उम्मीदों पर पानी फिर गया। यह एक ग्रामीणों का लाइफ लाइन रास्ता था, जो प्रखण्ड व जिला मुख्यालय को जोड़ता था।

अब परेशानी इस कदर बढ़ गई है कि अगर अभी कोई बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल ले जाने का कोई रास्ता नहीं है। दूसरी ओर मवेशी को भी घर से बाहर ले जाना मुश्किल हो गया है। पुलिया ध्वस्त होने के बाद साईकल, मोटर साईकल और चार पहिया वाहन का परिचालन ठप हो गया है।

पांच माह पूर्व धनकाई नदी पर पुलिया बनाया गया था। इसको बनाने में कितना खर्च हुआ था, इसकी जानकारी नहीं है। स्थल पर योजना से संबंधित किसी प्रकार बोर्ड नहीं लगा है।

## प्रदेश कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री और विधायक का पुतला फूंका

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री नवनीत विट्टू और शिवसेना (शिंदे) विधायक संजय गायकवाड़ के बयान के खिलाफ मंगलवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक में दोनों नेताओं का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, नेता कांग्रेस विधायक दल सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सहित भारी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी ज़िला पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत बिट्टू ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आतंकी और देश का दुश्मन कहा है। केन्द्रीय मंत्रीके जरिये दिए गए ऐसे आपत्तिजनक बयान का झारखंड प्रदेश कांग्रेस भर्त्सना करती है। झारखंड की जनता यह जानना चाहती है कि राहुल गांधी के विरुद्ध यह नफरती अभियान किसके इशारे पर हो रहा है। कमलेश ने कहा कि महाराष्ट्र के सत्ताधारी दल शिवसेना (शिंदे) के विधायक संजय गायकवाड़ ने भी राहुल गांधी पर तथ्यहीन आरोप लगाते हुए हिंसात्मक टिप्पणी की है।

कमलेश ने कहा कि आखिर राहुल गांधी के प्रति भाजपा नेताओं में इतनी नफरत क्यों है। देश में राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा के लोग घबरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ ऐसी हिंसात्मक बयानबाजी करने वाले असली आतंकी हैं। साथ ही कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस मांग करती है कि भाजपा नेता नवनीत बिट्टू एवं शिवसेना (शिंदे) विधायक संजय गायकवाड़ को नफरती एवं हिंसात्मक बयानबाजी करने के लिए तुरंत गिरफ्तार करे।

### समाज के द्वारा मिले सम्मान से बढ़ता है मनोबल : सकलदीप भगत

**रांची, एजेंसी।** ब्याहुत कलवार संघ तुपुदाना हटिया के तत्वधान में श्री गोविंद उच्च विद्यालय हटिया में पारिवारिक मिलन समारोह की शुरुआत भगवान बलभद्र एवं सहस्त्रबाहु जी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव धर्म प्रकाश ब्याहुत एवं कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता की अगुवाई में मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि विनय जायसवाल के द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान हेतु कार्य कर रहे समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। समाज के सभी प्रबुद्ध जन इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू के संस्थापक सह निदेशक सकलदीप भगत को विशिष्ट अतिथि विनय जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा सुदूर ग्रामीण इलाकों के बच्चों के बीच शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए शिक्षक सकलदीप भगत को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सकलदीप भगत ने समाज के सभी सम्मानित जन को उनका मनोबल बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया और शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह अपने शिक्षक धर्म को निभाने का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि हमेशा से समाज के भेदभाव को मिटाने के लिए सबसे बड़ा शस्त्र शिक्षा ही रहा है। आज उन्हें महसूस हो रहा है कि उनके पास इतना बड़ा अपना एक परिवार है।

## 46 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों की ट्रेनिंग आईटीएस होटवार में शुरू

**रांची, एजेंसी।** सीआईडी के बैनर तले मंगलवार को 46 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों की ट्रेनिंग शुरू की गयी है. यह ट्रेनिंग आईटीएस होटवार में आयोजित की गयी है. द्वितीय बैच के 46 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों के लिए तीन सप्ताह के ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्घाटन झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना और सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज द्वारा किया गया.



### हाईकोर्ट झारखंड के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने सलाह दी थी

बता दें कि हाईकोर्ट झारखंड के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की सलाह पर तत्कालीन डीजी सीआईडी और डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता द्वारा महिला थाना में निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों को प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया गया था. इन प्रशिक्षित महिला कर्मियों को झारखंड के सभी महिला थाना में प्रतिनियुक्त किया जायेगा, जो महिला एवं बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधों के कांडों में पुलिस अनुसंधान में सहायता करेंगी. उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान, कानून, नर्सिंग, मनोविज्ञान, सॉफ्ट स्किल साइबर जैसे विषयों में प्रशिक्षण दिया जायेगा.

### 38 महिला थाना में प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है

प्रथम बैच की 45 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों को राज्य के 38 महिला थाना में प्रतिनियुक्त किया जा चुका है. इन महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया गया है कि पीड़ित पक्ष जब थाना आये तो वह उनको शुरुआती प्राथमिक चिकित्सा देने से लेकर मनोवैज्ञानिक सलाह देते हुए अदालत में ट्रायल तक साथ में रहे. महिला एवं बच्चों के विरुद्ध हो रही लैंगिक हिंसा विशेष कर पॉक्सो और जेजे एक्ट जैसे कानून के संबंध में विशेष रूप से उन्हें जानकारी दी गयी है.

# भाजपा में शामिल होते ही भगवा रंग में रंगे चंपई सोरेन, झामुमो के गढ़ में कर रहे तगड़ी सेंधमारी

**हिरणपुर (पाकुड़), एजेंसी।** भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन झामुमो के गढ़ संताल परगना में सेंधमारी करने में जुट गए हैं।

उन्होंने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर भाजपा के मुद्दे को धार देते हुए कहा है-संताल परगना क्षेत्र में बंग्लादेशी घुसपैठियों के कारण सामाजिक समरसता बिगड़ रही है। इसे बचाने के लिए इन्हें भगाना जरूरी है।घुसपैठियों के पास बांग्लादेश के साथ-साथ झारखंड में अलग-अलग पहचान पत्र है। जो काफी गंभीर विषय है, इसकी जांच जरूरी है।पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन सोमवार को डांगापाड़ा फुटबाल मैदान में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में उपस्थित हजारों की भीड़ को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी समाज की परंपरागत संस्कृति व अस्मिता को नष्ट करने का काम किया जा रहा है। मांझी परगना को आगे आकर आदिवासी संस्कृति को बचाना होगा। वीर शहीद सिदो कान्हु, चांद भैरव व फूलों झानू ने अंग्रेजों के विरुद्ध लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होने कहा कि हमारे पूर्वजों ने इस मिट्टी को लेकर कुर्बानी दी। जल , जंगल , जमीन की रक्षा की। इसको बचाये रखने की जिम्मेवारी हम सभी का है।

उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिले में आदिवासियों की संख्या निरंतर घट रही है। जो काफी सोचनीय विषय है।



इस धरती के मालिक आप है। इसके सम्मान व रक्षा को लेकर आपसबों को आगे आना होगा।इसके लिए आदिवासी-मूलवासियों को साथ लेकर जल्द ही जनांदोलन किया जाएगा। अपनी परंपरागत सामाजिक व्यवस्था, संस्कृति को बचाये रखने के लिए मांझी परगना को आगे बढ़कर कार्य करना होगा।

पूर्व विधायक सीता सोरेन ने हेमंत सरकार पर हामला बोलते हुए कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार गूंगे-बहरे की सरकार है। राज्य के खनिज संपदाओं की लूट मची है। उन्होंने कहा कि झारखंडियों का विकास न होकर बाहरी लोगों का विकास हो रहा है। रोजगार के लिए लोगों का पलायन हो रहा है। 24 वर्ष हो गया, अलग राज्य हुए पर अभी तक झारखंडियों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाया।उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन को कंपनियों के हाथों बेचा जा रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण सामाजिक स्थिति बिगड़ रही है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि केंद्र के पास 136 हजार करोड़ रायल्टी का बकाया है तो न्यायालय क्यों नहीं जाते सूबे की जनता को बरगलाकर शासन करना चाह रहे हैं।लोबिन पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि हम जमीन को बचाएंगे , तब ही आदिवासियों की अस्मिता बचेगी। गायबथान में एक समुदाय के लोगों द्वारा आदिवासियों पर अत्याचार किया।

पाकुड़ केकेएम कालेज में आदिवासी छात्रों पर पुलिस ने बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की, पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झांकने तक नहीं आये।झारखंड सरकार अभी तक राज्य के युवाओं के लिए स्थानीय नीति क्यों नहीं ला पाई। संथालपरगना कास्तकारी अधिनियम का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जल , जंगल , जमीन व आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा।

## जायंट्स ग्रुप का स्थापना सप्ताह , जरुरतमंदो के बीच बांटा भोजन पैकेट



**चाईबासा, एजेंसी।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन अपने स्थापना दिवस को जायंट्स सेवा सप्ताह के रूप में मना रहा है। 17 सितंबर से 23 सितंबर तक चलने वाले इस सेवा सप्ताह में पूरे विश्व के समूहों द्वारा प्रत्येक दिन विभिन्न सेवा कार्य किए जाते हैं, 52वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जायंट्स सप्ताह के पहले दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा द्वारा मंगलवार की रात्रि में चाईबासा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर ज़रूरतमंदों को और चाईबासा सदर अस्पताल के मरीजों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए. इस कार्यक्रम से लगभग 200 ज़रूरतमंद लाभान्वित हुए ।कार्यक्रम में फैडरेशन 8 के अध्यक्ष दीपक शर्मा , फैडरेशन ऑफिसर आफताब आलम , तथा ग्रुप के कोषाध्यक्ष रवि साव, सदस्य सत्येन्द्र कुमार, विष्णु भूत , पीयूष अग्रवाल, दिनेश प्रसाद , संदीप कुमार और अभिषेक मिश्र मौजूद थे।

# झारखंड भाजपा ने राज्य में शुरू किया परचा बांटो अभियान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से ही पूरी ताकत झोंक दी है. झारखंड भाजपा की तरफ से राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्रों में परचों का वितरण किया जा रहा है. परचा मिला क्या में बताया जा रहा है कि कैसे पिछले पांच सालों में राज्य के लोगों को कुछ भी नहीं मिला. इससे पहले झारखंड भाजपा ने अखबारों में लगातार यही विज्ञापन जारी किया था. अब चौक-चाराहों और गांवों में परचे बांटे जा रहे हैं. जिसके जवाब में हेमंत सरकार ने भी देखा क्या से जवाब दिया था.

**परचे में मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी है :** झारखंड भाजपा द्वारा जिस परचे का वितरण किया जा रहा है, उसमें केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी है. साथ ही बताया गया है कि झारखंड में कितने लोगों, कितने परिवारों को केंद्र



की योजनाओं का लाभ मिल रहा है. सामाजिक कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तिकरण से लेकर युवाओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बारे में परचे में जिक्र किया गया है. साथ ही झारखंड सरकार के उन वायदों को गिनाया गया है, जिसे सरकार पूरा नहीं कर सकी है.जानकारी के मुताबिक पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमशेदपुर आये थे. वहां उन्होंने वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखायी. साथ ही एक सभा को संबोधित किया. इस सभा में प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेताओं से लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा भी शामिल हुए थे. मोदी के इस दौरे के बाद भाजपा ने अपने परचा बांटो अभियान को तेज कर दिया है. एक साथ राज्य भर में परचे बांटे जाने की वजह से इस अभियान को प्रभावशाली माना जा रहा है.

## खूंटी में भाजपा की परिवर्तन यात्रा अब 23 सितंबर को, जेपी नड्डा होंगे शामिल

**रांची/खूंटी, एजेंसी।** भाजपा की 22 सितंबर को खूंटी में आहूत परिवर्तन यात्रा अब 23 सितंबर को होगी। यह जानकारी सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में दी।




कार्यक्रम में स्वागत भाषण और विषय प्रवेश जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कराया। दीपक प्रकाश ने कहा कि परिवर्तन यात्रा जो 22 सितम्बर को होने वाली थी, अब उसमें संशोधन किया गया है। परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को होगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगें। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सांसद ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा सत्ता परिवर्तन यात्रा है। बैठक में दक्षिणी प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा, एसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, कैलाश राम ,कृपा सिंधु बेहरा, इंदौरी गुड़िया, जगन्नाथ मुंडा, भागीरथ राय, जिला महामंत्री संजय साहू, निखिल कंडुलना जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, मीडिया सह प्रभारी महावीर राम के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## इस्तीफे का दांव

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अरविंद केजरीवाल के फैसले ने एक स्तर पर लोगों को चौंकाया जरूर, लेकिन इसने प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति के कई तात्कालिक और कुछ दूरगामी पहलुओं की ओर भी ध्यान खींचा है। केजरीवाल के जेल में रहते हुए उन पर इस्तीफे का दबाव बनाने में विरोधियों ने कोई कसर उठा नहीं रखी। उस पूरी अवधि में सभी दबावों की अनदेखी करते हुए वह अड़े रहे। अब जब केंद्रीय एजेंसी सीबीआई पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और पूरी पार्टी इसे केजरीवाल की जीत बता रही है, तब उन्होंने इस्तीफे का एलान कर दिया। इसी बिंदु पर चुनावी राजनीति की रणनीतिक बारीकियां अपनी ओर ध्यान खींचती हैं। दिलचस्प है कि इस मामले में चाहे बीजेपी हो या आप दोनों में हमलावर तेवर बनाए रखने की जैसे होड़ लगी हुई है। दोनों ही दल इस बात को लेकर काफी सतर्क नजर आते हैं कि वे बचाव की मुद्रा में न दिखने लग जाएं। आप नेता चाहें या न चाहें केजरीवाल की छवि दिल्ली में बड़ा चुनावी मुद्दा बनने ही वाली है। ऐसे में इस्तीफे के जरिए इस सवाल को केंद्र में लाकर आप ने यह साबित करने का प्रयास किया है कि वह इस सवाल से किसी भी रूप में कतरा नहीं रही। महत्वपूर्ण यह भी है कि केजरीवाल ने पहले इस्तीफा न देने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए पूरे इंडिया ब्लॉक को इस दायरे में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि चाहे कर्नाटक में सिद्धारमैया हों या केरल में पी विजयन या पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी– भाजपा ने इन सबके खिलाफ मामला दर्ज कर इनकी सरकार गिराने की साजिश तैयार रखी थी। इस बड़ी साजिश को नाकाम करने के लिए ही वह अब तक इस्तीफा न देने की बात पर अड़े रहे। साफ है कि खुद को इंडिया. ब्लॉक में मजबूती से बनाए रखना अभी उनकी प्राथमिकता में है। हालांकि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से आखिरी पलों में तालमेल के कोई संकेत अभी तक नहीं हैं। चाहे अन्ना आंदोलन हो या एक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभर आने के बाद का, आप लीडरशिप ईमानदारी को कानून–व्यवस्था की नजरों से ही देखती थी। इसीलिए शुरू में उसका स्टैंड यह था कि जिस नेता पर भी कोई मामला दर्ज हो या उसे गिरफ्तार किया जाए, उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। इस बार पार्टी के नेता पद छोड़ने का फैसला करते हुए भी जनता की अदालत में खुद को बेकसूर साबित करने पर जोर दे रहे हैं। यह पार्टी के नजरिए में आए बदलाव का सबूत है। यह भारत में राजनीति की जीवंतता की एक निशानी तो है ही।

## चीतों का कुनबा बढ़ाने के लिए सरकार की तैयारी

चीता परियोजना केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। दो वर्ष पहले नामीबिया से आठ चीते लाकर मध्यप्रदेश के कूनो उद्यान में छोड़े गए थे। इस तरह करीब अस्सी वर्ष बाद फिर से चीतों को बसाने की पहल शुरू हुई थी। हालांकि तब काफी आशंकाएं जताई गईं थी कि भारत की जलवायु चीतों के अनुकूल नहीं है और शायद वे ज्यादा दिन जीवित नहीं रह पाएंगे। मगर अब वे आशंकाएं काफी हद तक निर्मूल हो चुकी हैं। उसके एक वर्ष बाद दक्षिण अफ्रीका से बारह चीते मंगाए गए थे।हालांकि इस बीच आठ चीतों ने दम तोड़ दिया, पर बचे हुए चीतों ने सत्रह शावकों को जन्म दिया, जिनमें से बारह जीवित हैं। स्वाभाविक ही इससे उत्साहित होकर सरकार ने अब केन्या से चीते लाने का समझौता किया है। भारत ने इसे अंतिम रूप दे दिया है और केन्या प्रशासन से इस पर मंजूरी का इंतजार है। केन्या से लाए जाने वाले चीतों को गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में बन रहे प्रजनन केंद्र में बसाने की योजना है।ऐसा नहीं कि चीतों को बसाने की कोशिश इससे पहले नहीं हुई। अंग्रेजों के शासन में भी इसके प्रयास हुए, मगर यहां की जलवायु और शिकारियों पर अंकुश न लग पाने की वजह से चीतों का कुनबा बढ़ नहीं पाया। अच्छी बात है कि अब कूनो उद्यान में चीतों का परिवार बढ़ रहा है। उनकी संख्या पच्चीस हो गई है। हालांकि योजना थी, चीतों को कूनो में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा जाना था, मगर उनमें बीमारियों और शिकारियों आदि के भय से उन्हें अभी तक पिंजरों में ही कैद रखा गया है। उनमें से केवल एक चीता बाहर है।दरअसल, कूनो उद्यान के चीतों में कई बार बीमारियों का प्रकोप देखा गया है, इसलिए उन्हें सुरक्षित वातावरण में रखा जाता है। पर इस तरह अभयारण्य और चिड़ियाघर में अंतर नहीं रह जाता।

## हिंदूफोबिया को लेकर बाइडेन सरकार संदेह के घेरे में

**(चेतनादित्य आलोक)**

अमेरिकी सरकार अपने देश में होने वाली नस्लवादी हिंसा पर हमेशा ही परदे डालने का कार्य करती है, लेकिन ऐसी ही हिंसक गतिविधियों को लेकर दूसरे देशों, विशेषकर विकासशील, कमजोर और छोटे देशों के पीछे वह हाथ धोकर पड़ी रहती है। गौरतलब है कि इसी वर्ष जून के आखिरी सप्ताह में अमेरिका के विदेश विभाग ने वर्ष 2023 के लिए 'धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट' जारी कर मोदी सरकार और बीजेपी का नाम लिए बिना ही भारत में मुस्लिम और ईसाई अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया था, जबकि सच तो यह है कि भारत में अल्पसंख्यक दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक स्वतंत्र, तीव्र जनसंख्या वृद्धि एवं आर्थिक समृद्धि वाला वर्ग (समूह) माना जाता है और अब तो यह सिद्ध भी हो चुका है। भारत में निवास करने वाले हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी, यहूदी, वोहरा आदि तमाम समुदायों के लोग स्वतंत्रतापूर्वक रहते हुए अपने मन के मुताबिक अपनी जीविका चलाने तथा परिवार का भरण-पोषण करने का कार्य करते हैं। इतना ही नहीं, भारत में रहने वाला किसी भी जाति, समुदाय, धर्म अथवा वर्ग का कोई भी व्यक्ति दूसरे दर्जे का नागरिक नहीं समझा जाता है। भारत के पवित्र और महान संविधान ने यहां पर निवास करने वाले अन्य जातियों, समुदायों, धर्मों और वर्गों के व्यक्तियों को भी उतना ही अधिकार प्रदान किया है, जितना हिंदू समुदाय के लोगों को प्राप्त है। इतनी स्वतंत्रता... इतनी समानता... इतनी आजाद ख्याली और इतनी निर्भीकता किसी अन्य देश में अल्पसंख्यकों को प्राप्त है क्या... नहीं, लेकिन फिर भी अमेरिका भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार एवं भेदभाव किए जाने का आरोप लगाता रहता है। सर्वाधिक दुःख की बात तो यह है कि यह आरोप सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि कनाडा, जर्मनी, तुर्किए, पाकिस्तान और मालदीव जैसे देश भी अब भारत पर इस प्रकार के घिनौने आरोप लगाने की हिमाकत करने लगे हैं, जिनके देशों में खुद

*हडसन इंस्टीट्यूट के अनुसार खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं और भारत कई बार खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई की मांग कर चुका है। इसलिए खालिस्तान से जुड़े संगठनों और उनके समर्थकों की सभी गतिविधियों की जांच होनी चाहिए। इसी वर्ष 28 जून को उत्तरी अमेरिकी हिंदुओं के गठबंधन 'सीओएचएनए' द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस' में हिंदू समुदाय के नेताओं, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने अमेरिका में जारी हिंदूफोबिया के विरुद्ध भारतीय-अमेरिकी हिंदुओं के प्रति अपना समर्थन जताया था।*

ही अल्पसंख्यकों का जीवन हमेशा संकटों से भरा रहता है। इस मामले में जर्मनी को यदि छोड़ भी दें तो कनाडा, तुर्किए, पाकिस्तान और मालदीव को यह अधिकार नहीं है कि वे अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव करने का आरोप भारत पर लगाएं, लेकिन ये ऐसा करने की हिम्मत इसलिए करते हैं, क्योंकि इन देशों में फिलहाल भारत और मोदी विरोधी सरकारें मौजूद हैं। इसलिए येन-केन-प्रकारेण इन्हें भारत और मोदी सरकार का विरोध करना ही है। ऐसे में नकारात्मक राजनीति करने वाले हमारे देश के कुछ विपक्षी दल और राजनेता इनका काम आसान करने का कार्य करते रहते हैं। प्रायः प्रत्येक बात पर मोदी सरकार का विरोध करते-करते कुछ विपक्षी दल और राजनेता अक्सर मर्यादा की सीमाएं लांघ जाते हैं। अभी बहुत दिन नहीं हुए हैं, जब राहुल गांधी ने देश के भीतर भी और विदेशों में भी विपक्ष की आवाजें दबाने और देश की स्वायत्त संस्थाओं को कमजोर तथा नियंत्रित करने का आरोप मोदी सरकार पर लगाया था। बाद में तमाम विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं यथा अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, कनीमोई आदि ने भी यही आरोप लगाया था। दरअसल, मोदी सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलेरेंस की नीति अपनाए जाने की वजह से देश भर से अनेक विपक्षी नेताओं के भ्रष्टाचार उजागर होने और फिर ईडी तथा सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के हत्थे चढ़े इन नेताओं के जेल जाने के मामले को विपक्ष ने मोदी सरकार की दमनकारी नीति करार देकर इसे देश के भीतर और बाहर मुद्दा बनाने का कार्य किया। इतना ही नहीं, मुसलिमों के विरूद्ध भाजपा मुख्यमंत्रियों और नेताओं द्वारा दिए गए राजनीतिक बयानों और किसी मुसलिम नागरिक के विरूद्ध घटित सही या गलत कुछेक घटनाओं को लेकर सरकार और भाजपा को मुसलिम विरोधी बताते हुए मीडिया में मनगढ़ंत इस्लामोफोबिक एजेंडा चलाने का भी कार्य किया गया। देखा जाए तो सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के विरूद्ध विपक्ष के द्वारा चलाए जाने वाले ऐसे नकारात्मक नैरेटिव को ही अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, तुर्किए, पाकिस्तान और मालदीव जैसे देश आगे बढ़ाने का कार्य करते रहते हैं, ताकि दुनिया भर में भारत विरोधी एजेंडा चलाकर मोदी सरकार को बदनाम और कमजोर किया जा सके। यह एक घातक अंतरराष्ट्रीय साजिश प्रतीत होती है, जिसे देश की विपक्षी पार्टियां जाने-अनजाने मजबूती प्रदान करने का कार्य करती रही हैं। जबकि वास्तव में 2014 से ही 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के सिद्धांत पर चलती हुई मोदी सरकार बिना भेदभाव के सभी जातियों, वर्गों, समुदायों एवं धर्मों के लोगों का विकास करने में जुटी हुई है। दूसरी ओर स्वयं अमेरिका समेत इन देशों में ही निर्दोष एवं मासूम अल्पसंख्यकों और विदेशी नागरिकों के साथ जिस प्रकार के व्यवहार किए जाते हैं, वे इन्हें असभ्य, नस्लवादी, रूढ़ एवं असहिष्णु समाजों की सूची में शामिल किए जाने के लिए पर्याप्त प्रतीत होते हैं। इस वर्ष जनवरी से मार्च तक में ही अमेरिका में लगभग डेढ़ दर्जन भारतीय विद्यार्थियों की हत्या कर दी गई अथवा संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई थी। यही नहीं, अमेरिका के विभिन्न भागों में स्थित हिंदू मंदिरों पर भी हमले काफी बढ़ गए हैं। गौरतलब है कि न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया तक अब तक अमेरिका में हिंदुओं एवं हिंदू मंदिरों पर कई हमले किए जा चुके हैं। इन हमलों से भारतीय-अमेरिकी समुदाय बेहद चिंतित, भयभीत और नाराज भी है। इसी वर्ष अप्रैल के आरंभिक सप्ताह में पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, श्री थानेदार और ऐमी बेरा ने डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस को पत्र लिखकर मंदिरों पर हमलों को लेकर रिपोर्ट मांगी थी और साथ ही यह भी कहा था कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर होने वाले हमलों में हुई वृद्धि को लेकर डरे हुए हैं। अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी हिंदुओं और उनके धार्मिक मंदिरों पर लगातार होते हमलों को लेकर इसी वर्ष अप्रैल के शुरूआत में अमेरिकी थिंक टैंक हडसन इंस्टीट्यूट ने अपनी एक रिपोर्ट 'पाकिस्तान डिस्टेबलाइज प्लेबुक-खालिस्तान सेपरेटिस्ट एक्टिविज्म विदिन अमेरिका' में कहा था कि अमेरिका में कई गुरुद्वारे अब चरमपंथ, उग्रवाद और हिंसा की जन्म-स्थली बन गए हैं।

## ढाका भला काबुल क्यों बने

**(शशि शेखर)**

बांग्लादेश की नवनियुक्त सरकार अगले महीने की शुरुआत में एक बड़े इम्तिहान से गुजरेगी। उस दौरान वहां पर दुर्गापूजा के विशाल आयोजन किए जाएंगे और समूची दुनिया देखेगी कि वहां पर हिंदुओं की स्थिति क्या है? क्या वे अपना सबसे बड़ा त्योहार पुरानी आबरू के साथ मना पाएंगे? इन सवालों को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी के एक बयान से और हवा मिली है। वह फरमाते हैं- 'नमाज के दौरान ऐसी गतिविधियां बंद होनी चाहिए और अजान से पांच मिनट पहले इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगानी होगी।' इस तरह की गतिविधियों से उनका आशय वाद्ययंत्रों और लाउडस्पीकरों के प्रयोग से है। इसमें दो राय नहीं कि कुछ हफ्ते बांग्लादेशी हिंदुओं पर बहुत भारी पड़े हैं। शेख हसीना के दुर्भाग्यजनक पलायन के बाद से हिंदू आबादी पर जिस तरह हमले हुए, उन्होंने बांग्लादेश के धर्मनिरपेक्ष चेहरे पर खरोंचे छोड़ दी हैं। 'बांग्लादेश नेशनल हिंदू गार्ड एलायन्स' के मुताबिक, हसीना सरकार के पतन के बाद से देश के 48 जिलों में हिंदुओं को हिंसक हमलों और खून-खराबे का सामना करना पड़ा। पहले यह माना गया था कि कुछ अराजक तत्व नए उपजे हालात का लाभ उठाकर अपने हाथ सेंक रहे हैं। ऐसा सोचने वाले गलत साबित हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुजरी 5 अगस्त से मुल्क के विभिन्न स्कूलों में पढ़ा रहे 50 हिंदू शिक्षकों से जबरन इस्तीफे लिखवा लिए गए। वहां के हालात किस कदर संवेदनशील हैं, इसकी जानकारी एक और तथ्य से मिलती है। बांग्लादेश के सरकारी दफ्तरों को पिछले दिनों एक हुक्मनामा हासिल हुआ कि आप जल्दी से जल्दी अपने हिंदू कर्मियों की सूची मुहैया करवाएं। इससे इन खबरों को बल मिला कि नवनियुक्त सरकार जान-बूझकर अल्पसंख्यकों को उनके रोटी-रोजगार के हक से वंचित करना चाहती है। हालांकि, बाद में सरकारी नुमाइंदे ने सफाई दी कि ऐसा हर साल होता है। तब तक देर हो चुकी थी। अफवाहों ने अपने पंख खोल लिए थे और वे समूचे मुल्क में आशंकाओं के अपशकुन रोप रही थीं। वहां के अल्पसंख्यक समुदाय का कहना है कि हम पुलिस की मौजूदगी में भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खूंरेजी का सामना उन्हें करना पड़ा, उसमें उन्हें खाकी वर्दी वालों की अनुपस्थिति या उदासीनता बेहद खली। खौफजदा ये लोग अक्सर पिछली 6 सितंबर को हुई हिंसक वारदात का उदाहरण देते हैं, जब 15 साल के किशोर को खुलना शहर में सरेआम पीट-पीटकर मार डाला गया था। उस पर आरोप था कि उसने सोशल मीडिया पर मोहम्मद साहब के विरुद्ध तथाकथित टिप्पणी की है। हमारे देश में भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, मगर भारत में समय रहते उस पर कार्रवाई की जाती है। बांग्लादेश में ऐसा नहीं हुआ। अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हिंदुओं पर होने वाले हमलों को अतिरंजित बता रही है। उसका कहना है कि खास किस्म के लोगों ने जान-बूझकर ऐसी स्थिति पैदा की है, ताकि बांग्लादेश का नाम बदनाम हो सके। सरकारी प्रवक्ता ने इस तरह के अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा भी- 'अगर किसी ने पूजा-पंडालों में हंगामा किया, पूजा में बाधा डाली या लोगों को परेशान किया, तो हम उसे बख्शेंगे नहीं। बांग्लादेश की आइन के मुताबिक हम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और शांति-व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।' जो नहीं जानते, उन्हें बताने में हर्ज नहीं कि दुर्गापूजा के मौके पर नौ दिनों तक दुर्गा पंडाल सजाए जाते हैं। समूची दुनिया में बिखरा बंगाली समुदाय इस उत्सव को बढ़-चढ़कर मनाता है। उम्मीद है, बांग्लादेश की सरकार अपने दावे के अनुरूप काम करने में सफल होगी। अगर उन्हें अपने मुल्क को पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तरह नहीं बनाना है, तो उन्हें सांप्रदायिकता की आंधी से खुद को दूर रखना ही होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5496

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5495

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

## वर्ग पहेली 5496

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | | ■ | ■ | 14 | | |
| ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 25 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ में अपना पहला भाषण दिया (6)
7. सुगंध, खुशबू, महक (3)
8. नितांत, बिल्कुल (4)
10. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (3)
11. नतीजा, परिणाम (2)
12. मेघ, घटा (3)
14. अत्यधिक घुंटा, कचूमर, चोखा (3)
15. नौका, आदेश पत्र (3)
17. लाकर उपस्थित करना, ले आना (2)
18. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
19. नेत्र, आंख, नयन (2)
20. तौल की एक सूक्ष्म इकाई जो एक तौला का बारहवां हिस्सा होती है (2)
22. मुग्ध होना, प्रसन्न होना (3)
25. सहानुभूति करने वाला, दुख-दर्द का साथी (4)

**ऊपर से नीचे**

1. माता दुर्गा के नामों में से एक, शारदा (4)
2. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
3. किसी का हक या अधिकार मारा जाना, स्वत्वहानि (5)
4. काबिल, योग्य (3)
5. भाग्य (अंग्रेजी)(2)
6. आसानी, सहजता, सुगमता (4)
9. संपूर्ण यात्रा का वृतांत (5)
13. आम का एक प्रकार (4)
14. नेक, शिष्ट, कल्याणकारी (2)
16. संगीत में ताल के अनुसार शरीर के अंगों को संचालित करना, नृत्य करना (3)
21. चेला, शिष्य, जॉय मुखर्जी, सायरा बानों, आई.एस.जौहर आदि की भूमिकाओं वाली सफल फिल्म (3)
23. तुरंत, जल्दी से (2)
24. आकाश, गगन, नभ, आसमान (2)

### वर्ग पहेली 5495 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रू | ण | शौ | री | ■ | प | र्थ |
| मा | ह | ■ | क | ज | रा | रा | ■ |
| न | ■ | रे | ■ | न | त | ■ | वा |
| वी | र | ■ | सु | ■ | औ | ला | द |
| य | ज | मा | न | ■ | र | म | क |
| ■ | ब | न | ने | ■ | दि | ■ | ■ |
| य | ■ | | ■ | म | न | मौ | जी |
| श | कु | नि | ■ | घा | ■ | का | जी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके काम की सराहना होगी। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे। आपके पुरूषार्थ एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सायंकाल से रात्रि का समय किसी राजनैतिक समारोह से आपको भविष्य में लाभ होगा।

### वृष
आज विवाद में हानि हो सकती है। भौतिक सुख के साधनों की वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़तापूर्वक रखने में कामयाब होंगे। रात्रि का समय सैर सपाटे तथा मौज मस्ती में व्यतीत होगा। नज़दीक की यात्रा भी सावधानीपूर्वक करें।

### मिथुन
आज नई योजनाएं बनेंगी। ऋण भार में कमी होगी। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग है। नइ विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे कि आपको नौकरी में लाभ मिलेगा और आपकी सराहना होगी।

### तुला
आज भौतिक सुख समृद्धि का प्रादुर्भाव होगा। परिवारजनों और सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। सायंकाल से रात्रि तक का समय आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यों पर व्यतीत होगा। शुभ व्यय भी हो सकता है, जिससे आपकी कीर्ति बढ़ेगी। साथ ही बिजनेस में लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज अकारण शत्रु वृद्धि और निर्मूल विवादों से छुटकारा दिलाएगा। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। कुटुम्बजनों के बीच प्रेम भाव बढ़ेगा। आज आपको काम के सिलसिले में कहीं जाना पड़ेगा।

### धनु
आज महत्वाकांक्षी प्रकृति वालो के लिए शुभ फलदायक रहेगा। पहला दिन यात्रा में लाभप्रद रहेगा। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से आपको आपके कार्य के लिए सराहना मिलेगी। साथ ही आपको रोजगार के नए अवसर भी आ सकते हैं। सायंकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अचानक अतिथि के आगमन से खर्चा बढ़ना संभव है।

### कर्क
आज अचानक किसी महान अधिकारी या नेता से मुलाकात होगी। इस मुलाकात से आपको भविष्य में लाभ मिलेगा। खान-पान पर विशेष नियंत्रण भी रखें, वरना पेट खराब हो सकता है। निकट या दूर की यात्रा का योग सायंकाल तक बनेगा।

### सिंह
आज सामाजिक शास्त्र पढ़ने में मन लगाएंगे, जिससे कि आपको इससे जुड़ा कोई काम मिलेगा और आपकी अतिरिक्त आय हो सकती है। विदेश में पढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को लाभ होगा।

### कन्या
आज नए अवसर मिलेंगे। संतान पक्ष से करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिलेगा। धार्मिक कार्यों में अधिक रूचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। काम के चक्कर में सेहत को अनदेखा न करें, वरना आपका खर्चा बढ़ सकता है।

### मकर
आज नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी, जो आगे चलकर धन लाभ कराएगी। आज आपको भाई-बहनों का सुख और सहयोग प्राप्त होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बिजनेस में कोई नई डील मिलेगी।

### कुंभ
आज लेन-देन में सावधानी बरतनी चाहिए। धन हानि की संभावना बनती नजर आ रही है। बिजनेस के मामले में आपको कोई नई डील मिल सकती है, जिससे कि आपको आगे चलकर बड़ा लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों को अच्छे वेतन की नौकरी मिल सकती है।

### मीन
आज आपको उच्चता प्रदान करेगा। धन प्राप्ति से कोष में वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा या राजनैतिक प्रतिस्पर्धा में आपको विजय प्राप्त होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय किसी मांगलिक समारोह में व्यतीत होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विष्णुदेव साय से मिले केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी



**रायपुर , एजेंसी।** राजधानी रायपुर स्थित सीएम आवास में आज केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की. मुख्यमंत्री साय ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी का अपने निवास में स्वागत किया. सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने पर चर्चा : मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की. इस दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों और राज्य सरकार के मध्य और बेहतर समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया. मुख्यमंत्री, विष्णु देव साय ने कहा कि सेल व एनएमडीसी के सीएसआर मद के कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है. नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के अधिक कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें. छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री कुमारस्वामी बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट का निरीक्षण करने के बाद आज राजधानी रायपुर पहुंचे. सेल के चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, एनएमडीसी के सीएमडी अमिताव मुखर्जी, मुख्यमंत्री और खनिज साधन विभाग के सचिव पी.दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और राहुल भगत, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता भी इस मुलाकात के दौरान मौजूद रहे.

### मणिपुर के जिरीबाम जिले में गोलीबारी

**इंफाल, एजेंसी।** पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए। मणिपुर में जिरीबाम जिले के मोंगबुंग मेइती गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मंगलवार शाम करीब सात बजे अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी की, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को मौके पर भेजा गया जिसके बाद रात करीब आठ बजे गोलीबारी बंद हुई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों से अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को सहयोग करने का आग्रह किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि गांव में पिछले कुछ दिनों में हवा में कई ड्रोन उड़ते देखे गए हैं। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए।

### हरियाणाः आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 26.82 करोड़ रुपये की शराब, मादक पदार्थ जब्त

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 16 अगस्त को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने 26.82 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, शराब और नकदी जब्त की। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

# फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे अनशन पर बैठे

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपने समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जरांगे का एक साल से अधिक की अवधि में यह छठा अनशन है। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर जालना जिले के अपने पैतृक स्थान अंतरवाली सराटी गांव में मध्य रात्रि से अनशन शुरू किया। अपने आंदोलन से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर समुदाय को जानबूझकर आरक्षण नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि मराठा अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'एक और मौका' दे रहे हैं।



उन्होंने सत्तारूढ़ दलों को चेतावनी भी दी कि यदि समुदाय की मांगें पूरी नहीं की गई तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में इसके परिणाम भुगतने होंगे। जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण दिया गया है।


जरांगे ने कहा कि वह यह भी चाहते हैं कि उनके आंदोलन के दौरान मराठा समुदाय के कई सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा, मराठा समुदाय मेरे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन सरकार जानबूझकर आरक्षण नहीं दे रही है। इसके अलावा, वे कहते हैं कि हम राजनीतिक भाषा बोल रहे हैं...मैं अब राजनीतिक भाषा नहीं बोलूंगा, लेकिन यह उप मुख्यमंत्री फडणवीस के लिए एक और मौका है।

उन्होंने कहा, मेरा समुदाय राजनीति में प्रवेश नहीं करना चाहता। सरकार को अध्यादेश पारित करना चाहिए कि मराठा और कुनबी एक ही हैं। 2004 में पारित अध्यादेश में सुधार किया जाना चाहिए। 'रक्त संबंधियों' की अधिसूचना तुरंत लागू की जानी चाहिए। जारी किए गए प्रमाण पत्रों के आधार पर जो भी इसकी मांग करता है, उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए। आंदोलनकारियों पर दर्ज मामले वापस लिए जाने चाहिए।

जरांगे ने कहा कि फडणवीस का समर्थन करने वाले नेताओं को उनसे बात करनी चाहिए। समुदाय देख रहा है कि आरक्षण कौन देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बाद में किसी भी परिणाम के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पिछले वर्ष एक सितंबर के बाद से यह उनका छठा अनिश्चितकालीन अनशन है। जरांगे ने 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) अधिसूचना के मसौदे पर सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए पूर्ववर्ती हैदराबाद और सतारा रियासतों तथा बॉम्बे प्रेसीडेंसी के दौर के गजट को लागू करने की मांग की।

उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी से (शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए) फॉर्म भरने वाले छात्रों को बिना किसी कारण के हटाया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़ों (एसईबीसी) के लिए सभी तीन विकल्प खुले रखे जाने चाहिए।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उचाना क्षेत्र में दो चौधरियों की साख दांव पर लगी



**चंडीगढ़, एजेंसी।** उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है।

हरियाणा का उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है। भाजपा ने इन दोनों चौधरियों के बीच अपने युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री को मैदान में उतारकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इसलिए राज्य की उचाना कलां सीट प्रदेश की हॉट सीट बन गई है। वजह, इस सीट पर दुष्यंत चौटाला और बीरेंद्र सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

दुष्यंत चौटाला या बृजेंद्र दोनों में से जो कोई भी हारा उसके परिवार के राजनीतिक भविष्य पर संकट गहरा सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ, भाजपा के युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री के लिए यह स्वर्णिम मौका है। देवेंद्र अत्री अगर इन दोनों दिग्गजों को हराकर जीत हासिल करने में कामयाब रहे, तो वह हरियाणा की राजनीति में एक बड़े चेहरे के रूप में स्थापित हो जाएंगे। इस सीट पर पिछले 15 साल से चौटाला परिवार और बीरेंद्र सिंह के परिवार के बीच ही मुकाबला होता रहा है। दो बार चौटाला परिवार और एक बार बीरेंद्र सिंह का परिवार यहां से चुनाव जीता है।

## महाराष्ट्र वालों की बल्ले-बल्ले, 3 रूटों पर शुरू हो गई हैं वंदे भारत

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रेल लगातार वंदे भारत ट्रेनों की संख्या में इजाफा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से महाराष्ट्र के लिए तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की हैं। इसके साथ ही राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस की कुल संख्या 11 हो गई है। भारतीय रेलवे के अनुसार, नई लॉन्च की गई ट्रेनें नागपुर-सिकंदराबाद, कोल्हापुर-पुणे और पुणे-हुबली रूट पर चलेंगी।

इन ट्रेनों की शुरुआत से पहले महाराष्ट्र में पश्चिम रेलवे और केंद्रीय रेलवे द्वारा संचालित आठ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही थीं। इन ट्रेनों में पश्चिम रेलवे मुंबई-अहमदाबाद और मुंबई-गांधीनगर रूट पर वंदे भारत को संचालित करता है, जबकि केंद्रीय रेलवे मुंबई-मडगांव, मुंबई-सोलापुर, मुंबई-साईं नगर शिरडी, मुंबई-जालना, नागपुर-रायपुर, और नागपुर-बिलासपुर रूट पर वंदे भारत ट्रेनों का संचालन करता है। अब जब नई ट्रेनें फिर से खुल गई हैं तो इन क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी यात्रियों के लिए और सुलभ हो गई हैं।

यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। पुणे से यह 2:15 बजे दोपहर को रवाना होगी और कोल्हापुर 7:40 बजे शाम को पहुंचेगी। वापसी में कोल्हापुर से यह 8:15 बजे सुबह रवाना होकर पुणे 1:30 बजे दोपहर को पहुंचेगी। इस वंदे भारत ट्रेन का पड़ाव मिराज, सांगली, किर्लोसकरवाडी, कराड, और सातार जैसे स्टेशनों पर होगा।

यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार, शनिवार और सोमवार को चलेगी। पुणे से यह 4:15 बजे शाम को रवाना होकर हुबली 11:40 बजे रात को पहुंचेगी। वापसी में हुबली से यह 5:00 बजे सुबह रवाना होकर पुणे 1:30 बजे दोपहर को पहुंचेगी। इस ट्रेन का सातार, सांगली, मिराज, बेलगावी, और धारवाड़ में स्टॉपेज होगा।

**नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेसः** यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। नागपुर से यह 5:00 बजे सुबह रवाना होकर सिकंदराबाद 12:15 बजे दोपहर को पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन सिकंदराबाद से 1:00 बजे दोपहर को रवाना होकर नागपुर 8:20 बजे रात को पहुंचेगी। सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्लारशाह, रामगुंडम, और काजीपट जैसे स्टेशनों पर पर इस ट्रेन का पड़ाव है।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नई राह में 90 मीटर जमीन बनी अड़चन, सड़क बनने से बचेगा 10 किमी का चक्कर

**नोएडा-ग्रेटर , एजेंसी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नया रास्ता बनाने के लिए हिंडन पुल को सड़क से जोड़ने का काम चल रहा है। इस सड़क को बनाने के लिए 90 मीटर जमीन नहीं मिलने परियोजना में अड़चन बन रही है। किसान ने सीधे प्राधिकरण को जमीन देने से इनकार कर दिया है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच आने-जाने के लिए अभी एक्सप्रेसवे, डीएससी रोड, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और बिसरख होते हुए मुख्य रास्ते हैं। इन सभी रास्तों पर वाहनों का दबाव काफी रहता है। इसके कारण परी चौक पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए कुछ वर्ष पहले सेक्टर-146 हिंडन पुल के जरिये नई कनेक्टिविटी देने का निर्णय लिया गया था। यह सड़क सीधे ग्रेटर नोएडा के एलजी गोलचक्कर पर मिलेगी। इसके लिए नोएडा की ओर करीब 800 मीटर सड़क बनाने का काम किया जाना है। इसमें दो कलवर्ट भी बनाए जाने शामिल हैं। इस परियोजना पर करीब 32 करोड़ रुपये का खर्च आना अनुमानित है।



प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने का काम चल रहा है। यहां करीब 200 मीटर हिस्से में मिट्टी और पत्थर डालने का काम पूरा किया जा चुका है। बीते दिनों लगातार बारिश की वजह से आगे के हिस्से में मिट्टी नहीं डाली जा सकी है। अभी तक करीब 20 प्रतिशत काम हो चुका है। इस काम को अगस्त 2025 तक पूरा करने की डेडलाइन है। इस सड़क के काम में रफ्तार मिलने में 90 मीटर जमीन अड़ंगा बन गई है। जिस हिस्से में यह सड़क बननी है, उसमें जमीन का यह टुकड़ा आड़े आ रहा है। झट्टा गांव के एक किसान की यह जमीन है। प्राधिकरण के अधिकारियों और किसान के बीच पिछले छह महीने में चार-पांच बैठक हो चुकी हैं, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। प्राधिकरण इस जमीन को सीधे बैनामा के रूप में लेना चाहता है, जबकि किसान इसके बदले दूसरी जगह जमीन और अन्य मांग कर रहा है। इस पर प्राधिकरण तैयार नहीं है।

## नोएडा में पूर्व कमांडर से पौने चार करोड़ की ठगी, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ऐंठे पैसे

**नोएडा एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर भारतीय नेवी से सेवानिवृत्त कमांडर से पौने चार करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस अब उन खातों की जांच कर रही है। यह नोएडा सेक्टर-50 की घटना है।

सेक्टर-50 के पॉम ग्रोव अपार्टमेंट निवासी दीप माथुर ने पुलिस को बताया कि बीते माह विक्रम नादर नाम के व्यक्ति ने उनसे मोबाइल पर संपर्क किया। उसने खुद को बोसा सिक्योरिटीज का रणनीतिकार बताया। विक्रम ने दीप माथुर को स्टॉक मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने के लिए उकसाया। झांसे में लेने के बाद उनको एक ग्रुप से जोड़ा गया और ऐप भी डाउनलोड करवाया गया। दीप माथुर से निवेश स्कीम के लिए प्रति माह पांच हजार रुपये बतौर सर्विस फीस की मांग की गई। इसके बाद स्टॉक मार्केट में मुनाफा कमाने के चक्कर में उन्होंने 15 बार में जालसाजों द्वारा बताए गए खाते में तीन करोड़ 73 लाख रुपये का निवेश कर दिया। इस पर करीब सात करोड़ 63 लाख रुपये का मुनाफा होता शिकायतकर्ता को दिखाया गया। जब पीड़ित ने मुनाफे समेत अपनी रकम को निकालने का प्रयास किया तो जालसाजों ने 30 लाख 70 हजार रुपये और निवेश करने का दबाव बनाया। ऐसा जब शिकायतकर्ता ने कर दिया तो उस पर फिर से निवेश करने का दबाव बनाया जाने लगा। मना करने पर ठगों ने पीड़ित से संपर्क तोड़ दिया।



## फरीदाबाद में घर के बाहर खड़ा था मासूम, पानी के टैंकर ने टक्कर मारकर 20 मीटर तक घसीटा

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद में एक दर्दनाक घटना सामने आया है। घर के बाहर खड़े एक ढाई साल के मासूम बच्चे को एक तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने टक्कर मारा और फिर 20 मीटर तक घसीटता चला गया। इस दर्दनाक हादसे में मासूम की मौत हो गई।

एसजीएम नगर की गली नंबर-10 में तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने एक ढाई साल के बच्चे को टक्कर मारते हुए करीब 20 मीटर तक घसीटा। इससे बच्चे की मौत हो गई। मासूम की पहचान सुमित के रूप में हुई है। एसजीएम नगर थाना की पुलिस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बच्चे के पिता हरिओम ने शिकायत में बताया है कि वह एसजीएम नगर स्थित गली नंबर-10 में परिवार के साथ रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में ठेके पर वाहनों में रंग-रोगन का काम करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। बेटी पूजा करीब चार साल छह महीने की है। जबकि सुमित की उम्र करीब दो साल छह महीने थी। हादसे के दौरान सुमित घर के बाहर खड़ा था। तभी गलियों में आपूर्ति करने वाला पीने के पानी का टैंकर सुमित को टक्कर मार दिया।

सुमित टैंकर के निचले भाग में फंस गया। चालक लापरवाही बरतते हुए तेज रफ्तार में सुमित को करीब 20 मीटर तक घसीटता आगे तक ले गया। यह देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया और टैंकर को रूकवा कर चालक को पकड़ लिया। इसके तुरंत बाद सुमित के टैंकर के निचले हिस्से से बाहर निकालकर बीके अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस टैंकर को जब्त कर जांच में जुटी है।मामला दर्जकर चालक दादू राम उर्फ रोहित नामक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी माफिया चोरी-छिपे बोरिंग कर रहे हैं।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने रानियां सीट पर पत्रकार सर्वमित्र कंबोज को मैदान में उतारा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा की रानियां सीट पर कांग्रेस ने काफी चौंकाने वाला प्रयोग किया है। राज्य के सिरसा जिले में आने वाली रनियां सीट पर कांग्रेस पार्टी ने दिग्गजों के मुकाबले एक पत्रकार पर दांव खेला है। पार्टी ने पत्रकार सर्वमित्र कंबोज को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा की रानियां सीट पर काफी चौंकाने वाला प्रयोग किया है। राज्य के सिरसा जिले में आने वाली रनियां सीट पर कांग्रेस पार्टी ने दिग्गजों के मुकाबले एक पत्रकार पर दांव खेला है। पार्टी ने पत्रकार सर्वमित्र कंबोज को चुनाव मैदान में उतारा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से देवीलाल के बेटे और पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के भाई रंजीत सिंह चौटाला जीते थे। इसके बाद उन्होंने बीजेपी को समर्थन दिया था। इस बार भारतीय जनता पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर रंजीत चौटाला फिर निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। पार्टी ने इस बार शिशुपाल कंबोज को उतारा है।

तो वहीं, दूसरी तरफ यूट्यूब चैनल द मसला के पत्रकार सर्वमित्र कंबोज पर कांग्रेस पार्टी ने दांव खेल दिया है। रनियां क्षेत्र के सियासी दंगल में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने अर्जुन सिंह चौटाला को उतारा है। इनेलो का बसपा से गठबंधन है। अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला रिश्ते में रंजीत चौटाला के पोते हैं। चौटाला परिवार की फैमिली फाइट के बीच बीजेपी और कांग्रेस ने कंबोज कैंडिडेट उतारे हैं। कांग्रेस ने आश्चर्यचकित करते हुए पत्रकार को उतार कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। सर्वमित्र कंबोज ने पिछले कुछ सालों में पूरे हरियाणा में द मसला यू-ट्यूब चैनल के जरिए अच्छी खासी लोकप्रियता अर्जित की है। अब देखना यह है कि सर्वमित्र कंबोज सियासत के रण में कितनी चुनौती पेश कर पाते हैं?

## गाजियाबाद में रहने वालों को राहत, हाउस टैक्स को लेकर मेयर ने किया बड़ा ऐलान

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में रहने वालों के लिए राहत की बात है। मेयर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव के बाद कहा कि अब शहर में डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स नहीं लगेगा। मेयर ने कार्यकारिणी चुनाव के बाद डीएम सर्किल रेट पर चर्चा की और फिर मेयर और पार्षदों ने डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स वसूलने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया।

दरअसल, कई पार्षदों ने मेयर सुनीता दयाल से डीएम सर्किल रेट की दर से हाउस टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव पर चर्चा करने की मांग की थी। इस पर मेयर ने अपनी सहमति जताई। इस चर्चा में पार्षदों ने डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स बढ़ाने का विरोध किया। सभी पार्षदों ने इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। मेयर ने भी टैक्स निर्धारण में गड़बड़ी बरतने का आरोप लगाया। साथ ही, नगर निगम के अधिकारियों को भी घेरा। उन्होंने कहा कि दो साल में एक बार हाउस टैक्स बढ़ाने का नियम है। इसके अनुसार ही टैक्स वसूला जाएगा। मेयर ने कहा कि जिन करदाताओं को डीएम सर्किल रेट के आधार पर हाउस टैक्स जमा करने के बिल मिले हैं, वह जमा न करें। मेयर ने बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने टैक्स का मामला रखा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यावसायिक संपत्तियों पर तय किए जा रहे टैक्स में खामियां हैं। संतोष मेडिकल अस्पताल और आरडीसी में व्यावसायिक भवन पर ज्यादा टैक्स लगना चाहिए, लेकिन दोनों जगह पर कर निर्धारण ठीक नहीं किया गया। इससे निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। मेयर ने कहा कि टैक्स की फाइलों की विशेषज्ञों से जांच कराई जाएगी। अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। शासन को अवगत कराएगा निगम = मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि शहर और निगम हित में टैक्स की दरों को श्रेणीवार बांटा है, ताकि अधिक विकसित क्षेत्रों में कर की दर नियमानुसार अधिक की जा सके। वहीं, कम विकसित क्षेत्र में टैक्स की दर कम रहे। सदन द्वारा डीएम सर्किल रेट पर जो रोक लगाई है।





**एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड:**

# हरमनप्रीत और पीआर श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं।


भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है। वहीं, पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार के लिए नामित किया है। दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और टीम को कांस्य पदक दिलाया था। कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं।

अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं, श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है।

एफआईएच ने अपनी वेबसाइट पर इस सूची को जारी करते हुए कहा-नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। इस सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराए गए थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे।

राष्ट्रीय संघों (उनकी संबंधित राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों और कोचों द्वारा प्रतिनिधित्व), प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और मीडिया के लिए मतदान प्रक्रिया 11 अक्टूबर तक जारी रहेगी। एफआईएच ने आगे कहा- विशेषज्ञ समिति के मतों को 40 प्रतिशत महत्व मिलेगा जबकि राष्ट्रीय संघो, प्रशंसकों एवं अन्य खिलाड़ियों और मीडिया के मतों को 20-20 प्रतिशत महत्व मिलेगा।

# लीजेंड्स लीग में प्रदर्शन के लिए फॉर्म में रहना जरूरी है: रैना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शीर्ष फॉर्म में रहना होता है। एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से शुरू होगा जिसमें शिखर धवन और दिनेश कार्तिक जैसे हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। रैना ने कहा कि एलएलसी काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

आप अलग अलग जगहों पर अलग अलग विकेटों पर खेल रहे हैं। इसमें कई सुपरस्टार हैं। आपको इरफान पठान, युसूफ पठान, क्रिस गेल, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा और मुझे खेलते देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि छक्का लगाने के लिये फिट होना जरूरी है। गेंदबाज को चार अच्छे ओवर डालने हैं। किसी के लिए ऐसी लीग में खेलना आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप रिटायर हुए और इसमें खेलने आ गए। अब इसके लिए भी काफी प्रतिस्पर्धा है। रैना ने इस दौरान बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर भी बात की। उन्होंने कोहली की वापसी पर बात करते हुए कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना बोले- टीम इंडिया के रोहित शानदार कप्तान हैं।

उन्होंने इसे तब साबित किया जब भारतीय टीम ने टी2ओ विश्व कप ट्रॉफी जीती। लेकिन ध्यान विराट कोहली की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी पर होगा। उन्हें टेस्ट मैच पसंद हैं और वे उन्हें बहुत सम्मान देते हैं।



# वनडे प्रारूप को अब भी फेवरेट मानते हैं एडम जंपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पिनर एडम ज़म्पा को लगता है कि वनडे क्रिकेट का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। भले ही फ्रेंचाइजी क्रिकेट में वृद्धि हुई है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अभी भी यह प्रारूप लोकप्रिय है। इस साल वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण किया जिसमें देखने को मिला कि टी20 विश्व कप के कारण वनडे विश्व कप की वैल्यू कम हो रही है। सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत ने वनडे संस्करण का समर्थन किया, जबकि 35 प्रतिशत ने टी20ई संस्करण को चुना।

ज़म्पा जोकि गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना 100वां वनडे खेलेंगे, ने इसपर कहा कि एकदिवसीय प्रारूप के बारे में बहुत सारे सवाल हैं और यह आगे कैसा दिखता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने और उस ड्राइव के संदर्भ में, मुझे लगता है कि आने वाला हर युवा अभी भी सोचता है कि यही सब कुछ है और सब कुछ है। जम्पा ने कहा कि फ्रैंचाइजी क्रिकेट के संदर्भ में स्पष्ट रूप से अन्य अवसर भी हैं और यह अच्छा है कि यह एक संतृप्त बाजार है, लेकिन ये सभी अलग-अलग प्रतियोगिताएं अन्य लोगों को अवसर देती हैं। उन्होंने अपने रुख की पुष्टि की कि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बजाय ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना उनकी प्राथमिकता है और वनडे क्रिकेट खेलते रहने की इच्छा व्यक्त की। जंपा ने कहा कि भले ही लोग बीबीएल या ब्लास्ट खेले लेकिन उनके लिए देश के लिए खेलना अभी भी प्राथमिकता है।

मुझे नहीं पता कि अगले कुछ वर्षों में क्या होगा। खास तौर पर वनडे प्रारूप के साथ लेकिन मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट अभी भी एक प्राथमिकता है। यह अच्छा प्रारूप है। मैं अब भी इसे खेलने का आनंद लेता हूं, और मुझे लगता है कि बहुत से युवा इसे अपने देश के लिए खेलने का एक अच्छा अवसर मानते हैं। बता दें कि 32 वर्षीय स्पिनर जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2021 टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में 13 विकेट लिए थे। 2023 वनडे विश्व कप में उन्होंने 23 विकेट लिए थे। जंपा ने कहा कि अपने देश के लिए खेलने और फिर भी अपने देश के लिए जीतने की भावना फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने और फ्रेंचाइजी क्रिकेट जीतने से बेहतर है।

मैंने हंड्रेड में खेला। यह अच्छा है। मुझे इसे खेलना पसंद था और अंत में जीतना एक बोनस है। लेकिन यह अलग तरह से प्रभाव डालता है, जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, जब आप विश्व कप जीतते हैं, तब भी उनमें और भी बहुत कुछ जीतने की प्रेरणा होती।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को आईपीएल 2025 सीज़न के लिए अपनी टीम का प्रमुख कोच बनाया है। इससे पहले वह पिछले सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे और दो महीने पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई थीं। जानकारी के अनुसार पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का क़रार किया है और अब वह ही अपने कोचिंग स्टाफ़ के अन्य सदस्यों का चयन करेंगे। फ़िलहाल पंजाब के कोचिंग स्टाफ़ में ट्रेवर बेलिस (मुख्य कोच), संजय बांगर (क्रिकेट सुधार प्रमुख), चार्ल लैंग्वेल्ट (तेज़ गेंदबाज़ी कोच) और सुनील जोशी (स्पिन गेंदबाज़ी कोच) हैं। अब देखना होगा कि इन्हें पोंटिंग की नई टीम में जगह मिलती है या नहीं। पंजाब किंग्स ने 2024 में 9वें स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया था। 2014 से पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई है। पोंटिंग की पहली चुनौती उन खिलाड़ियों का चयन करना होगा, जो इस साल बड़ी नीलामी से पहले रिटेन किए जाएंगे। इसके बाद बड़ी नीलामी उनकी दूसरी चुनौती होगी। शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद कप्तान का चुनाव भी पोंटिंग के लिए एक और सिरदर्द होगा।



### कुलदीप यादव पहली बार खेल सकते हैं लगातार 5 टेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 19 सितंबर से खेले जाने वाले मैच से होगी। भारत की नजरें दो टेस्ट मैच की सीरीज जीतकर घरेलू सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने पर टिकी होंगी। भारतीय क्रिकेट टीम 10 टेस्ट के सीजन की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा, जिससे उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल का दावा मजबूत बना रहे। दोनों टीमों के बीच पिछली टेस्ट सीरीज में भारत ने बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया था। चेन्नई की पिच पर भारत को दो स्पिनर्स के रूप में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ खेलने की अनुमति मिल सकती है। बीसीसीआई की घरेलू सीजन में तेज गेंदबाजों को रोटेट करने की योजना को देखते हुए 2-3 संयोजन के साथ बने रहने की संभावना है।



# 400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी



**गॉल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए।

ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है, खासकर एशिया का दौरा, जहां स्पिनर लाल गेंद वाले क्रिकेट पर हावी होने के लिए पसंदीदा हैं।

साउथी ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि हर खेल में आप बाहर जा रहे हैं और अपनी भूमिका निभाने और अपनी टीम के लिए कुछ विकेट लेने की कोशिश कर रहे हैं, और यह अच्छा होगा यदि आप उन मील के पत्थर को हासिल करते हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ, जब आप लंबी अवधि के लिए खेलते हैं, तो मुझे लगता है, आप उसके करीब पहुंचने में सक्षम होते हैं, लेकिन फिर भी 20 विकेट दूर रहने के मतलब अभी आपके सामने बहुत सारे दौरे हैं।

**कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024**

# दुनिया का सबसे भारी-भरकम क्रिकेटर ने रचा कीर्तिमान



**बारबाडोस, एजेंसी।** वेस्टइंडीज में इस समय कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 की धूम मची हुई है। वेस्टइंडीज ही नहीं दुनियाभर के क्रिकेटर इस लीग में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। इस लीग का 29 अगस्त से आगाज हुआ था जिसमें अब तक 18 मुकाबलें खेले जा चुके हैं।

17 सितंबर को बारबाडोस रॉयल्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के बीच केंसिंग्टन ओवल में एक रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसमें एक भारी भरकम गेंदबाज ने इतिहास रच दिया। ये गेंदबाज कोई और नहीं बल्कि वेस्टइंडीज के मशहूर बॉलर रहकीम कॉर्नवाल हैं जिन्होंने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है जो आज से पहले सीपीएल के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला था।

6 फुट 6 इंच लंबे और 140 किलो वजनी रहकीम कॉर्नवाल ने सीपीएल में नया कीर्तिमान बनाया।

### सीपीएल में बना नया इतिहास

दरअसल, बारबाडोस रॉयल्स के गेंदबाज रहकीम कॉर्नवाल ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की और आधी टीम को अकेले ही निपटा दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 16 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए और सीपीएल में नया इतिहास रचा। रहकीम का टी-20 क्रिकेट में ये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

रहकीम कैरेबियन प्रीमियर लीग के इतिहास में 5 विकेट चटकाने वाले दुनिया के 10वें और वेस्टइंडीज के महज चौथे गेंदबाज बन गए हैं।



# पुरुषों के बराबर होगी महिला टी:20 वर्ल्डकप की इनामी राशि

## 134 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई सचिव जय शाह के आईसीसी के चेयरमैन का पद संभालने से पहले ही बदलाव की शुरुआत हो गई है। क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीसी ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। आईसीसी ने बताया कि अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप की इनामी राशि इस साल हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के बराबर होगी। यह रकम बीते साल हुए महिला वर्ल्ड कप से दोगुनी है। इसे दोनों वर्ग के बीच समानता के तौर पर देखा जा रहा है।

महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में हारने वाली टीम भी मालामाल हो जाएगी। आईसीसी के ऐलान के मुताबिक महिला टी20 वर्ल्ड कप के उपविजेता को अब 17 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 14 करोड़ 24 लाख रुपये) दिए जाएंगे। पिछली बार उपविजेता को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब चार करोड़ 18 लाख रुपये) दिए गए थे।

आईसीसी के अनुसार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम को इस बार करीब 19 करोड़ 60 लाख रुपये मिलेंगे। बीते साल साउथ अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप जीतने पर करीब आठ करोड़ 37 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई थी। इस तरह से विजेताओं की इनामी राशि में 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## न्यूज बाइट्स

### धूमधाम से मना अनंत पूजा व विश्वकर्मा पूजा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा बाजार से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा व अनंत पूजा धूमधाम से मनाया गया। सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। पीरु रोड में हैबसपुर स्थित एक निजी आईटीआई के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर शामिल हुए। सचिव सुनील कुमार, प्राचार्य रविन्द्र कुमार सिंह ने पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि ब्रह्माजी ने इस संसार की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा ने इस संसार को सुंदर बनाने का काम किया। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म से वास्तुदेव उत्पन्न हुए। वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। भगवान विश्वकर्मा को संसार का पहला इंजीनियर व वास्तुकार माना जाता है। देवताओं के लिए बनाए अस्त्र-शस्त्र व नगर हिंदू मान्यताओं के अनुसार प्राचीन काल में देवताओं के महल व अस्त्र-शस्त्र भगवान विश्वकर्मा ने हीं बनाए थें। इसलिए इन्हें निर्माण का देवता कहा जाता है। वही अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना व अनंत भगवान के व्रत के रूप में मनाया गया। लोगों ने अनंत सूत्र धारण किया। भगवान से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। कहा गया है कि अनंत चतुर्दशी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि यह पवित्रता, दृढ़ संकल्प और जीवन में अनंत उन्नति के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है। बुधवार की शाम को धूमधाम से मूर्ति का विसर्जन किया गया।

### गणेशोत्सव के समापन पर हुआ कन्या पूजन व भंडारा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** श्री भास्कर नगर सेवा समिति द्वारा श्री रामजानकी धर्मशाला, हसपुरा में आयोजित गणपति पूजा उत्सव के उपरांत कन्या पूजन किया गया। कमिटी के अध्यक्ष पिंटू चौधरी ने बताया की विगत 10 वर्षों से गणपति उत्सव होते आ रहा है, जिसमें अंतिम दिन कन्या पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार कमिटी द्वारा दिव्यांशी, आराध्या, गायत्री, सृष्टि सहित कुल 51 कन्या व एक भैरव बाबा आशीष कुमार का पूजन किया गया। भंडारा के आयोजन में गया प्रसाद का विशेष सहयोग रहता है।मंगलवार की शाम को प्रत्येक दिन नाट्यकला व भक्ति गानों पर नृत्य करने वाले बाल कलाकारों को कमिटी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### अवैध रूप से चल रहा क्लिनिक सील, डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी फरार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** दाउदनगर में प्रशासन द्वारा एक निजी क्लिनिक को सील किया गया है। मंगलवार की शाम दाउदनगर के दाउदनगर बारुण रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महज कुछ दूरी पर स्थित एक निजी क्लिनिक को सील किया गया है। यह कार्रवाई दाउदनगर एसडीएम मनोज कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर कुमार ऋषिराज के नेतृत्व में की गई है। छापेमारी अभियान के दौरान अवैध रूप से चल रहे हैं, निजी क्लिनिक के डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मी फरार पाए गए। छापेमारी अभियान के दौरान पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान औरंगाबाद डीएम एवं सिविल सर्जन के निर्देशानुसार चलाया गया है। अवैध क्लिनिकों में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण अधिकतर मरीजों की जान चली जाती है। यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। जहां भी अवैध रूप से क्लिनिक चलने की सूचना मिल रही है। प्रशासन उसे पर तुरंत कार्रवाई कर रही है। जानकारी दें दे कि यह क्लिनिक डॉक्टर सरोज कुमार द्वारा चलाए जा रहा था। चौंकाने की बात यह है कि इस क्लिनिक के बाहर मुख्यमंत्री उद्योगी योजना अंतर्गत वित्त प्रदत सरोज रेडीमेड उद्योग का पोस्टर लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार सरोज रोहतास के नासरीगंज में भी निजी क्लिनिक चलाते हैं। छापेमारी के बाद वह सहकर्मियों के साथ फरार चल रहे हैं। प्रशासन क्लिनिक सील करने के बाद उनकी गिरफ्तारी में लगी हुई है।

---

**प्रधानमंत्री के 74वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और सैयद शाहनवाज हुसैन की उपस्थिति**

# किसान सम्मान समारोह और 'एक वृक्ष मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन







- **किसान-हितैषी नीतियों और समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण की हुई सराहना**

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बुधवार को औरंगाबाद स्थित भाजपा नेता सह वरीय व्यवसायी गोपाल शरण सिंह के स्वामित्व वाले मां मुंडेश्वरी राइस मिल के प्रांगण में विश्व के लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन के अवसर पर किसान सम्मान समारोह और 'वृक्ष मां के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में गोपाल शरण सिंह की विशेष भूमिका ने कार्यक्रम की सफलता में चार चांद लगा दिए, जिन्होंने न सिर्फ अपनी ओर से आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया, बल्कि किसानों और समाजसेवियों को प्रेरणा देने का कार्य भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने संयुक्त रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गोपाल शरण सिंह की उदार सोच और किसानों के प्रति उनके समर्पण की तारीफ करते हुए, दोनों नेताओं ने यह भी कहा कि ऐसे समर्पित समाजसेवियों का योगदान समाज को दिशा देने में अहम होता है। विशेष रूप से गोपाल शरण सिंह की किसान-हितैषी नीतियों की जमकर प्रशंसा की गई, जिन्होंने न केवल व्यवसाय क्षेत्र में अपना नाम कमाया, बल्कि किसानों की प्रगति के लिए अपने प्रयासों से समाज के हर वर्ग का दिल जीता। उनके द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में जिले के प्रगतिशील किसान कौशलेंद्र सिंह सहित कई अन्य किसानों को उपमुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मानित किया गया। यह गोपाल शरण सिंह के द्वारा किसानों के प्रति उनके गहरे सम्मान का परिचायक है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, लोजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, और हम पार्टी के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह भी शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने की और संचालन जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन युवा भाजपा नेता उज्ज्वल सिंह द्वारा किया गया।

#### जनता को परिवारवाद की राजनीति स्वीकार नहीं

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन किसान सम्मान समारोह में शामिल हुए। अपने संबोधन में दोनों नेताओं ने कहा कि अगर बिहार को तेजी से आगे बढ़ना है तो पीएम नरेंद्र मोदी तथा नीतीश कुमार को पूरी तरह से मजबूत बनाना होगा। विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए दोनों नेताओं ने कहा कि कई लोग हताश होकर सत्ता का ख्वाब पाले बैठे है, मगर उनका सपना अधूरा ही रह जायगा। उन्होंने कहा कि बिहार में राजशाही की सत्ता को वापस लाने का खेल चलाया जा रहा है, जिसे बिहार की जनता कभी भी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि राजा रानी और दो राजकुमार तथा राजकुमारी वाली सत्ता लोगों को नही चाहिए और अब जनता इस बात को लेकर पूरी तरह से जागृत है।

## परिवार के पांच लोग डूबे

**कुटुम्बा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मंगलवार की रात करीब 8 बजे एक बाइक सवार परिवार के 5 लोग बटाने नदी में बह गए। सभी देव की ओर से कुटुंबा थाना क्षेत्र के महुआ धाम की ओर जा रहे थे। नदी के पुल के पास वैकल्पिक रास्ता है। वहां से गुजरने के दौरान सभी नदीं में डूब गए। पांच लोगों में तीन को स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की सहायता से निकाल लिया गया। तीनों की स्थिति गंभीर है। मां-बेटे लापता हैं। ग्रामीणों ने कासमा थाना क्षेत्र के पखनोउर निवासी शीला देवी (45), गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव निवासी संतोष पाल और सत्यम कुमार (2) को बचा लिया। वहीं, संतोष पाल की पत्नी प्रियंका देवी और एक साल का बेटा अभ्यम कुमार लापता है। सभी एक ही परिवार के हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अंबा अंचलाधिकारी चंद्रप्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई पंकज झा, एसआई सत्येंद्र झा, एसआई औरंगजेब खां सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन में लग गए।

## भाजपाईयों ने मनाया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर-7 रामराज नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर मंगलवार को भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। साथ ही देवी मंदिर एवं हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर 74 दीप प्रज्ज्वलित कर पीएम मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने की जबकि संचालन भाजपा नेता सुनील कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि मोदी जी का संघर्ष हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का स्त्रोत है। देश हित में उनके द्वारा किया जा रहा कार्य अतुलनीय है। उनके नेतृत्व में भारत का शान बढ़ा है। वही भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि मोदी जी की हर एक सांस अपने समस्त देशवासियों के लिए समर्पित है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत समस्त क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पूरे विश्व में भारत की ताकत बढ़ी है।

## एटीएम बदलकर बैंक ग्राहक के खाते से 40 हजार की निकासी, प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद के रफीगंज में स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन के पास एटीएम कार्ड बदलकर बैंक ग्राहक के खाते से 40 हजार की निकासी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित नाइहृ गांव निवासी नागेंद्र सिंह ने स्थानीय थाना में अज्ञात को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि करीब 1:30 बजे एटीएम पैसा निकालने गये थे। एक अज्ञात व्यक्ति आया और बोला कि एटीएम से पैसा निकाल देते हैं। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने मेरे एटीएम कार्ड को धोखे से बदलकर मेरा एटीएम पिन देखकर एटीएम से 40 हजार रुपये की निकासी कर ली। इसके बाद मेरे मोबाइल पर मैसेज आने से मुझे इसकी जानकारी हुई। रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हे। आगे की कार्रवाई के लिए सीसीटीवी फुटेज की छानबीन की जा रही है।

## सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में फैकल्टी अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित, छात्रों और शिक्षकों के लिए एक नई दिशा

एसवीवी संवाददाता | (औरंगाबाद)

सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैकल्टी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जो पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से संचालित हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से स्पोकन ट्यूटोरियल, आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से किया गया, जिसमें प्रमुख रिसोर्स पर्सन के रूप में अदिति सैनी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने आईआईटी बॉम्बे द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जो दूरस्थ महाविद्यालयों के लिए उपलब्ध हैं। अदिति सैनी ने बताया कि आईआईटी बॉम्बे विभिन्न शॉर्ट टर्म कोर्स संचालित करता है, जिनमें बीए, बीएससी, बीकॉम, एमबीए, बीबीए, बीसीए, एमसीए, बायोटेक और बीएससी आईटी जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में शामिल होकर छात्र-छात्राएं अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। खास बात यह है कि इन सभी पाठ्यक्रमों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से होगा, जिससे छात्र देश के किसी भी हिस्से से इसमें भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का नियमित आयोजन किया जाएगा, जिससे शिक्षकों की प्रोफेशनल स्किल्स में सुधार हो सके। स्पोकन ट्यूटोरियल, आईआईटी बॉम्बे द्वारा स्टूडेंट डेवलपमेंट सेशन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान से लैस करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने इस कार्यक्रम के दौरान एक और महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय और आईआईटी बॉम्बे के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत महाविद्यालय के छात्र आईआईटी बॉम्बे द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। प्राचार्य ने कहा, 'यह समझौता हमारे छात्र-छात्राओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे उनके करियर को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

#### कार्यक्रम में सम्मिलित प्रमुख गणमान्य

इस कार्यक्रम का तकनीकी सहयोग प्रवीण दुबे ने प्रदान किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संतोष सुमन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई शिक्षक और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए, जिनमें डॉ. अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार, डॉ. नागेंद्र कुमार, डॉ. कंचन पटेल, डॉ. कमलेश सिंह, नीतू सिंह, डॉली कुमारी, अनूप कुमार, अंजनी कुमार, राजेंद्र बाबू, राजीव कुमार सिंह, शशि कांत कुमार, मनोज कुमार और एमडी राशिद प्रमुख रूप से उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय और आईआईटी बॉम्बे के बीच एक नया अध्याय साबित हो सकता है। यह न केवल छात्रों बल्कि शिक्षकों के लिए भी विकास और शिक्षा के नए आयाम खोलने वाला है। आईआईटी बॉम्बे के साथ जुड़कर महाविद्यालय अपने छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर है, जिससे वे तकनीकी और प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

#### एमओयू के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी

इस एमओयू के सफल क्रियान्वयन के लिए चीफ कोऑर्डिनेटर ऑफिसर बहादुर भीम कुमार सिंह की भूमिका अहम होगी। वे सुनिश्चित करेंगे कि सभी छात्रों को इस मुहिम के साथ जोड़ा जाए और उन्हें आईआईटी बॉम्बे के पाठ्यक्रमों का लाभ मिले।

## नातिन को जीवन रक्षक टीका दिलाने से पहले आया काल, सड़क हादसे में नानी की मौत

कार्यालय संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)



गोह थाना क्षेत्र में तुलसी बिगहा के पास बुधवार को दोपहर ट्रैक्टर के धक्के से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन को मौके प़र छोड़कर फरार हो गया। मृतका की पहचान गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के सिंधड़ा गांव निवासी सुरेंद्र पांडेय की पत्नी अंजू देवी(45) के रूप में की गई है। स्थानीय पुलिस ने मृतका के शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता है कि गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के सिंधड़ा निवासी अंजू देवी अपनी नातिन को जीवन रक्षक टीका दिलाने गोह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रही थी। इसी दौरान वह तुलसी बिगहा के पास ऑटो से उतरकर गोह चौक की ओर जा रही थी, तभी उपहारा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे पीछे से रौंद डाला। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए गोह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे में महिला की नातिन बाल-बाल बच गई। वही दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बताया जाता है कि अंजू देवी के पति दिल्ली की एक कंपनी में काम करते हैं। उनकी तीन बेटियां हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में हाहाकार मचा है। उनका रो रोकर बुरा हाल है।

## अधिवक्ता के निधन पर न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिक संघ औरंगाबाद में वरीय अधिवक्ता ब्रजबिहारी शर्मा के निधन पर बुधवार को एक शोकसभा आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की जबकि संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। सबसे पहले उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद योगी, पूर्व सचिव परशुराम सिंह, पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, एपीपी महेंद्र प्रसाद सिंह, एपीपी कामता प्रसाद सिंह, अवध किशोर पांडेय, सियाराम पांडेय, सिद्धार्थ, ओमप्रकाश शर्मा, क्षितिज रंजन, प्रमोद कुमार सिंह, अनील कुमार, अमित कुमार, रंधीर सिंह, विनय कुमार मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, देवन शर्मा, सतीश कुमार स्नेही, अजय कुमार, सहित अन्य मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा पूजनोत्सव पर 400 गरीब परिवारों को नए घर का उपहार




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को देवशिल्पी विश्वकर्मा पूजनोत्सव के पावन अवसर पर औरंगाबाद जिले के 400 गरीब परिवारों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई, जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत नवनिर्मित घरों की सौगात मिली। गृह स्वामिनियों ने सपरिवार इन नए घरों में विधिवत गृह प्रवेश किया, जो उनके लिए एक नए जीवन की शुरुआत के समान था। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने इस योजना के तहत लाभुकों से 100 दिनों के भीतर आवास निर्माण कार्य पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिले में इस योजना के तहत 2677 लाभुकों को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से अब तक 2600 लाभुकों के बैंक खातों में प्रथम किस्त की राशि जमा की जा चुकी है। जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी सौंपे गए। इस कार्यक्रम की एक और खासियत यह रही कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी गृह प्रवेश समारोह आयोजित किए गए।

## वाहन के साथ शराब तस्कर नहर में कूदे तो पीछे से पुलिस ने भी कूद कर शराब तस्करों को पकड़ा

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



औरंगाबाद के आबकारी महकमें की पुलिस ने बॉलीवुड स्टाइल का एक्शन दिखाया है। यह एक्शन एक्साइज पुलिस ने बुधवार को तब दिखाया जब वह छापेमारी करने औरंगाबाद के देव थाना क्षेत्र के गुजराया गांव के पास पहुंची। वहां एक्साइज डिपार्टमेंट के एंटी लिक्यूअर स्कवायड को देखते ही शराब लेकर जा रहे बाइक सवार स्मग्लर्स भागने लगे। इस दौरान स्मग्लर्स की बाइक अनियंत्रित होकर बीच नहर में जा गिरी। इस बीच तस्करों का पीछा करने के दौरान उत्पाद विभाग की स्कॉर्पियो भी नहर में जा गिरी। इसके बाद भी आबकारी पुलिस ने अपने वाहन के नहर में गिरे होने की परवाह नही की और पुलिस ने बाईक से एक बैग में रखी शराब की खेप बरामद कर ली। साथ ही दो शराब तस्करों को भी धर दबोंचा।मिली जानकारी के मुताबिक उत्पाद विभाग की टीम देव मोड़ के पास केताकी नहर के रास्ते शराब की बड़ी खेप लाए जाने की सूचना पर नहर रोड पर ही वाहनों की सघन तलाशी ले रही थी। इसी बीच केताकी की ओर से आ रही एक अपाची बाइक को पुलिस ने रोकना चाहा तो चालक बाइक मुड़ाकर तेजी से भागने लगा। बाइक को भागते देख पुलिस भी पीछा करने लगी। इस दौरान देव मोड़ से गजराया गांव तक करीब 5 किमी. दूर तक पुलिस ने शराब तस्करों का पीछा किया। पीछा करने के दौरान शराब तस्करों की बाईक के साथ ही एक्साइज पुलिस की टीम की स्कॉर्पियो भी नहर के बीच जा गिरी। इसके बावजूद पुलिस ने दो शराब तस्करों को पकड़ने के साथ ही शराब की खेप बरामद कर ली। वाकये के

## सड़क हादसा में युवक की मौत

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** औरंगाबाद में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक को राहगीरों द्वारा इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंबा औरंगाबाद पथ के भैरव बीघा गांव के पास की है। झारखंड के हरिहरगंज के निवासी विकास कुमार ने बताया कि औरंगाबाद से वह अपने साथियों के साथ घर लौट रहे थे। तभी देखा कि सड़क किनारे एक युवा के सड़क दुर्घटना में घायल होकर छटपटा रहा है। उन स्थानीय लोगों के साथ सहयोग से औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। भर्ती करवाने से कुछ देर बाद घायल युवक की मौत हो गई। मौत की पुष्टि औरंगाबाद सदर अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर आशुतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## तरक्की एनजीओ के द्वारा स्वच्छता ही सेवा के तहत चला स्वच्छता अभियान


निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



शहर के नगर पंचायत एवं तरक्की एनजीओ के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर शुभारंभ किया गया। सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मिरिख दरख़शा ने कहा की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिससे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और साफ सफाई के महत्व को समझाया गया। स्वच्छता पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारी व सफाई कर्मियों के साथ शहरवासियों को स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक का संदेश दिया गया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी शहाब यहया ने बताया कि अभी बरसात के मौसम में बिमारियाँ फैल रही है। इसलिए अपने घरों से निकले कुड़े को इधर उधर न फेंके। कूड़े को नीला डब्बा में गीला कचड़ा को हरा डब्बा में कचड़ा फेके। आसपास सफाई कर कचरे को केवल कचरा वाहन में ही डाले। शहर में सफाई रहेगी तभी शहर स्वच्छ एवं स्वस्थ रहेगा और बीमारियों से मुक्ति मिलेगा। स्वच्छता केवल एक व्यक्ति की जिम्मेवारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समुदाय की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उप चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप कुमार उर्फ कारू पूर्व उपमुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, साजिद अख्तर उर्फ टिंकू, वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद, उमेश रजक, गुलाम रसूल, सुबोध शर्मा, प्रधान सहायक पवन प्रकाश, तरक्की एनजीओ के गुलरेज इकराम, सुपरवाईजर मिथलेश कुमार,पप्पू कुमार, अनुज कुमार, भोला, जीविका दीदी सहित अन्य सफाई कर्मी शामिल थे।

## दर्दनाक सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, विरोध में सड़क जाम

निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)



गोह के तुलसी बिगहा रोड मे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में गया जिले के कोच थाना के सिंघड़ा गांव निवासी निरंजन पांडे की 50 वर्षीय पत्नी अंजू देवी की मौत हो गई। घटना तब हुई जब वह टीकाकरण कराने के बाद अपने कार्य के लिए तुलसी बिगहा जा रही थीं उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उन्हें जिंदा समझकर अस्पताल भेजा, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने जगतपति चौक पर शव रखकर सड़क जाम कर दी। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और आगजनी भी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने बुझाने की कोशिश की लेकिन लोग मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे।

## गणेशोत्सव के अंतिम दिन महाआरती में शामिल हुए पूर्व सांसद

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)



श्री रामजानकी धर्मशाला हसपुरा में दस दिवसीय श्री गणपति पूजनोत्सव के अंतिम दिन महाआरती में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह शामिल हुए। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र शर्मा, उपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। श्री भास्कर नगर सेवा समिति के अध्यक्ष पिंटू चौधरी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद ने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा कर गणपति महाराज की मंगल आरती की। लोजपा के प्रदेश सचिव विजय कुमार अकेला, पूर्व पंसस कौशल शर्मा, बैजू कुमार, डॉ. संजय कुमार, महिपाल राव चौहान, अवकाश प्राप्त शिक्षक रामजीत प्रसाद, मनोज गुप्ता, जयप्रकाश साव, भीम प्रसाद ने भी आरती की व सुख समृद्धि के लिये प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व सांसद ने समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। कहा कि हसपुरा के लोगों ने मुझे काफी दिनों के बाद याद किया। फिर भी मैं आया, क्योंकि हसपुरा की जनता से मेरा एक अद्भुत लगाव है। उन्होंने पुरानी कुछ बातों को याद करते हुए कहा कि यहां की जनता ने जब भी मुझे बुलाया या किसी तरह की मदद मांगी, मैंने यथाशक्ति सहयोग किया। उन्होंने समिति के अध्यक्ष पिंटू चौधरी, उपाध्यक्ष मुरारी केसरी, सौरभ ज्वाला, जेपी गुप्ता, रंजन कुमार, महेश गुप्ता, अभिषेक कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि हसपुरा के इन युवाओं ने भव्य पूजा का आयोजन किया है। इसका मैं तहेदिल से अभिनन्दन करता हूं। बप्पा सभी की मनोकामनाएं पूरी करें।